## गागर में सागर

### शांति समिति की बैठक में खराब सड़क की चर्चा

**सतबरवा ।** थाना परिसर में गुरुवार को मॉ दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक बीडीओ सह सीओ राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। संचालन थाना प्रभारी अमीत कुमार सोनी ने किया। मौके पर समाजसेवी मोहन जोशी व मेघराज ने बीडीओ से अपील करते हुए कहा कि सतबरवा में पाईप बिछाने को लेकर ठेकेदार के द्वारा पूरे सतबरवा का पीसीसी सड़क को तोड़ दिया है। सड़क टूटने के कारण पूरी सड़क खराब हो गयी है। जिससे आने जाने वाले ग्रामीण को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।अगर सड़क को बराबर करा दिया जाये तो परेशानी कम होगी। साथ ही पर्व के मौके पर लोगों को भारी परेशानी होगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, पूर्व मुखिया शंभू उरांव,आशिष कुमार सिंहा,अजय उरांव ,वसीम अहमद, मोहन जोशी, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, भरदुल सिंह ,मेघराज, विनय सिंह, हदीस मियां जुबैर अंसारी, हारून रशीद, अजय उरांव, सुरेंद्र प्रसाद, युगल किशोर राम, ए एस आई कौशल किशोर दुबे, राम सिंह, राकेश पाण्डे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### पूर्वी मुखिया ने चलाया स्वच्छता अभियान

**पांकी।** पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता के द्वारा गुरुवार की दोपहर पांकी पूर्वी पंचायत क्षेत्र के प्रोजेक्ट हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय के के समीप एवं श्री राम जानकी मंदिर परिसर के निकट जेसीबी मशीन के माध्यम से कई घंटे स्वच्छता अभियान चलाया गया, इस दौरान मुखिया प्रेम प्रसाद स्वयं स्थल पर पहुंचकर कचरे का निपटारा करवाया एवं लोगों से गंदगी न फैलाने हेतु अपील भी की। मुखिया प्रेम प्रसाद ने बताया कि आगामी त्यौहार दशहरा दीपावली को लेकर प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहे सहित अन्य स्थानों की साफ सफाई की जा रही है ताकि लोगों को असुविधा न हो।इस दौरान मौके पर उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, पांकी पूर्वी के उप मुखिया अनारीक राम, बबलू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### दीपक कुमार मिश्रा ने पाटन के बीडीओ का प्रभार लिया

**पाटन।** डीसी पलामू के आदेश के आलोक में उपसमाहर्ता दीपक कुमार मिश्रा ने पाटन के बीडीओ का प्रभार लिया। इन्होंने ने स्थानन्तरित बीडीओ मनोज कुमार तिवारी से प्रभार लिया। प्रभार ग्रहण के उपरांत निवर्तमान बीडीओ मनोज तिवारी के विदाई समारोह प्रखण्ड सभागार में आयोजित किया गया। निवर्तमान बीडीओ मनोज तिवारी ने यादगार ब्यक्त करते हुऐ कहा कि सभी प्रखण्ड कर्मियों के सहयोग से ही प्रखण्ड में बेहतर कार्य हुआ। कर्मियों ने समन्वय बनाकर टीम भावना से काम किया। आगे भी इसी तरह नव पदस्थापित बीडीओ को सहयोग करें। मौके पर बीपीओ, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कर्मचारी, समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### महान विभूति महाबीर प्रसाद पांडेय की मनायी गयी 13वीं पुण्यतिथि

**विश्रामपुर।** विभूति महाबीर प्रसाद पांडेय की 13वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। पुण्यतिथि के मौके पर थाना प्रभारी शशि रंजन, स्वच्छ भारत अभियान के सह संयोजक रविंदर नाथ उपाध्याय सहित स्थानीय लोगो ने उन्हें हृदय से नमन किया। स्व. महाबीर प्रसाद पांडेय को नम आंखों के बीच श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। महाबीर प्रसाद पांडेय के स्मृति व सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. पांडेय के चित्र पर माल्यार्पण कर के किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि स्व. महाबीर प्रसाद पांडेय ने विश्रामपुर मुख्यालय में कई शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करायी थी। विश्रामपुर के पूर्ण विकास हेतु कई उल्लेखनीय कार्य भी किया था।

# अवैध शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

## एक हजार जावा महुआ, 140 लीटर महुआ शराब जब्त, दो गिरफ्तार, दो फरार

### जब्त महुआ जावा, और शराब को विभागीय कार्रवाई के बाद नष्ट कर दिया जायेगा



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू उत्पाद अधीक्षक के निर्देष पर उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के अधार पर चलाए गए अभियान में अलग अलग स्थानों से करीब एक हजार किलो जावा महुआ और 140 लीटर महुआ शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान अवैध रूप महुआ शराब बनाने वाले सामनो को नष्ट किया, उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबार करने वालों के बीच में हड़कंप मचा है। इस बाबत उत्पाद विभाग के पुलिस निरिक्षक संजय कुमार ने बताया की उत्पाद विभाग के अधीक्षक को लागतार सुचना मिल रही थी की हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के मोहमदाबाद सड़क के समीप नहर के आस पास इलाकों के अलावा कामत, दंगवार सोन नदी तट पर व्यापक पैमाने पर महुआ शराब की चुलाई की जा रही है। गुप्त सूचना के बाद एक छापेमारी दल का गठन कर संबंधित स्थानों पर छापेमारी कर एक हजार लीटर जावा महुआ शराब और एक सौ चालीस लीटर महुआ शराब को जब्त किया गया। वहीं इस कारोबार में लिप्त दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। वहीं दो धंधेबाज नदी का फायदा उठाकर भगाने में सफल हो गए। उत्पाद विभाग की टीम ने सभी जब्त समानो के जब्त कर साथ ले गई। संजय कुमार ने बताया की सभी जब्त महुआ जावा, और शराब को विभागीय कार्रवाई के बाद नष्ट कर दिया जाएगा। वहीं गिरफ्तार धंधेबाजों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर मेदिनीनगर न्यायालय भेज दिया गया। संजय कुमार ने बताया की अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आभियान आगे भी जारी रहेगा।

# विधायक ने पुल, पुलिया, सड़क व कई चेकडैम की दिलाई स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** जपला नहर मोड़ से पिपरा होते हुए दुबटिया एनएच 98 तक करीब 16 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद कुछ लोग वाहवाही लेने का प्रयास कर रहे हैं। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पुल, पुलिया, सड़क और कई चेकडैम की स्वीकृति दिलाई है। उक्त बातें एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने हरिहरगंज में पत्रकार वार्ता आयोजित कर कही। उन्होंने कहा कि विधायाक ने अपने कार्यकाल में सभी प्रमुख सड़कों की स्थिति सुधारने में जुटे हैं। इस वर्ष कई सड़कों की प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने का काम किया है। कुछ का टेंडर भी हो चुका है। पीपरा क्षेत्र की होलेया से पुनपुन उद्गम स्थल होते बनाडीह तक, पीडब्ल्यूडी रोड से कलीपुर तक, कुलहिया पंचायत के लादी बादी शिकारपुर पुल, तेंदुआ से हल्का तक सड़क निर्माण, तुरी पंचायत के बटाने नदी पर अर्धनिर्मित पुल कार्य के अलावा दर्जनों सड़क पुल पुलिया के निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके अलावा अनेक गांवों में विधायक कोटा की राशि से छोटी छोटी योजनाओं पर काम हुआ है, और चल रहा है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इसी माह हुसैनाबाद क्षेत्र की सात सड़कों की जीर्णोद्धार के लिए 18 करोड़ की निविदा निकाली गयी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश उपाध्यक्ष अखलेश मेहता, हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, जनशेश्वर भुइयां, वरीय नेता संदीप पासवान, जिला सचिव अजय सिंह, अभिषेक सिंह, उदय सिंह, मंटू मेहता, जनेश्वर भुइयां, हरिवंश पासवान, चंचल सिंह, रामप्रसाद भुइयां, लखन, रामू यादव, विशाल, मिथलेश भुइयां आदि मौजूद थें।




# बिजली चोरी करते सात लोग धराये

## प्राथमिकी दर्ज, 81 हजार का लगा जुर्माना



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जेवीएनएल के अभियंताओं ने हैदरनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विशेष छापामारी अभियान चलाकर सात लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया है। उनके विरुद्ध गुरुवार की शाम हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इन पर कुल 81 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। आरोपियों में मंटू विश्वकर्मा, अरुण यादव, अरविंद यादव, ललन कुमार चौधरी, सवान अंसारी व बिगू राम शामिल हैं। इसकी जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के जेई प्रदीप कुमार सिंह ने देते हुआ बताया कि इस अभियान में उनके अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर व मनोज कुमार शामिल थे। उन्होंने बताया कि आगे भी छापामारी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपये से अधिक बकायेदारों के विरुद्ध भी कार्रवाई होगी। उन्होंने बकायेदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत देते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं के पास बिजली बिल का बकाया है, वे ऑनलाइन भुगतान या किसी भी कार्य दिवस में जपला स्थित कार्यालय में भुगतान कर सकते हैं।

### विधायक को किया गया सम्मानित

**पांकी।** गोंगो गांव में सनातन संस्कृति के रक्षक विधायक डॉक्टर शशि भूषण मेहता को सम्मानित किया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने कहा हिंदू हित की बात करेगा। वहीं देश पर राज करेगा। हर गांव मे छठ घाट, मंदिर, देवी मंडप व हिंदू धर्म की पूजा होनी चाहिए। सनातनधर्म ही संसार का मूल है। पांकी मे हिंदू के वेश मे कुछ नेता सनातनधर्म को नुकसान दे रहे हैं। बीते दिनों महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर लगाये जाने वाले तोरणद्वार का विरोध कर हिंदुओं की पिटाई की गई। गोंगो के लोगों ने सनातन धर्म की रक्षा मे काफी सराहनीय कार्य किया है। हिंदुओं को हिंदुत्व के लिए संघर्षरत रहना होगा।

# उपडाकपाल विक्रम विभागीय परीक्षा पास कर बने डाक निरीक्षक

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू प्रमंडल के जपला मुख्य डाकघर के प्रभारी उप डाकपाल विक्रम कुमार ने फरवरी 2023 में डाक निरीक्षक के लिये आयोजित विभागीय परीक्षा दिया। जिसका प्रकाशित परीक्षा परिणाम में उतीर्ण हुए। इससे उनका डाक निरीक्षक बनने का रास्ता साफ हो गया । विभाग द्वारा उन्हें शीघ्र ही डाक निरीक्षक पद पर योगदान के लिये पत्र जारी किया जायेगा । जपला मुख्य डाकघर के लिये यह गौरव की बात है। उनके इस सफलता पर डाक कर्मियों, अभिकर्ताओं एवं शुभचिंतको ने बधाई दी है, जिनमें अरविन्द कुमार ओझा, रंजीत कुमार, संतोष टुड्डू, हैदरनगर के उप डाकपाल विनोद चौधरी , श्रवण कुमार, देवेन्द्र नाथ गुप्ता डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, सुबोध कुमार कश्यप, रामकृष्ण मिश्रा संतोष ठाकुर, शशि कुमार राजेन्द्र पाल, अरुण सिंह, संजय कुमार, जपला सीएफ के उप डाकपाल सुनील सिंह, मोहम्मदगंज के उप डाकपाल रत्नेश कुमार, देवरी खुर्द के शाखा डाकपाल मनीष कुमार, अभिषेक कुमार आदि का नाम शामिल है ।

### हरिहरगंज के नये बीडीओ व सीओ ने लिया प्रभार

**हरिहरगंज।** नये बीडीओ के पद पर सहायक समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी पलामू रवि कुमार ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। यह प्रभार उन्होंने निवर्तमान बीडीओ जयप्रकाश नारायण से ग्रहण किया। वहीं निवर्तमान बीडीओ ने नये बीडीओ को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने बताया कि प्रखंड का स्वच्छ और निष्पक्ष प्रशासनिक सेवा उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं अंचल पदाधिकारी तथा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में कामेश्वर वेदीया ने पदवार ग्रहण किया।

# वुशु एसोशिएशन का गठन, कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी बने अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नावाडीह कला स्थित आरसीयू विश्वविद्यालय में खेलो इंडिया खेलो झारखंड के वुशु एसोशिएशन की बैठक हुई। बैठक में वुशु एसोसिएशन का गठन कर सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी को अध्यक्ष व डॉ. नजरुल हक को सचिव बनाया गया। साथ ही खेलो इंडिया खेलो झारखंड के राष्ट्रिय प्रशिक्षक डॉ. अज्जो सिद्धिकी के द्वारा डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी को वुशु एसोशिएशन का संबद्धता पत्र दिया गया। डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा की हमारा प्रयास होगा की वुशू मार्शल आर्ट खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक उन्हें अपना आर्ट दिखाने में 'पूरा सहयोग रहेगा, तथा समाज में बढ़ रहे अपराध को देखते हुये विद्यार्थियों को आत्माक्षा हेतु शिक्षा के साथ-साथ कराटे तथा बाक्सिंग का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, संतोष गुप्ता, राजू केशरी सहित कई लोग मौजूद थे।


## NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT
## P.O.-NETARHAT, DISTRICT-LATEHAR
(An Autonomous Institute under School Education & Literacy Deptt., Govt. of Jharkhand)

**NOTICE RE-INVITING QUOTATION**

**Enquiry No.:1712** **Dated:09.10.2023**

Netarhat Residential school is an autonomous institution under the School Education & Literacy Department, Government of Jharkhand, invites sealed quotations for the purchase of two new latest model MG Hector Sharp Pro Petrol MT(For Samiti camp Office Ranchi & Principal Office Netarhat) from reputed registered dealer of MORRIS GARRAGES. The model details are as follow:

**Model: HECTOR 1.5 PETROL MT**
**Variant: SHARP PRO**
**Colour: WHITE**

Interesed dealer may submit their quotation with all specification and detail brochure at Principal, Netarhat Awasiya Vidyalaya, PO+PS-Netarhat, Distt.-Latehar(Jharkhand)-835218 on or before dated: 14.10.2023 till 04:00 P.M.

In the case of any query, one may contact:
Dr. Prasad Paswan, Principal,Contact No.-+91-6201750198, Email id-principal.netarhat@gmail.com

Sd./- Principal
Netarhat Residential School
Cum Member Secretary Netarhat Vidyalaya Samiti

PR.NO.308929 Human Resource Developement(23-24):D


## झोलाछाप डॉक्टर के ऑपरेशन से एक महिला की मौत

# हंगामा करने पर नर्सिंग को किया गया सील



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** पलामू जिले के पाटन थाना के कुन्दरी गांव के 18 वर्षीय प्रसूता को झोला झाप चिकित्सक के द्वारा सिजेरियन ऑपरेशन के बाद मौत हो गई जब कि प्रसूता के दो नवजात बच्चे लड़का- लड़की जीवित एवं स्वस्थ्य है। झोला छाप डॉक्टर नर्सिंग होम बन्द कर फिलहाल भाग गया है। नर्सिंग होम से बोर्ड हटा लिया है। पुलिस प्रसूता के पोस्टमार्टम कराकर शव को परिवारजनों को सौप दिया है। कुन्दरी गांव के भुइया टोला के लक्ष्मण भुइयां की लड़की सरेतिया देवी पति करम भुइया फिलहाल अपने माता पिता के साथ रह रही थी। महिला की पहली प्रसव के लिये बगल के गाँव सगुना स्थित झारखण्ड नर्सिंग होम में 10 अकटुम्बर को दिखाने गई। दिखाने के बाद नर्सिंग होम के कथित झोला छाप डॉक्टर नौशाद आलम ने प्रसूता को भर्ती करने को कहा तथा भर्ती कर दिया। प्रसूता के पिता लक्ष्मण भुइया ने पाटन पुलिस को बताया है की भर्ती के उपरांत 10 अक्टूबर को देर शाम सिजेरियन ऑपरेशन कर दिया दो बच्चे का जन्म हुआ। ऑपरेशन के बाद से ही प्रसूता की ब्लीडिंग होने लगा। डॉक्टर ने ठीक होने एवं ब्लीडिंग बन्द होने के लिये बच्चे दानी की आपरेशन कर निकालने को कहकर पुनः आपरेशन कर दिया। 11 अक्टूबर को प्रसूता की हालात गम्भीर हो गई तब छोला छाप डॉक्टर ने बाहर ले जाने को कहकर मेडिकल कालेज मेदिनीनगर रेफेर कर दिया तथा साथ गया। जहाँ से रिम्स रांची रेफर कर दिया।जाने के क्रम में लातेहार के करीब प्रसूता की मौत हो गई।

### रौनियार वैश्य समाज की एकजुटता का शंखनाद

**हुसैनाबाद।** रौनियार वैश्य समाज की एक बैठक जपला मुख्य बाजार स्थित मदन प्रसाद गुप्ता के आवास पर बुधवार की शाम में आयोजित कर समाज की एकजुटता का शंखनाद किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी कन्हैया प्रसाद गुप्ता ने की। संचालन संतोष प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक में हुसैनाबाद नगर पंचायत के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में वैश्य समाज के लोगों ने भाग लिया। बैठक में समाज की एकता पर विषेष बल देते हुए समाज के कल्याणार्थ निर्णय लिया गया और संगठन को मजबूत बनाने के लिए चर्चा करते हुए कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रतिष्ठित व्यवसायी मदन प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष जेपी चौक निवासी संतोष प्रसाद गुप्ता, सूरज कुमार गुप्ता, निरंजन प्रसाद गुप्ता. जवाहिर साव गली निवासी संतोष प्रसाद गुप्ता सचिव, सह सचिव रंजन प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी पंकज कुमार गुप्ता को बनाया गया, वहीं राजकुमार गुप्ता, पुरुषोतम कुमार गुप्ता, संतोष गुप्ता, रंजीत गुप्ता, दीपक को कार्यकारणी सदस्य मनोनित किया गया।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा**

इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना सं0– 09/CEOZP/2023

जिला परिषद कार्यालय में 10KVA का Rooftop सोलर का अधिष्ठापन किया जाना है जिसके मानक दर प्राप्त करने के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ता से कोटेशन प्राप्त करने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है–

| | |
|---|---|
| विभाग | जिला परिषद का कार्यालय, पलामू। |
| विज्ञापन दाता का नाम | सचिव, जिला परिषद, पलामू। |
| निविदा/कोटेशन जमा करने की तिथि | 27.10.2023 को 2:00 बजे अपराह्न तक। |
| निविदा/कोटेशन जमा करने का स्थान | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| निविदा/कोटेशन खोलने की तिथि | 27.10.2023 को 3:00 बजे अपराह्न में। |

आपूर्ति/अधिष्ठापित की जानेवाली सामग्रियों/उपस्करों उच्च गुणवता एवं मानक का होना आवश्यक है। आपूर्ति/अधिष्ठापित की जानेवाली सामग्रियों/उपस्करों की विवरणी निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | Quoted Rate/ Unit Item | Total Amount |
|---|---|---|---|
| 1 | Rooftop Solar System 10KVA | | |

- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले बीड पर विचार नहीं किया जाएगा।
- इच्छुक आपूर्तिकर्ता उपरोक्त उपस्करों का मानक दर उपलब्ध करायेंगे फलस्वरूप उच्च गुणवता एवं न्यूनतम दर Quote करने वाले फर्म/आपूर्तिकर्ता को आवश्यक मात्रा में उपस्कर उपलब्ध कराने हेतु चयनित किया जा सकेगा।
- इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) के नियम एवं शर्तें तथा पंचायतों की सूची पलामू जिला NIC के Website- www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, पलामू

PR 308999 District (23-24)_D



## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
## (जिला भू–अर्जन शाखा)
दूरभाष सं0–8987263405 Email{dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–98**
(NH 98 कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण)

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 98) (कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–98 अन्तर्गत मौजा–सुलतानी, थाना–हरिहरगंज, थाना नं0–154
पत्रांक 675 (A) भू0अ0/ दिनांक 09.10.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सुलतानी | 84 | 58 | गै0मा0 | धान 2 | 0.000 | 1 | यज्ञशाला भवन, सुल्तानी | |
| | | | | | कुल | 0.0000 | | | |

जिला भू–अर्जन कानुनगो पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR 308917 Palamu(23-24)#D



## कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला
### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 10/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 18/10/2023 एवं 19/10/2023(अपराह्न 3.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 20/10/2023. को (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 20/10/2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– DMFT/ अनाबद्ध निधि मद

**कार्य की विवरणी**

| क0 | मद | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | DMFT मद | सारूबेडा रूगंटीटोली में पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | पालकोट | 1854200.00 | 5000.00 | 37100.00 | 3 माह |
| 2 | DMFT मद | रोकेडेगा ग्राम में पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | पालकोट | 868000.00 | 1250.00 | 17400.00 | 3 माह |
| 3 | DMFT मद | रोकेडेगा में इमली पेड के पास चुबतरा निर्माण। | पालकोट | 284100.00 | 750.00 | 5700.00 | 3 माह |
| 4 | अनाबद्ध निधि | Remaining work of Four Units Toilet, Two Units Bath Room, water Supply, Deep Boring Tube Well and Laying Paver Block, At - Rurban Mission Market Complex (Develop Balika Baal Sudhar Grih) Tirra (Silam) | गुमला | 1737700.00 | 5000.00 | 34800.00 | 3 माह |
| 5 | अनाबद्ध निधि | Construction of Boundary wall Head Room and Steel Railing, At - Rurban Mission Market Complex (Develop Balika Baal Sudhar Grih) Tirra (Silam) | गुमला | 1417000.00 | 2500.00 | 28400.00 | 3 माह |
| 6 | अनाबद्ध निधि | Laying Paver Block and Construction of Protection Wall At - Block Office Campus Gumla and S.D.O. Office Campus Gumla | गुमला | 2486400.00 | 5000.00 | 49800.00 | 3 माह |
| 7 | जायका नीति आयोग मद से प्राप्त Award राशि | Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Pithwatoli | घाघरा | 1312000.00 | 2500.00 | 26300.00 | 4 माह |
| 8 | | Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Rajawal | डुमरी | 1312000.00 | 2500.00 | 26300.00 | 4 माह |
| 9 | | Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Ratasilli | डुमरी | 1312000.00 | 2500.00 | 26300.00 | 4 माह |
| 10 | | Construction of E.G.S/I.C.D.S Center (Angan Wadi) at Purani Tati | डुमरी | 1312000.00 | 2500.00 | 26300.00 | 4 माह |

1 भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित गुमला के संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2 निविदा की अन्य शर्तें कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3 परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा एंव बैंक ड्राफ्ट निविदा के प्रकाशन की तिथि के बाद का होना अनिवार्य है।
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. सरकार के सचिव पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार, रॉची के अधिसूचना संख्या 2146(S) दिनांक 29.09.2020 के कंडिका 2(i) के आलोक में निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर अतिरिक्त जमानत की राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है:–
(1) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा
(2) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि पर 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा
6. एकरारनामा के समय एकराररित राशि का 3% एवं 10% से अधिक Below होने पर Additional Performance Security जो डाकघर के राष्ट्रीय बचत पत्र 3/5 वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक/बैंक के द्वारा निर्गत 3/5 वर्षीय फिक्स डिपोजिट(एफ.डी.) जो **District Engineer, Zila Parishad, Gumla** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (Pledged) हो लिया जायेगा शेष 5% चलता लेखा विपत्र से काटा जायेगा जो कार्य पूर्ण होने के छः माह के उपरान्त वापस किया जायेगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला।

PR 308946 Rural Development(23-24)D

### जिला स्तरीय खेलो झारखंड में एथलीटों की रही धूम, जीते मेडल

# खेल से खिलाड़ियों में होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में स्थानीय पुलिस स्टेडियम में दो दिवसीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आरंभ किया गया। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने बैलून उड़ाकर खेल समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने किया.खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। जबकि शिक्षक परशुराम तिवारी ने संचालन किया। उद्घाटन सत्र में सभी प्रखंडों के एथलीटों ने कस्तूरबा सतबरवा एवं लेस्लीगंज के बैंड पार्टी के साथ मार्च पास्ट किया। मौके पर मुख्य अतिथि डीडीसी श्री



आनंद ने कहा कि शारीरिक व मानसिक दृढ़ता के लिए खेल जरूरी है। खेल हमें सफलता में नियंत्रित रहने एवं असफलता को हैंडल करने की सीख देता है।

# चियांकी एयरपोर्ट के बाउंड्री वॉल में खर्च होंगे 98 लाख

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चियांकी एयरपोर्ट बाउंड्री वॉल एक बार फिर से तैयार किया जाएगा। अभी इसके पश्चिमी हिस्से में आधा से अधिक काम बाकी है। बाउंड्री वॉल के साथ इसके ऊपर बाड़ भी लगाए जाएंग। इन कामों पर 96 लाख 2 हजार 900 रुपये खर्च होने की उम्मीद है। इस काम के अलावा ईंट की नाली (कवर के साथ) भी तैयार होगी। इसके लिए 65 लाख 26 हजार 900 रुपये तय किए गए हैं। इन दोनों कामों के लिए भवन निर्माण विभाग, झारखंड की ओर से टेंडर नोटिस भी जारी कर दिया गया है। वेबसाइट पर 16 अक्टूबर को निविदा जारी की जाएगी। 20 अक्टूबर तक बिड जमा होंगे। 26 अक्टूबर को इसे खोला जायेगा। जिसे भी इन कार्यों का आवंटन होगा, उसे 6 महीने में निर्धारित काम को पूरा करना होगा। पलामू सांसद बीडी राम के मुताबिक



क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार लाने को पूर्व में ही क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के अंतर्गत चियांकी एयरपोर्ट को भी केंद्र ने सम्मिलित कर लिया है। पर राज्य सरकार की लापरवाही से एयरपोर्ट का भूमि अधिग्रहण का मामला लटका हुआ है। गौरतलब है कि पलामू प्रमंडल का एकमात्र चियांकी एयरपोर्ट व्यवस्थित आकार अब तक नहीं ले सका है। हालांकि इसे व्यवस्थित रूप देने को पूर्व में बाउंड्री वॉल भी करवाया गया। परिसर के अंदर जल निकासी की व्यवस्था की गई पर अलग अलग कार्यक्रमों को लेकर इसका बाउंड्री वॉल तोडा जाता रहा। इसकी मरम्मत नहीं हो पाई। इससे परिसर असुरक्षित और अव्यवस्थित बन गया है। रनवे पर मोटरसाइकिल, कार चलाते लोग दिख जाते हैं। मवेशी भी चरते दिखते हैं।

## गागर में सागर

### लाठी, डंडा व तलवार के हमले से महिला घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा छीछानी टोला में जमीनी विवाद को लेकर रमाकांत तिवारी की पत्नी पूनम तिवारी उम्र 45 वर्ष को गोतिया लक्ष्मण तिवारी के पुत्र संतोष तिवारी सहित अन्य लोगों ने लाठी डंडा और तलवार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद घायल के परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना के एएसआई अनिल कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी चिकित्सको ने पूनम देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वही इस घटना के बाद परिजनों के द्वारा घटना से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया गया है। बताया जाता है कि इन लोगों के बीच पहले भी जमीन विवाद को लेकर झगड़ा हो चुका है।

### भवन का निर्माण नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन होगा : शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार ग्राम,रबदा में झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष ने गुरूवार को अम्बेडकर नगर ग्राम रबदा स्थित आवास पर प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि अगर रबदा पंचायत मुख्यालय के मध्य में स्थित सर्वाधिक जनसंख्या वाला ग्राम रबदा को छोड़कर प्रस्तावित उच्च विद्यालय भवन का निर्माण किया गया तो आन्दोलन किया जाएगा। सबको मालूम है कि कोविड काल में स्वास्थ्य उपकेंद्रों व अस्पतालों की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अबकी बार अगर शिक्षा के साथ खिलवाड़ हुआ तो हम रबदा वासी उग्र आन्दोलन को बाध्य होंगे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने नये सीओ का किया स्वागत

**मेदिनीनगर।** सदर अंचल कार्यालय मेदिनीनगर में योगदान दिए नए सीओ अमरदीप सिंह मलहोत्रा का गुरुवार को भाजपा कार्यकताओं और सांसद प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने कहा कि भाजपा के द्वारा नए अंचल अधिकारी का पूरे सम्मान के साथ स्वागत किया गया है। साथ ही उम्मीद जताई गई है कि अंचल कार्यालय में बिचौलिए हावी नहीं होंगे। इस अवसर पर भाजपा एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह पोलपोल मंडल अध्यक्ष जवाहर चंद्रवंशी एवं कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिले में दुर्गा पूजा की तैयारियां परवान पर

# पुलिस शांति बनाये रखने की कवायद में जुटी, पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

### आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** जिले में दुर्गा पूजा की तैयारियां परवान पर है। विभिन्न क्लब, संघ व संगठन के कार्यकर्ता पंडाल व मूर्ति निर्माण के साथ साथ पूजा की अन्य तैयारियों में मशगुल हैं तो दूसरी तरफ प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को बनाये रखने की कवायदों में जुटे हैं । जिले के



लगभग सभी थानों में शांति समिति की बैठके हो चुकी है। जिसमें विधि व्यवस्था से जुड़े कई आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं। पूजा पंडालों में महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के खास इन्तेजाम किये जाने व असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों का जुगाड़ रखने पर विशेष जोर दिया गया है। खासकर अफवाहों से बचने बचाने पर अधिक बल दिया गया है।वाट्सअप ग्रुप पर पुलिस की विशेष नजर लगी हुई इसी बीच खबर मिली है कि पलामू पुलिस ने भी पूजा को लेकर अपनी कमर कस ली है।पूजा में शांति बहाल रखने के लिए पलामू पुलिस ने एक अहम फैसला लिया है। पलामू पुलिस कप्तान रिष्मा रमेशन ने सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। पलामू एसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस कर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है।कई इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। एसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर सोशल मीडिया पर निगरानी को बढ़ायी गयी है। आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सदर बीडीओ के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड मेदिनीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत का पश्चिमी सिंहभूम जिला के चाईबासा सदर प्रखंड में स्थानांतरण हो गया है। गुरुवार को बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति एवं प्रखंड कमीर्यों के द्वारा विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर आयोजित सम्मान सह विदाई समारोह में बीडीओ को शॉल, अंगवस्त्र, गुलदस्ता व बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित समिति सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ,सदस्य जतरू उरांव, श्याम उरांव, सुमित वर्मा ,इंदेश प्रजापति, फतेह अहमद ,आरजू तमन्ना, विनय त्रिपाठी, गोपाल विश्वकर्मा ,खुशबू सिंह, सभी पंचायत सेवक रोजगार सेवक एवं प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### 12 तरहसी बीआरसी में हर साल 50 लाख की हेराफेरी

# कार्रवाई के नाम पर वसूली करते हैं बीईईओ : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने तरहसी - मनातू के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) परमेश्वर साहू और तरहसी बीआरसी में अवैध रूप से कब्जा जमाए रात्रि प्रहरी आफताब आलम पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। विधायक डॉ मेहता ने बताया कि आफताब आलम मनातू का रात्रि प्रहरी है, लेकिन तरहसी बीआरसी में मालिक बनकर काम करता है। विधायक ने आरोप लगाया है कि तरहसी - मनातू प्रखंड क्षेत्र के 75 प्रतिशत विद्यालयों में एमडीएम के राशन , विद्यालय प्रबंधन की सामग्री, रंग रोगन की सामग्री, खेल कूद की सामग्री, पोशाक की खरीद, बेंच डेस्क की सामग्री, टीएलएम की सामग्री, कस्तूरबा मनातू एवं अन्य कस्तूरबा



विद्यालय में सभी प्रकार की सामग्री की आपूर्ति तरहसी बीआरसी के रात्रि प्रहरी आफताब आलम के मध्यम से एमएस निशा ट्रेड्स के द्वारा किया जाता है। मनातू प्रखंड के भीतडीहा के ग्रामीणों के शिकायत के बाद पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा भीतडीहा स्कूल के शिक्षक धनंजय यादव पर आरोप लगाया गया है कि सरकार के द्वारा विद्यालय में बेंच डेस्क खरीदने के लिए राशि आवंटन किया गया था। लेकिन विद्यालय के शिक्षक धनंजय यादव के द्वारा पैसे की निकासी कर ली गई ,लेकिन आज तक बेंच डेस्क नहीं खरीदा गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि पूरे मामले को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से शिकायत की गई मगर उनके द्वारा मामलों की लीपापोती कर दी गई।

### स्कूली बच्चों के बीच वस्त्र व पुस्तक का वितरण

**मेदिनीनगर।** शहर के शाहपुर वार्ड नंबर 33 में प्रथम वार्ड पार्षद चंचला देवी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोयल नदी किनारे स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच ड्रेस एवं पुस्तक वितरण किया। मौके पर उपस्थित चंचला देवी ने कहा सरकार की जो भी महत्वाकांक्षी योजना बच्चों के लिए आएगा हम उसे हर संभव धरातल पर उतरवाने की कोशिश करूंगी। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं यदि बच्चों के नाम पर सरकार हमें पैसा देती है तो हमे उस पैसे को बच्चों पर ही खर्च करना चाहिए। ताकि जो गरीब बच्चे हैं उन्हें पढ़ने में सहयोग मिल सके।

### एसपी के आदेश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिश्मा रमेशन के आदेश पर शहर के छह मुहान चौक के पास ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया वाहन चालकों को पकड़ कर उनके कागजात की जांच की गयी। जांच के उपरांत जिन वाहन का कागजात सही नहीं पाया गया उसे फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा दिया गया है।वही वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं।लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना कागजात और हेलमेट के वाहन चला रहे हैं।उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान जितने भी वाहन पकड़े गए हैं सभी को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पहले दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता था।ताकि लोग अगले बार से हेलमेट पहनकर बाइक चलाएंगे।परंतु लोग समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में ट्रिपल लोडिंग और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

### महिला ने युवक की बीच सड़क पर की जमकर पिटाई

**मेदिनीनगर।** पलामू छतरपुर मेन रोड पर मंगलवार शाम को अचानक एक महिला ने युवक की बीच सड़क पर जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद महिला ने उसे स्थानीय थाने को सुपुर्द कर दिया। महिला ने बताया कि उसके पिता ने कुछ साल पहले हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ शादी कर दी थी। इस शादी से उसे दो बच्चे भी हुए थे। इस बीच तीन साल पहले छतरपुर थाना क्षेत्र के एक युवक के साथ प्रेम संबंध हो गया था। उसने मुझे झांसा देकर हुसैनाबाद के गजना धाम में ले जाकर शादी रचा ली और अपने साथ मुंबई लेकर चला गया। वहां करीब दो साल तक साथ रखने पर प्रेमी युवक ने उसे छतरपुर लाकर छोड़ दिया। उसके बाद से वह अकेली रह रही थी। महिला ने आगे बताया कि पति अब मुझे साथ रखना नहीं चाहता है और उसने दूसरी शादी कर ली है। किसी तरह उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया। महिला ने बताया कि दूसरी शादी करने के कारण प्रेमी पति उसे साथ नहीं रखना चाहता है, जबकि हमनें उसके लिए पहले पति व मायके वालों को छोड़ दिया। फिलहाल, महिला अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर में काम कर गुजर-बसर करती है। थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि महिला द्वारा कुछ महीने पहले थाना में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। कुछ दिन पहले ही वह जमानत पर छूट कर घर आया है। अब मामला न्यायालय में लंबित है। ऐसे में किसी प्रकार की कार्रवाई करना उचित नहीं है।

### मनोहर लोहिया की मनी 56वीं पुण्यतिथि

**मेदिनीनगर।।** पलामू बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में महान समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया की 56वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की व संचालन संजय कुमार ने किया । मौके पर कहा गया कि डॉक्टर लोहिया का 1942 ई में भारत छोड़ो आंदोलन में अहम भूमिका थी। इस अवसर पर श्याम पाठक ,सी मनोज कुमार, प्रदुम्मन तिवारी, प्रदीप राम, प्रभात कुमार ,दीपक कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे

### सितंबर के राशन का उठाव 29 अक्टूबर तक कर सकेंगे कार्डधारी

# सभी पीडीएस डीलर पूजा के पूर्व राशन वितरण करना सुनिश्चित करें : डीएसओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य सरकार ने दुर्गा पूजा को देखते हुए राशन कार्डधारियों को बडी राहत दी है। आपूर्ति विभाग ने सितंबर माह का खाद्यान वितरण के लिए 29 अक्टूबर तक अवधि विस्तार किया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने बताया कि वर्तमान में सितम्बर और अक्टूबर का एनएफएसए के तहत खाद्यान्न का वितरण जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के माध्यम से किया जा रहा है,जिसका ऑप्शन पूरा अक्टूबर महीने तक है। सभी लाभुक अपने पीडीएस डीलर से संपर्क कर सितंबर और अक्टूबर माह का खाद्यान्न का उठाव कर सकेंगे। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जिले के सभी पीडीएस डिलरों को निदेशित किया है कि लाभुकों को सितंबर और अक्टूबर माह का राशन वितरण करेंगे।उन्होंने सभी डीलरों को राशन का वितरण पूजा के पूर्व करने की बात कही है, ताकि सभी लाभुकों को त्यौहार मनाने में कोई कठिनाई न हो।यदि विक्रेताओं द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतने और किसी भी प्रकार की शिकायतें प्राप्त होती है तो जांच के पश्चात उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### डाल्टनगंज में नहीं रुकेगी पगली पैसेंजर ट्रेन

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज होकर गढ़वा रोड से बिहार जाने वाली गाड़ी संख्या 03341 बरकाकाना-डेहरी ऑन सोन पैसेंजर स्पेशल और 03342 डेहरी ऑन सोन-बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में बदलाव किया गया है। 12 अक्टूबर को गाड़ी संख्या 03342 डेहरी ऑन सोन-बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल पूरी तरह रद्द रहेगी। इस दिन गाड़ी संख्या 03341 बरकाकाना-डेहरी ऑन सोन पैसेंजर स्पेशल का परिचालन बरवाडीह तक होगा। जिसके बाद से दोनों गाड़ियों का परिचालन 20 अक्टूबर तक बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन रद्द रहेगा।पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत कोसिआरा स्टेशन पर चल रहे एनआईकार्य के कारण रेल विभाग द्वारा 20 अक्तूबर तक इन दो ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। डाल्टनगंज से होकर गुजरने वाली गाड़ी संख्या 03341 बरकाकाना-डेहरी ऑन सोन पैसेंजर स्पेशलका परिचालन बरवाडीह स्टेशन तक ही होगा।

# पगली ट्रेन से पलामू का है गहरा नाता, विलंब व समय से है लगाव

**स्वीटी कुमारी**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन जो रोज आती जाती है। उसे यात्रीगण प्यार से पगली ट्रेन कह कर पुकारते हैं। यह सुनकर आश्चर्य हुआ होगा। यह यात्री इस ट्रेन को पगली ट्रेन सिर्फ इसलिए कहते हैं कि महीने के 30 दिनों में ना तो यह सही समय पर आती है और ना ही समय पर जाती है। यानी इस अप ट्रेन का समय जो 11:51 दिन का है। वह उक्त समय पर नहीं आती है। यह कभी एक घंटा लेट होती है तो कभी 2 घंटे लेट हो जाती हैं। यही हाल इस डाउन यात्रा की है। वक्त से काफी लेट चलती है। अब यह सवाल है कि यात्रीगण किस ट्रेन को पगली ट्रेन कहते हैं। बरकाकाना से डेहरी ऑन सोन अगर यह बरका काना से चलकर डाल्टनगंज जाती है तो इस ट्रेन का नंबर है। 03341 अप और यही ट्रेन जब डेहरी ऑन से



से चलकर डाल्टनगंज स्टेशन पहुंचती है।तो इस ट्रेन का नंबर हो जाता है 03342 डाउन। यह पूछे जाने पर की यात्रीगण इस ट्रेन को आखिर पगली ट्रेन कब से कह रहे हैं। क्यों कह रहे हैं? तो एक रेल अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि यह ट्रेन का सिर्फ एक रैक था । यह पगली ट्रेन बहुत दिनों तक लोगों को परेशान करती रही। क्योंकि इस ट्रेन का एक ही रैक था। इस रेल यात्री ने कहा लोग आज भी इसे पगली ट्रेन कहते हैं। लेकिन उन्हें खुशी होगी यह जानकर कि अब इस ट्रेन के दो रैक हैं। यानी बरका काना से चल कर जो डेहरी ऑन सोन पहुंची वहां वह रूकती है और डेहरी ऑन सोन में लगी हुई । दूसरी रैक बरकाकाना के लिए रवाना होती है। इससे यह पता चलता है यदि बरका काना से डेहरी ऑन सोन जाने वाली ट्रेन लेट हो भी गई है। तो यह ट्रेन डेहरी ऑन सोन से बरका काना वहां के मौजूद रैक के रहने के कारण सही समय पर रवाना होती है। एक प्रश्न के उत्तर में क्या यह पगली ट्रेन अब बिल्कुल सही समय पर आ रही है। जा रही है। तो उस रेल अधिकारी ने बताया कि जितना पहले लंबा विलंब होता था। वह अब नहीं हो रहा है। यदि बरका काना में डेहरी ऑन सोन से चलने वाली ट्रेन लेट पहुंची तो वहां पर लगी हुई इसी नंबर की एक रैक मौजूद रहती है। जो सही समय पर बरकाकाना से रवाना होती है।

## कार्रवाई

### फर्जी चालान पर खनिज ढो रहे दो हाईवा जब्त, प्राथमिकी दर्ज

# फर्जी चालान बनाना गंभीर अपराध : उपायुक्त

### सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ कर बनाया गया था फर्जी चलान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर रोक को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक मे जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार द्वारा कार्रवाई लगातार जारी है।डीएमओ ने सरकारी दस्तावेज से छेड़छाड़ करके फर्जी चालान बना कर पत्थर चिप्स ले जा रहे दो हाइवा मालिक एवं चालक पर हरिहरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी है। बताया गया है कि उपायुक्त के निर्देश के आलोक में हरिहरगंज चेकनाका के पास अंचलाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी द्वारा वाहन चेकिंग अभियान







चलाया जा रहा था।इसी दौरान वाहन संख्या जेएच 02 एटी-1843 एवं वाहन संख्या जेएच 03 क्यू-0562 पर पत्थर चिप्स ले जाते पाया गया।जिसके बाद प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी ने वाहन चालक से कागजात देखा तो शक हुआ, जिसके बाद हाइवा को चिप्स समेत जप्त कर थाने में लाया गया। इसके पश्चात अंचलाधिकारी ने जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दी । डीएमओ द्वारा जेम्स पोर्टल पर जांच किया गया तो पाया कि ई-परिवहन चलान 25 दिन पूर्व का है,जबकि वाहन संख्या जेएच 03क्यू-0562 द्वारा उपलब्ध कराया गया चलान पूर्ण रूप से फर्जी था। जिस पर डीएमओ ने अविलंब कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक एवं चालक के खिलाफ हरिहरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस बाबत उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकारी दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ कर फर्जी चलान बनाना गंभीर अपराध है।उन्होंने कहा कि फर्जी चालान बनाने वालों की जांच की जा रही है एवं इस कार्य में संलिप्त व्यक्ति किसी भी कीमत पर बख्सें नहीं जायेंगे।

# पुलिस लाइन से 10 दिनों के अंदर कार्यालय खाली करने का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन से मोटर वैकिल इंस्पेक्टर (एमवीआई) के कार्यालय को हटाने का आदेश जारी हो गया है। पलामू पुलिस ने जिला परिवहन पदाधिकारी को पत्र लिखकर एमवीआई कार्यालय को 10 दिनों के अंदर खाली करने को कहा है। पलामू पुलिस लाइन के मैगजीन के पास एमवीआई कार्यालय संचालित होने से सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे थे। जिसके बाद पुलिस की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन में एमवीआई कार्यालय संचालित है। एमवीआई का यह कार्यालय पुलिस लाइन के मैगजीन रूम के बगल में स्थित है। इसकी सुरक्षा





को लेकर पलामू पुलिस ने एमवीआई को पत्र लिखकर कार्यालय खाली करने को कहा। यह पत्र पलामू पुलिस द्वारा 10 अक्टूबर को लिखा गया है, जिसका ज्ञापांक संख्या 3039 है। पलामू पुलिस द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि एमवीआई का कर्यालय पलामू पुलिस लाइन कोत (मैगजीन) के पास है। मैगजीन के अगल-बगल आम लोगों का आना-जाना सही नहीं है।

## गागर में सागर

### सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा हुई



**मेराल।** पश्चिमी पंचायत के सामुदायिक भवन में गुरुवार को आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति द्वारा वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अथिति बीडीओ जागो महतो, प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया राम सागर महतो, उर्मिला देवी, हरेंद्र चौधरी, बीपीएम पिंकी सिंह आदि संयुक्त रूप से की। बीडीओ ने कहा कि जेएसएलपीएस द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को जोड़कर एक प्लेटफार्म देते हुए समूह के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही बैंक द्वारा सीसीएल पैसा एवं जीएसएलपीएस द्वारा सीआईएफ से लेकर महिलाएं अपना रोजगार कर रही हैं। इससे घर परिवार का पालन पोषण करने में काफी मदद हो रही है। कहा कि महिलाओं द्वारा दहेज प्रथा के खिलाफ भी जागरूकता फैलाई जाए। प्रमुख ने कहा कि जीएसएलपीएस की महिलाएं बहुत ही लग्न एवं निष्ठापूर्वक कार्य कर रहीं हैं। महिलाओं द्वारा नियमित बैठक करने से आर्थिक व सामाजिक सुधार किया जा सकता है। जीएसएलपीएस के माध्यम से महिलाएं फूलों झानो आशीर्वाद योजना से जुड़कर अपने रोजगार को बढ़ा रही हैं। वहीं झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक प्रीतम चक्रवर्ती ने कहा कि जीएसएलपीएस की महिलाएं समूह के माध्यम से सीसीएल के तहत लोन ले रही हैं, समय अनुसार अपने लोन को जमा करें। बीडीओ ने वार्षिक आमसभा में उपस्थित महिलाओं के बीच अच्छे कार्य के लिए पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम में बीपीएम पिंकी सिंह, धर्मेंद्र कुमार जिलानी अंसारी, समीना खातून, उषा कुमारी आदि शामिल थे।

### हाथियों ने छह पशुओं को किया घायल



**चिनिया।** थाना क्षेत्र के राजबास एवं खुरी गांव में जंगली हाथियों ने बुधवार की रात्रि जमकर उत्पात मचाया। कई किसानों के धान एवं मकई की फसलों को नुकसान पहुंचाया। वहीं खुरी के फुलहारा टोले में 6 मवेशियों को हाथियों ने पटक कर घायल कर दिया। जिन किसानों के फसलों को नुकसान हुआ है उनमें फुलहरा टोल के नंदू चौधरी, जगनारायण चौधरी, मुन्नी चौधरी, विजय चौधरी, उमेश चौधरी शामिल हैं। वहीं विनोद चौधरी के दो पशु, विजय चौधरी के एक पशु, मुन्नी चौधरी के एक पशु, जीरा देवी के एक पशु, सूर्य देव चौधरी के एक पशु को घायल कर दिया। वहीं राजबास के मुनीब कुमार साहू व सुमन देवी की फसलों को भी क्षति पहुंचाई गई। वन विभाग के प्रभारी वनपाल ने बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार सभी पीड़ितों को मुआवजा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने क्षेत्र से जंगली हाथियों को भगाने की मांग की है।

### केतार में अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के बी मोड़ के समीप गुरुवार की देर शाम अनियंत्रित होकर एक ट्रैक्टर पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच गया। चालक ने बताया कि गम्हरिया गांव के ईंट भट्ठा से ईंट लेकर भवनाथपुर थाना क्षेत्र के पंडरिया गांव जा रहा था। इसी क्रम में बी मोड़ के समीप चीरघुटा घाटी में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की जानकारी के बाद एसआई कुंदन बैठा घटनास्थल पर पहुंच कर ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गये।

### केतार बाजार में दुर्गा पूजा कमेटी भंग

**केतार।** केतार बाजार में दुर्गा पूजा मनाने हेतु कुछ दिन पूर्व कमेटी गठित किया गया था। कमेटी गठन को लेकर के शुरू से ही आपसी तालमेल नहीं होने के कारण बीच में मारपीट हो गई। इसको लेकर बुधवार की रात्रि में पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार को दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष, गौतम पाल को सचिव गोलू कमलापुरी को उप सचिव, ओंकार कमलापुरी को कोषाध्यक्ष, योगेंद्र प्रसाद और रामश्रय कमलापुरी, माना जायसवाल को संरक्षक बनाया गया है। वहीं कुमार सूर्या, शिवम कमलापुरी, प्रिंस कुमार, रोहित पटेल, भारत प्रसाद, दिलीप कुमार गुप्ता, ओम कमलापुरी, मधुसूदन कमलापुरी, धीरू कमलापुरी, राहुल कमलापुरी सहित अन्य लोगों को सदस्य बनाया गया है।

### अपने आवास पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मंत्री ने जनता को सचेत करने की हिदायत देते हुए कहा

# भाजपा की सरकार बनी तो ग्रामीणों को जीनी पड़ेगी गुलामी की जिंदगी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास स्थित सभागार में गुरुवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन के रीढ़ होते हैं। जब तक कार्यकर्ता मजबूत, सजग एवं समर्पित नहीं होंगे तब तक बेहतर संगठन की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों को जनता को बतायें। साथ ही उन्हें इसका लाभ दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में 10-10 चापाकल लगाये जाने हैं। इसके लिए पंचायत कमेटी, मुखिया ग्रामीण जनता के साथ बैठक कर स्थल चयन करें। जनता जिस स्थान पर चाहेगी वहीं पर चापाकल लगवायें। साथ ही डीलर की बेईमानी पर भी पैनी नजर रखें ताकि जनता को पूरा लाभ मिल सके।

मंत्री ने कहा कि जनता को यह अच्छी तरह से समझायें कि केंद्र सरकार जिस तरह से तुगलकी फरमान जारी कर रही है उससे आने वाले समय में यदि किसी भी तरह भाजपा की सरकार बन गई तो ग्रामीणों को गुलामी भरी जिंदगी जीनी पड़ेगी। उनका चलना, रहना, जीना सब मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग झूठ भी इतनी सफाई से बोलते हैं कि वह सच जैसा प्रतीत होता है। इस तरह का झूठ बोलने के लिए उनकी पार्टी में ट्रेनिंग दी जाती है। उनके पास झूठ को सच साबित करने वाले हजारों लोगों की टीम है।

मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार फूट डालो शासन करो की नीति अपनाती है। हिंदू, मुस्लिम की बात करती है। भाई-भाई को लड़ाती है। यह सब जानकारी ग्रामीणों को निश्चित रूप से दें। मंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति जिंदगी भर बालू चोरी किया, वह दूसरे पर बालू चोरी करने का आरोप लगाता है। जनता जिन्हें चुनकर जनप्रतिनिधि बनाती है वे लोग जनता को ही पैरों तले रौंदते हैं, परंतु मैं जनता का सेवक हूं। जनता की अदालत पर मुझे पूरा भरोसा है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, मुखिया शरीफ अंसारी, फुजैल अहमद, विकास सिंह कुशवाहा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव चंदा देवी, मेराल प्रमुख दीपमाला, कामेश्वर चौधरी, संजय चंद्रवंशी, नारद तिवारी, शहंशाह अंसारी, सुरेंद्र यादव उपस्थित थे।



# शांतिपूर्ण तरीके से लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न कराने का निर्देश

### डीसी और एसपी ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों व यज्ञ समिति के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

उपायुक्त शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बुधवार को यहां श्री बंशीधर नगर थाना में प्रशासनिक एवं पुलिस अफसरों व यज्ञ समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पाल्हे जतपुरा में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान दोनों अधिकारियों ने प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न कराने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने पीएचईडी, बिजली, स्वास्थ्य, सड़क, परिवहन, नगर पंचायत समेत कई विभागों की बारी-बारी से समीक्षा की तथा पदाधिकारी को यज्ञ में आवश्यक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ श्री बंशीधर नगर गढ़वा जिले के लिये ऐतिहासिक है। इसे शांतिपूर्ण तरीके से सफल करना हम सभी की जिम्मेवारी है। डीसी ने कहा कि यज्ञ में व्यवस्था में कोई कमी ना हो ना ही आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसपर विशेष रूप से ख्याल रखने का निर्देश दिया। उन्होंने यज्ञ समिति के लोगों से पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर यज्ञ सफल बनाने की अपील की। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने पुलिस पदाधिकारियों को यज्ञ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को पूरी तन्मयता के साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस यज्ञ समिति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिये तत्पर है। बैठक में एसी पंकज सिंह, डीएलओ, डीटीओ, एसडीपीओ प्रमोद केसरी, बीडीओ श्रवण राम, सीओ अरुण मुंडा, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार चौधरी, नगर प्रबंधक रवि कुमार,यज्ञ समिति के संरक्षक शारदा महेश प्रताप देव, सचिव अनीश शुक्ला, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, शैलेश चौबे, लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे, उप सचिव राकेश चौबे, विक्रांत सिंह समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।



## 'पंडालों-विसर्जन में करें गाइडलाइन का पालन

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**



नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी सैलेश कुमार के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत होने वाले सभी दुर्गा पूजा पंडाल कमेटी के अध्यक्षों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इसमें सभी दुर्गा पूजा पंडालों में और प्रतिमा विसर्जन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गढ़वा उपायुक्त शेखर अजमूवार की ओर से जारी गाइडलाइन के बारे में बताते हुए कहा गया कि पूजा पंडाल में चार डीजे बॉक्स और प्रतिमा विसर्जन में डीजे कम साउंड यानी 75 डेसीबल के अंतर्गत बजाया जाए, जिससे लोगों को परेशानी ना हो। पूजा पंडाल बनाते समय सूती वस्त्र का उपयोग करें। दुर्गा पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए, श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान पूजा अर्चना व दर्शन करने के लिए एक महिला एवं पुरुष का बैरेकेडिंग किया जाए, पूजा पंडाल सुरक्षित स्थान पर बनाया जाए ताकि वाहनों को आवागमन में परेशानी ना हो। पूजा के दौरान अग्निशामक यंत्र, बालू, पानी और कूड़ेदान की समुचित की जाए। साथ ही हर एक पूजा पंडाल के अध्यक्ष एक आवेदन के पांच वोलेंटियर्स यानी निगरानी सदस्य की सूची नगर पंचायत कार्यालय को सौंपेंगे, जिनका आईडी कार्ड नगर पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा या खुद भी बनवा सकते हैं। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी के समक्ष पूजा पंडाल कमिटी के अध्यक्षों ने तत्काल जरूरी समस्याओं से अवगत कराया। इसको लेकर कार्यपालक शैलेश कुमार ने स्वक्षता प्रभारी राकेश कुमार को अविलंब समस्या को ठीक करने का आदेश दिया। साथ ही शैलेश कुमार ने अध्यक्षों से कहा कि किसी भी तरह की कोई दिक्कत हो तो सूचित करें।

## पाचाडुमर के इकलौते सरकारी घाट से बालू की बिक्री हुई शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



केतार थाना क्षेत्र के पाचाडुमर गांव स्थित जेएसएमडीसी के द्वारा संचालित इकलौता सरकारी बालू घाट गुरुवार से चालू हो गया। बालू घाट पिछले एक महीने से बंद था। इसके कारण प्रखंड क्षेत्र में सरकारी तथा गैर सरकारी निर्माण में बालू के किल्लतों के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। यहां गुरुवार की शाम जय हनुमान कंस्ट्रक्शन के द्वारा तीन हाईवा तथा तीन ट्रैक्टर बालू की बिक्री की गई। इसकी जानकारी देते हुये बालू घाट प्रभारी संजय पांडे ने बताया कि चालान फेल हो जाने के कारण बालू घाट के भंडारण स्थल से बालू कि बिक्री बंद हो गई थी। चालान बन जाने के बाद अब परमिट कटने लगा तथा बालू की बिक्री शुरू हो गई है।

उन्होंने बताया कि जेएसएमडीसी के बेवसाइट पर जाकर बालू की खरीदी की जा सकती है। वहीं दूसरी ओर यहां बालू खरीदने वाले ग्राहकों को समस्या हो रही है उक्त साइट से कुछ ही मिनट के लिये बालू की बुकिंग होती है और साईट बंद हो जाता है। इसके कारण बड़े-बड़े कंस्ट्रक्शन के द्वारा पहले ही बालू की बुकिंग कर ली जाती है तथा उसे ऊंचे दामों पर बाहर में बिक्री की जाती है। इससे स्थानीय लोगों को बालू मिलने में परेशानी होती है।

## पंप पर मिलावटी पेट्रोल देने का आरोप

### उपभोक्ताओं ने अपना गुस्सा नोजलमैन पर निकाला, कुछ का पैसा किया वापस

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**



भवनाथपुर टाउनशिप मार्ग में दुल्हर स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पंप पर बुधवार की दोपहर में मिलावटी पेट्रोल देने का आरोप लगाते हुए उपभोक्ताओं ने दो घंटे तक हंगामा किया। इस दौरान उपभोक्ताओं ने अपना गुस्सा नोजल मैन पर निकला। हंगामा को देखते हुए करीब एक दर्जन लोगों का पैसा संचालक द्वारा वापस किया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को रेलवे साइडिंग स्थित इंडियन आयल के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने पहुंचे ग्राहकों को डीजल मिला हुआ पेट्रोल मिला। उक्त पेट्रोल पंप से 15 से 20 लोगों ने गाड़ी में पेट्रोल लिया। पेट्रोल लेने के बाद 100 मीटर दूर जाने पर सभी गाड़ियां बंद हो गईं। तब उपभोक्ताओं को लगा कि पेट्रोल में कुछ मिलावट है। सभी लोग पेट्रोल पंप पहुंचकर हंगामा शुरू किया और पैसा वापस करने की मांग करने लगे। चपरी निवासी सत्येंद्र राम ने बताया बुधवार को रेलवे साइडिंग स्थित इंडियन आयल के पेट्रोल पंप पर 210 रुपे का पेट्रोल लिया थ। पेट्रोल लेने के बाद कुछ दूर जाने पर गाड़ी बंद हो गई, तो गाड़ी की टंकी से बोतल में पेट्रोल निकला तो उसमें डीजल जैसा तरल पदार्थ दिखाई दिया। तब जाकर पेट्रोल पंप पर नोजल मैन से कहा कि इसमें मिलावट है। सहयोगी शिक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हमने भी 110 रुपये का पेट्रोल लिया था और हमारी गाड़ी भी बंद हो गई। इसी तरह 15 से 20 लोगों ने पेट्रोल लिया था और सबके साथ यही हाल हुआ। दर्जनों लोग पेट्रोल पंप पर पहुंचकर हंगामा किया और पैसे की मांग की। हालांकि कुछ लोगों का पैसा वापस किया गया, तब जाकर हंगामा शांत हुआ। नोजल मैन उपेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम को टैंकर आया था उसी में गड़बड़ी होगी। टंकी पर मिलावट करने की बात नहीं है। संचालक झुमरी निवासी राजू बैठा ने बताया मंगलवार को इंडिया आयल कंपनी का रांची से एक टैंकर तेल आया था, जिसमें 8 हजार लीटर पेट्रोल तथा 4 हजार लीटर डीजल था। कंपनी के लोगों को उसकी जानकारी दी तो बताया गया कि पेट्रोल में इथनॉल की मात्रा अधिक होने के कारण ऐसा हुआ है, जिसे गुरुवार तक कंपनी के लोग पहुंच कर सुधार कर देंगे। हालांकि उक्त पेट्रोल पंप पर पूर्व में भी गड़बड़ तेल मिलने की शिकायत आई है। इस घटना के बाद से उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है।

### श्रद्धांजलि | डॉ. राम मनोहर लोहिया की 56वीं पुण्यतिथि पर समारोह का आयोजन

# 'डॉ. लोहिया के विचारों से ही होगा परिवर्तन'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**




भवनाथपुर मोड़ पर डॉ. राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के तत्वावधान में लोहिया की 56वीं पुण्यतिथि पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अधिवक्ता सह भाजपा पलामू के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवनाथ अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पुस्तकालय सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. राजाराम महतो ने कहा कि डॉ. लोहिया के विचारों से ही परिवर्तन होगा। देश, राज्य व समाज के विकास के लिये डॉ. लोहिया के विचारों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि डॉ. लोहिया के जीवनी पर आधारित किताब बने तथा उनकी जीवनी को डिग्री तक की कक्षाओं में पढ़ाया जाय। उन्होंने सरकार से डॉ. लोहिया को भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने कहा कि पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी एक सच्चे समाजवादी नेता हैं, जिन्होंने डॉ. लोहिया की आदमकद प्रतिमा लगवाई। राज्य सरकार इस कार्य के लिये उन्हें सम्मानित करे।

मंच के सचिव विजय कुमार केशरी ने कहा कि डॉ. लोहिया कट्टर सिद्धांतवादी, जुल्म, अत्याचार के घोर विरोधी, चिंतक, लेखक व समाजवादी क्रांतिकारी नेता थे। उन्होंने लोगों से उनके विचारों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामचंद्र केशरी ने कहा कि प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर समाजवादी नेता, देश में गैर कांग्रेसी सरकार के प्रबल समर्थक और महान अर्थशास्त्री डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनके बताये मार्गों पर चलने की शपथ लेता हूं। मंच के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह को शिवधारी राम, कन्हैया चौबे, माणिक राम, सूरज कुमार गुप्ता, मथुरा राम आदि ने संबोधित किया। मौके पर वरिष्ठभ ाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, कार्यपालक पदाधिकारी अमरेश चौधरी, विजय केशरी, मानिक राम, रवि प्रकाश उर्फ बबलू, नसीर अंसारी, धीरज जायसवाल, मूंगा साह, कृष्णा विश्वकर्मा, सलीम अंसारी, सीताराम जायसवाल, सोबराती खान, नंदकिशोर प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद, कमलेश कुमार, जयदुन राम, इस्माईल अंसारी, दीपक ठाकुर, मुन्ना प्रसाद, अरुण कुमार, सुनील कुमार, मो नईम खलीफा आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने प्रखंड के कई सरकारी संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

### संबंधित लोगों को सुधार लाने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड के नवनियुक्त बीडीओ राहुल कुमार सानू ने गुरुवार को जरही पंचायत के बाजार टोला प्राथमिक विद्यालय, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय जरही, पंचायत सचिवालय जरही के साथ-साथ मनरेगा की योजना के अलावा जरही के प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे बीडीओ की नजर सबसे पहले जमीन पर बैठकर पढ़ाई कर रहे वर्ग एक व दो के छात्रों पर पड़ी। कक्ष में बिजली की व्यवस्था और पंखा नहीं देख काफी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शिक्षकों को फटकार लगाते हुए अविलंब बेंच व डेस्क की खरीदारी करने का निर्देश दिया। वहीं मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की भी पड़ताल की गई। छात्राओं ने मीनू के अनुसार भोजन मिलने की बात बीडीओ से कही। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में बीडीओ सभी तरह की व्यवस्था देखकर संतुष्ट हुए। पंचायत सचिवालय भवन में बीडीओ ने भारत नेट के साथ पंचायत सचिवालय में संचालित प्रज्ञा केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस बीच उनके द्वारा भारत नेट के बारे में रोजगार सेवक और पंचायत के मुखिया महेंद्र चौधरी से जानकारी हासिल की गई। वहीं प्रज्ञा केंद्र के बारे में आधार कार्ड बनाने को लेकर पंचायत सचिवालय पहुंचे पंचायत के कई ग्रामीणों से उसके बारे में उन्होंने जानकारी प्राप्त की। इसके बाद बीडीओ ने सड़क के किनारे मनरेगा की योजना का निरीक्षण किया। बागवानी में पेड़ों का घेराव नहीं होने पर उन्होंने रोजगार सेवक को भी जमकर फटकार लगाई और कहा कि अविलंब सभी पेड़ों का घेराव हो जाना चाहिए। इससे पहले उनके द्वारा उक्त गांव के प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र की जांच की गई, जहां ताला लटका हुआ देख उन्होंने प्रखंड की चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी से टेलिफोनिक जानकारी हासिल की। इस बीच उनके द्वारा स्वास्थ्य पदाधिकारी को व्यवस्था में व्यापक सुधार लाने की बात कही गई। उसके बाद प्रखंड कार्यालय पहुंचे बीडीओ ने कार्यालय के कई पदाधिकारियों व कर्मियों के कार्यालयों का निरीक्षण किया। कई पदाधिकारी अनुपस्थित तो कई पदाधिकारी के कार्यालय में लटका हुआ ताला दिखाई दिया। इस संबंध में बीडीओ ने उनसे टेलिफोनिक जानकारी ली। कार्यालय पहुंचने पर सभी को अपने कक्ष में बुलाकर बीडीओ ने फटकार लगाई। साथ ही सभी को नियत समय पर कार्यालय आने की सख्त चेतावनी दी।

## गागर में सागर

### दुष्कर्म के अरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र की एक नाबालिक से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के आवेदन पर पोस्को एक्ट के तहत प्राथमिक की दर्ज कर त्वरीत कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक चेतलाल रविदास के पुत्र रॉकी कुमार रविदास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाने में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि करमा पूजा के दिन रात्रि करीब 11 बजे रात पीडित्रता अपने घर जा रही थी। इसी क्रम में आरोपी ने पड़कर दुष्कर्म किया। वहीं पुलिस पीड़िता का न्यायालय में बयान दर्ज कराने व मेडीकल जांच कराने के आब अग्रेतर कार्रवाई के लिए पीड़िता को सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### खाना खाने को लेकर दो गुटों में झड़प

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के लुब्धिया गांव में बुधवार देर शाम खाना खाने को लेकर दो गुटों में झड़प हो गई। जिसमें दोनों गुटों से कई लोग चोटिल हो गए। इस बाबत गांव के विनोद यादव ने मारपीट की प्राथमिक की दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में गांव के ही पांच छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। दूसरे पक्ष से भी प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क किनारे पलटा शकरकंद लदा ट्रक

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-चांपी-लोहरदगा मार्ग पर डेढ़टंगवा घाटी में एक बारह चक्का ट्रक ब्रेक फेल होने की वजह से सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना में चालक बिनोद कुमार व उप चालक नीरज कुमार दोनों फतेहपुर यूपी निवासी को मामूली चोटें आईं हैं। जानकारी के अनुसार ट्रक भरनो (गुमला) से शकरकंद लोड कर बनारस को जा रहा था। इसी दौरान डेढ़टंगवा घाटी में ट्रक का ब्रेक फेल हो गया, जिसके कारण ट्रक असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया।

### आंदोलनकरी रांची महाजुटान को रवाना

**बरवाडीह।** रांची में झारखंड आंदोलनकारी का अपनी मांगों के समर्थन में आयोजित महाजुटान कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गुरुवार को झारखंड आंदोलनकारी के केंद्रीय सचिव अली हसन अंसारी के नेतृत्व में 200 से अधिक कार्यकर्ता रांची के लिए रवाना में हुए। अंसारी ने बताया झारखंड आंदोलन कारीसंघर्ष मोर्चा के सभी को सदस्यों को उचित मान सम्मान, नियोजन पेंशन लागू करने, आंदोलनकारी सदस्यों का चिन्हितिकरण कार्य को अविलंब पूरा करने, सभी सदस्यों की जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने, सभी सदस्यों को 50-50000 सम्मान राशि देने समेत अन्य मांगों को लेकर मांगों उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर वीरेंद्र ठाकुर, राकेश अग्रवाल, मूटकूम राम, दीनानाथ राम, संतोष कुमार, ललन तुरी मौजूद थे।

### वन अधिकार समिति का किया गठन

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत बसिया पंचायत के पिंडारकोम सामुदायिक भवन में ग्राम प्रधान रामकुमार यादव की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें अबुआ वीर दिशोम अभियान 2023 के क्रियान्वयन तथा वन अधिकार समिति का पुनर्गठन के संदर्भ में 15 ग्रामीणों का वन समिति सदस्य के रूप में चयन किया गया। इसमें मनोज यादव, गंगेश्वर यादव, सोमन यादव, सुरेश यादव, मनोज राम, मनोज यादव, सुरेंद्र यादव, उपेंद्र यादव, प्रयाग गंझू, उमेश राम, मो ओसमा, कांति देवी, गीता देवी, ललिता देवी, फूलमती देवी शामिल हैं। मौके पर रोजगार सदस्य आजाद कुमार वर्मा, उप मुखिया जितेंद्र यादव, पंसस पति रामप्रवेश राम, प्रदीप यादव, परदेशी राम, संतोष यादव, शोभन यादव मौजूद रहे।

### थाने में की गई शांति समिति की बैठक

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना परिसर में थाना प्रभारी बंधन भगत की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें आगामी त्योहारों के लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कई प्रकार के दिशा निर्देश दिये गये। कहा गया कि दशहरा का त्योहार आने वाला है। सरकार से जो निर्देश प्राप्त हैं उसी आधार पर त्योहार मनाना है। आयोजन स्थलों पर समिति के लोग सीसीटीवी लगाएं ताकि हर एक बात की जानकारी प्राप्त हो सके। सोशल मीडिया में किसी तरह की भ्रामक खबर फैलाई जाती है तो इसकी सूचना तत्काल थाना को दें। भ्रामक खबर फैलाने वालों पर पुलिस विधि सम्मत कार्रवाई करेगी।

### चंदवा में कांग्रेस की जनसुनवाई 14 को

**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार में अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। जनसुनवाई में जरमुंडी विधायक सह कृषि पशुपालन मत्स्य एंव सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के मंत्री बादल पत्रलेख के साथ साथ जिले के वरीय पदाधिकारी शिरकत करेंगे।

### शांति समिति की बैठक आज होगी

**चंदवा।** आगामी दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था संधारण के लिए शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस आशय की जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलु कुमार ने दी। बैठक में सभी पूजा समिति के सदस्य, समाजसेवी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि से शामिल होने का आग्रह किया गया।

### 21 अक्टूबर तक देखने को मिलेगा फटाफट क्रिकेट, प्रतिदिन होंगे दो मैच

# लातेहार टी-20 लीग का आगाज

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित लातेहार टी-20 प्रीमियर लीग 2023 का आगाज गुरुवार को जिला खेल स्टेडियम में किया गया। उद्घाटन मैच लातेहार जांबाज तथा लातेहार रॉयल्स के बीच खेला गया। लीग में 6 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतिदिन दो मैचों का आयोजन होगा। उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्षा पूनम देवी, विशिष्ट अतिथि जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल तथा सीतामणी तिर्की आदि मौजूद रहे। संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने संघ की उपलब्धियों तथा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।



इस मौके पर पूनम देवी ने कहा कि लातेहार जिला क्रिकेट संघ जिले में क्रिकेट के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहा है। इसी का परिणाम है कि लातेहार जिला राज्य में अपना तथा जिले का नाम रौशन कर रहा है। सुरेंद्र कुमार ने कहा कि खेल में भी बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने संघ तथा जिला प्रशासन से खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देने की बात कही। संजीत कुमार ने बताया कि लातेहार में खेल के क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है इन्हें तराशने की। अगर सुविधा मिले तो यहां के खिलाड़ी आगे जाकर बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा कि अब लातेहार में भी अच्छा क्रिकेट देखने को मिलता है। यहां के खिलाड़ी राज्य स्तर का क्रिकेट खेल रहे हैं। सीतामणी तिर्की ने कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल भावना से खेलें तथा अपना भविष्य बनाएं।

मौके पर भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष जय कुमार सिंह, संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, संघ के उपाध्यक्ष अनिल सिंह, पूर्व सहायक अभियंता कमलेश शुक्ला, हेमंत सिंह, मनमोहन राम, आलोक रंजन, रमेश कुमार गुप्ता, नीरज कुमार सिन्हा, संतोष पांडेय, संघ के उपाध्यक्ष विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, संयुक्त सचिव जावेद अख्तर, सदस्य दिलीप कुमार, शैलेश कुमार, लाल आशीष नाथ शहदेव आदि उपस्थित थे।

# प्राक्कलन के विरुद्ध हो रहा है नल जल योजना का काम : मनोज चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

झामुमो नेता सह प्रखंड बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने प्रखंड क्षेत्र में चल रहे केंद्र सरकार की नल जल योजना में ठेकेदारों के द्वारा प्राक्कलन के विरुद्ध काम करने का आरोप लगाया है।



मनोज चौधरी ने कहा कि नल जल योजना का काम करवा रहे ठेकेदार मनमानी पर उतर आए हैं। कई पंचायतों से शिकायत मिल रही है कि पुराने चापानल के बोरवेल में ही सोलर जलमीनार खड़ा कर दिया जा रहा है, इसे खड़ा करने के लिए खोदे गए गड्ढे में प्राक्कलन विरुद्ध काम करते हुए आठ से दस एमएम छड़ का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही निम्न स्तर के मसाले से आधार तैयार किया जा रहा है। जल मीनार का स्ट्रक्चर भी कम वजन का लगाया जा रहा है। कई जगहों पर कार्य में लापरवाही बरतने के कारण नल व पाइप से पानी रिसता रहता है जिससे प्रत्येक दिन सैकड़ों लीटर पानी की बबार्दी हो रही है। इस तरह से लगाई गई सोलर जल नल योजना समय से पहले ही धराशायी हो जाएगी। कई क्षेत्रों से यह भी शिकायत मिली है कि विभाग के कर्मियों की मिलीभगत से निजी बाउंड्री के अंदर भी जल मीनार लगाया गया है जिसकी जांच होनी चाहिये। उन्होंने आगे कहा कि अगर ठेकेदारों द्वारा जल नल योजना में अनियमितता बरतने से संबंधित मामले की जांच नहीं की जाती है तो इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जायेगा। उपरोक्त बाबत विभाग के कनीय अभियंता सुनील कुमार कहते हैं कि आरोप गलत है काम सही तरह से किया जा रहा है।

# शांति समिति की बैठक में दुर्गा पूजा को लेकर दिए दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा(चतरा)**



दशहरा पर्व को लेकर गुरुवार को टंडवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ राम नारायण खलको व संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने की। इस दौरान दशहरा पर्व शांतिपूर्ण मनाने को लेकर पूजा समिति के सभी अनुज्ञप्ति व गैर-अनुज्ञप्ति धारकों से पूजा व कार्यक्रम से संबंधित बारी-बारी जानकारी ली गई। वहीं इंस्पेक्टर श्री सिंह ने लोगों से सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने यथा पूजा पंडालों में सीसीटीवी, अग्निशामक यंत्र, अनुभवी मिस्त्री से बिजली वायरिंग, महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग गैलेरी बनाने समेत कई दिशा निर्देश दिये। सांस्कृतिक आयोजनों में फूहड़ता से बचने की नसीहत देते हुवे उन्होंने बगैर सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लिये कार्यक्रम का आयोजन नहीं करने की बातें कही। दूसरी ओर पूजा समिति द्वारा कम से कम दस-दस वालेंटियर को रखने, मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने, ड्रेस कोड का अनुपालन समेत कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर अंचलाधिकारी राजेंद्र कुमार दास, एनटीपीसी एचआर महाप्रबंधक धीरज गुप्ता व अभिषेक आनंद समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

# लोहरदगा बना अंतर जिला हॉकी का विजेता

**नीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के मोरवाई पंचायत के झरना में चल रहे कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो स्मृति हॉकी टूर्नामेंट का समापन समारोह गुरुवार को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, बीस सूत्री उपाध्यक्ष रंजीत राजू, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, काग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, कांग्रेस नेता गोपाल त्रिपाठी, कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे।



फाइनल मैच में निर्धारित 20-20 मिनट के खेल में दोनों टीमों ने एक भी गोल नहीं कर पाया। इसके बाद हुए पेनल्टी शूट आउट में लोहरदगा की टीम ने बढनिया को एक गोल से हरा कर अंतर जिला हॉकी खिताब पर कब्जा जमा लिया। विजय बहादुर सिंह ने दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को जर्सी एवं हॉकी किट देकर प्रोत्साहित किया। अंत में अतिथियों ने विजेता टीम व उप विजेता टीम को कप, मेडल आदि देकर वहीं कोबरा जवान शनि कुमार ने लोहरदगा के गोलकीपर को बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनी ओर से नकद पुरस्कार दिया। मौके पर अभिषेक श्रीवास्तव, पेतृस बोदरा, आलोक डोडरॉय, गब्रिएल डोड़राय, अंकित बोदरा, अमृत डोड़राय, सुजीत गुप्ता, सिरनुस चम्पिया, जुस्टिन बोदरा, सिलास डोड़राय, एग्नेस बोदरा, विमल बोदरा, मसीह डोड़राय आदि मौजूद थे।

### मासीलॉन्ग को हराकर आरा टीम बनी चैंपियन

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत संचालित मगध संघमित्रा क्षेत्र के सीएसआर फंड द्वारा देवलगड्डा बिरसा मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच आरा बनाम मासीलॉन्ग के बीच खेला गया। इसमें हार-जीत का फैसला पेनल्टी शूटआउट में हुआ। आरा की टीम ने मासीलॉन्ग को हराकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। इस मौके पर संघमित्रा क्षेत्र के मगध माइंस के महाप्रबंधक नीरेंद्रनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर सरधु राहम, गणेशपुर पंचायत के मुखिया, यूनियन लीडर, मगध सीसीएल के अधिकारी, कर्मचारी एवं आयोजन समिति के साथ-साथ काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मेन रोड पर शौचालय का पानी बह रहा, लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

शहर के एनएच-75 पर पोचरा मोड़ के पास सड़कों में नाली व शौचालय का गंदा पानी बह रहा है। इससे लोग खासे परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुहल्ले के कुछ लोगों के द्वारा घर के नाली और शौचालय का गंदा पानी में सड़क पर बहाया जा रहा है। मना करने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है। इसे लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत नगर पंचायत के अधिकारियों से कई बार की है, बावजूद इसके आज तक इस समस्या के समाधान को लेकर नगर पंचायत के द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि सड़क पर जब भी गाड़ियां गुजरती है तो गंदे पानी का छींटा लोगों को पड़ता है।त्योहारों का मौसम चल रहा है। ऐसे में लोगों को और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन से समस्या का समाधान कराने का आग्रह किया है।

# महिला की जेठ ने की हत्या, आरोपी को किया गिरफ्तार

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के अक्सी पंचायत के ग्राम तंबोली में एक महिला की जेठ ने हत्या कर दी। इस संबंध में ग्रामीणों की ओर से सूचना दिए जाने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज कर आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक सुशीला देवी पति स्व. पुरनदेव खेरवार जेठ के साथ रिलेशनशिप में रह रही थी। पूर्व में भी जेठ द्वारा महिला के साथ मारपीट की जाती थी। मंगलवार को मृतक महिला दोपहर को घर के बाहर बैठी हुई थी। इस दौरान जेठ घर पर आये और घर के अंदर चलने की बात कही। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी होने पर जेठ ने महिला की कमर पर एक लात मारी, जिससे वह चापाकल के पक्का फर्स से वह टकरा गई और चेहरे व सिर में काफी चोट आई। दूसरे दिन बुधवार दोपहर महिला शौच के लिए बाहर निकली तो खेत पर गिरने से उसकी मौत हो गई।

# निवर्ततान बीडीओ को विदाई, नए का योगदान

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा(चतरा)**

जिले के कुंदा प्रखंड में नए बीडीओ के रूप में विपिन कुमार भारती ने निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार से गुरुवार को प्रभारी बीडीओ के रूप में प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नए प्रभारी बीडीओ का स्वागत जहां बुके व गुलदस्ता देकर किया गया, वही स्थानांतरित बीडीओ कुमार को माला पहनाकर व छात्रों ने चरण स्पर्श कर भावपूर्ण विदाई दी। स्थानीय लोगों ने पुराने बीडीओ के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा की कुंदा में पहले ऐसे पहले बीडीओ हुए जिन्होंने प्रशासनिक कार्यों के साथ जेनरल कंपटीशन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर इच्छुक छात्रों के लिए शिक्षक बनकर, प्रशासनिक कार्यों को करने के बाद बाकी बचे समय में आर्थिक रूप से कमजोर इच्छुक छात्रों को निःशुल्क कोचिंग दी।




बीडीओ पूर्व में एक शिक्षक थे, ऐसे में बीडीओ बनने के बाद भी शिक्षक के कर्तव्य को नहीं भूले। कुमार का कहना है कि आदर्श समाज निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि शिक्षक ही वह व्यक्ति है जो छात्र के व्यक्तित्व का विकास कर उसमें अच्छे मूल्यों और आदर्शों को विकसित करता है, जिससे कि वो आगे चलकर देश का श्रेष्ठ नागरिक बनें और देश की उन्नति एवं विकास में अपना योगदान दे सकें। समारोह में प्रमुख कमला देवी, मुखिया मनोज साहू, सिक्कीदाग मुखिया अनीता यादव, बौधाडीह मुखिया अनीता देवी, नवादा मुखिया भारत यादव, मरगड्डा मुखिया उपेन्द्र पासवान, समाजसेवी अम्बिका सिंह भोक्ता, पृथ्वी गंझू, अखलेश यादव, बिनोद साव, मनरेगा बीपीओ अजय सिन्हा, समेत सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, बीएफटी, स्वयं सेवक आदि शामिल थे।

**बैठक** पुलिस अधीक्षक व अपर समाहर्त्ता ने की राजस्व संग्रहण व अवैध उत्खनन की रोकथाम की समीक्षा

# राजस्व संग्रहण के प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन व अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल के द्वारा राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, वाद निबंधन एवं अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गई। इसमें सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन एवं प्रगति प्रतिवेदन की बिंदूवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।




जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास द्वारा बताया गया कि बिना वैध ई परिवहन चलान को लेकर पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में परियोजनाओं के द्वारा जो प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं उनमें आमप्राली परियोजना के द्वारा सूचित किया गया है कि प्रासंगिक मामले में संलिप्त 6 वाहनों, ट्रांसपोटर्स शकील अहमद एवं लिफ्टर मानदेव कुमार महतो को ठसंबासपेजमक कर दिया गया है। जिले के खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स एवं अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स द्वारा जिलान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। जांच के क्रम में अवैध मामले पाए जाने पर अवैध खननकर्ता के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। सितंबर माह में जिला खनन कार्यालय द्वारा कुल 6 वाहन 580 सीएफटी बालू 5 पर प्राथमिकी दर्ज, 3 वाहन 1900 सीएफटी स्टोन, 2 वाहन 40 टन कोयला जब्त किया गया है। पुलिस विभाग चतरा द्वारा 2 वाहन 48 टन कोयला, चार वाहन 200 सीएफटी बालू कुल 17 वाहन एवं 11 लाख 6 हजार 600 रुपया की वसूली की गई है। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 में एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक 135 मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। 265 वाहन जप्त किया गया था। 16 लाख 34 हजार 500 रुपया की वसूली की गई थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सितंबर माह तक 42 मामले में प्राथमिकी दर्ज, 115 वाहन जब्त, 21 लाख 86 हजार 342 रुपये की वसूली की गई है। वित्तीय वर्ष 23- 24 में जप्त किए गए 33 वाहनों में राजसात हेतु उपायुक्त के न्यायालय में अधियाचना किया गया है। जिले में स्थित पत्थर खनन पट्टा की मापी कर पट्टा धारक द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक पत्थर का निष्कासन किए जाने पर कुल 6 करोड़ 88 लाख की वसूली की गई है। अभी तक इस वित्तीय वर्ष में 323 करोड़ 89 लाख की राजस्व की वसूली की जा चुकी है। अपर समाहर्ता ने खनन विभाग, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, उत्पाद विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अभी तक लक्ष्य के विरूद्ध किये गये राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया कि दिसंबर माह तक राजस्व संग्रहण के प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें।

अंचल की समीक्षा में म्यूटेशन, सक्सेसन म्यूटेशन, जीएम लैंड सर्वे रिर्पोट, भू-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, वाद, कर-संग्रहण, संदेहात्मक जमाबंदी के अभिलेख का सुनवाई समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की गई। अभियान मोड में लंबित वाद का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एसडीओ सिमरिया सुधीर दास, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बिनीता कुमारी, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी समेत परियोजनाओं के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बीडीओ ने की प्रखंड और मनरेगा कर्मियों संग बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को बीडीओ हरिनाथ महतो ने प्रखंड व मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान उपस्थित पंचायत सचिव व मनरेगा कर्मियों से प्रखंड में मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए बीडीओ ने पूर्ण हो चुके दीदीबाडी योजनाओं का स्थल का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन के बाद एक सप्ताह के अंदर अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया। वहीं पंचायत सचिव को प्रखंड में संचालित योजनाओं पर कई दिशा निर्देश दिए।

बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह, सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनीय अभियंता सचिन दत्त शर्मा, पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय, उज्जवल सिंह, रोजगार सेवक निर्मल दांगी, सत्येंद्र कुमार वर्मा, पार्वती कुमारी, शालिनी भारती, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### वॉलीबॉल टीम के खिलाड़ी सम्मानित



**लोहरदगा।** एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज में गुरुवार को समारोह आयोजित कर कॉलेज की नेशनल वॉलीबॉल टीम को सम्मानित किया गया। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के चांपा में आयोजित अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कॉलेज की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था। सम्मान समारोह में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल और सचिव अजय प्रसाद के द्वारा टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट करके सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली वॉलीबॉल की टीम में सुजल बाखला, पुनीत उरांव, रोशन रवि, चरणजीत उरांव, रेहान फजल, प्रियांशु उरांव, निखिल भगत, हरीश उरांव, निशित उरांव, जितेश उरांव, अजीत भगत एवं टीम मैनेजर आचार्य रितेश कुमार पाठक शामिल थे।

### घर के सामने खड़े ऑटो में लगी आग

**कुडू।** सलगी में घर के सामने खड़ा ऑटो को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जलाकर कर राख कर दिया गया।



ऑटो मालिक प्रदीप साहू पिता जयनाथ साहू सलगी पंचायत निवासी का है। प्रदीप साहू ऑटो चलाकर अपने घर परिवार का भरण पोषण करते हैं। बताया कि दिन भर गाड़ी चलाने के बाद शाम को गाड़ी अपने घर के सामने खड़ा करके रात को घर में आराम करने गए। इस दौरान घर के सामने खड़े ऑटो को किसी अज्ञात आदमी ने रात्रि लगभग 12 बजे आग के हवाले कर दिया। जब तक प्रदीप साहू गाड़ी में आग लगने पर आवाज सुनी तब तक पूरी गाड़ी में आग लग चुकी था। इस संबंध में भुक्तभोगी प्रदीप साहू ने कुडू थाना में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### ट्रेन के आगे कूद महिला ने की आत्महत्या

**लोहरदगा।** लोहरदगा रांची फेरा लेने वाली यात्री मेमू ट्रेन के आगे छलांग लगाकर महिला ने आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार सुबह लगभग 10:30 बजे की है। समाचार लिखे जाने तक महिला के शव की पहचान नहीं हो सकी थी। सदर थानेदार अनिल उरांव ने इस संदर्भ में बताया कि मृतक महिला लगभग 45 वर्ष की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पटरी के किनारे वह लंबे समय से खड़ी थी। भक्सो इरगांव के बीच रेलवे पोल न 15-16 के निकट ट्रेन के सामने आते ही छलांग लगा दी। मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

### हजारीबाग घटना के विरोध में पुतला दहन

**लोहरदगा।** पिछले दिनों हजारीबाग में शौर्य जागरण रथ यात्रा लौटते समय कुछ लोगों के द्वारा पत्थरबाजी की घटना के विरोध में गुरुवार को लोहरदगा में पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा किया गया। मौके परबजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार, विश्व हिंदू परिषद प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, बजरंग दल सह संयोजक लवकेश राय, अशोक कसकर, विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष प्रमोद प्रजापति चंदन गोप, सुभाष सिंह, दीक्षांत आर्य, विक्की साहू, अमित कुमार, लवकेश यादव, जितेंद्र दीपक साहू, कार्तिक तमेडा, मोहित कुमार, विक्की कुमार, अभिषेक ठाकुर, सत्य कुमार, राजकुमार साहू, अमीर चंद्र अग्रवाल, जय गोविंद प्रसाद, धनंजय अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### लकड़ी माफिया बेखौफ हो कर रहे तस्करी

**लोहरदगा।** लोहरदगा में लकड़ी माफिया बेखौफ होकर धड़ल्ले से लकड़ी तस्करी कर रहे हैं और इस काम में उनकी मदद कोई और नहीं बल्कि विभाग का ही एक आदमी कर रहा है। वन प्रमंडल क्षेत्र के सुदूरवर्ती वन क्षेत्र से लकड़ी की तस्करी बड़े पौमने पर जारी है। वही बताया जाता है कि बेखौफ होकर लकड़ी माफिया अंधेरे का फायदा उठाते हुए वन कर्मियों के इशारे पर लकड़ी तस्करी करते हैं। वन प्रमंडल के अंदरखाने से एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें यह बोला जा रहा है कि हमलोग का रात भर पहरा जारी रहेगा, जिसे अवैध लकड़ी भोर में लकड़ी लेकर निकल जाने का इशारा किया जा रहा है। आखिर ऑडियो में कौन किससे बात कर रहा है। इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही है। इस संदर्भ में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि चालक प्रदीप कुमार द्वारा मोबाइल से लकड़ी माफियाओं के बीच कथित वार्ता का ऑडियो क्लिप सार्वजनिक होने की शिकायत मिली है। मामले पर जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपी चालक के विरुद्ध सीधी कार्रवाई होगी। वहीं सूत्रों के मुताबिक बता दें कि वन विभाग के चालक प्रदीप कुमार से लकड़ी माफिया का बातचीत हो रही है, जिसमें 4 बजे अहले सुबह लकड़ी ले जाने की बात कही जा रही है। वन सुंदरीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये वन विभाग प्रत्येक वर्ष करोड़ो रुपये खर्च कर लोहरदगा वन प्रमंडल क्षेत्र में पौधारोपण कार्य के साथ सुरक्षा योजना चला रही है। दूसरी ओर विभाग के मिली भगत से अवैध लकड़ी कटाई व ढुलाई जारी है। इसपर विभाग के अधिकारी इन बातों से अनभिज्ञ नजर आ रहे हैं। साथ ही वन कर्मियों द्वारा गस्ती के दौरान लकड़ी माफियाओं से मिलीभगत की बातें स्पष्ट हो रही हैं।

---

### लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक बैठक (एजीएम) में लिए गए कई निर्णय, धीरज साहू ने कहा

# प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के लिए कोचिंग की व्यवस्था की जायेगी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक बैठक (एजीएम) जिला क्रिकेट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सह सांसद राज्य सभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू की अध्यक्षता में जिला परिसदन में संपन्न हुई।

इसमें जानकारी दी गई कि एसोसिएशन के पदाधिकारी गण को ड्रेस कोड के रूप में टी शर्ट और ब्लेजर दिया जायेगा ताकि लोहरदगा के टीम मैनेजर कोच और पदाधिकारी की अलग पहचान स्थापित हो सके। एक निर्धारित शुल्क लेकर स्थाई सदस्य बनाने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर साहू ने कहा कि लोहरदगा को खेल हब के रूप में पदस्थापित करने की मेरी दिली इच्छा है। इसके तहत क्रिकेट स्टेडियम में फ्लड लाइट की व्यवस्था कराई जायेगी, जिससे रणजी ट्रॉफी के क्रिकेट मैच भी लोहरदगा को प्राप्त होंगे। आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम बना कर कोचिंग की सुविधा प्रदान की जायेगी। अभी हाल ही में राष्ट्रीय स्तर का राइफल क्लब भवन का उद्घघाटन हुआ, फुटबॉल स्टेडियम बनेगा, स्विमिंग पुल निर्माण होगा, तिरंदाजी से लेकर सारे खेल लोहरदगा में कराये जायेंगे। उन्होंने जेएससीए को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि वे भी हमारी काफी मदद कर रहे हैं। मौके पर लोहरदगा के रणजी खिलाड़ी आशीष कुमार, क्रिकेटर युवराज सिंह, जतिन पांडेय, अंडर 19 स्टेट टीम में चयनित खिलाडी आदित्य झा, रौनीत आर्यन, अंडर 19 आयु वर्ग के झारखंड कैंप में चयनित महिला खिलाडी इशिका भगत तथा अंडर 23 आयु वर्ग में हंशिका कुमारी को सम्मानित किया गया। अमित कुमार, जायजीत चौबे, अल्तमश मल्लिक, ग्राउंड्स मैन अजय उराव तथा मतीश उराव को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष भाष्कर दास गुप्ता, वरीय उपाध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा, रतिंदर नाथ रॉय, विशाल महेद्रु, कोषाध्यक्ष नयाज मल्लिक, सचिव अलोक रॉय, संयुक्त सचिव प्रवीण प्रसाद, उप सचिव सतीश वर्मा, दुर्गा प्रजापति, कार्यकारणी सदस्य प्रमोद वर्मा, मुकेश दुबे तथा सदस्य संदीप मिश्रा, हाजी अब्दुल जब्बारुल, क्लब प्रतिनिधि अभय साहू, अमित कुमार, आशीष कुमार आदि उपस्थित थे।




# नफरत को समाप्त करना ही दशहरा का उद्देश्य

### दुर्गा पूजा को लेकर आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में बोले उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में दशहरा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि दशहरा का त्यौहार वर्षों से हम बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाते आ रहे हैं। लेकिन वर्तमान स्वरूप में एक इंसान का दूसरे इंसान के लिए पनपे नफरत की भावना को समाप्त करना ही दशहरा का मुख्य उद्देश्य है। यह त्योहार एक दूसरे को जोड़ने वाला त्योहार है। लोहरदगा जिला में हमेशा से पर्व-त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की परंपरा चली आ रही है, जो आगे भी बनी रहेगी। बीते कुछ वर्षों से लोहरदगा जिला ने शांति और सौहार्द्र की जो मिसाल कायम की है वह प्रशंसनीय है। इसका श्रेय जिला स्तरीय शांति समिति और प्रखंड स्तरीय शांति समिति के सदस्यों और आप सभी लोगों को जाता है। दशहरा पूर्वी भारत का सबसे बड़े त्योहारों में एक है। सभी संप्रदाय के लोग एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल हों ताकि हमेशा एक दूसरे के प्रति सौहार्द्र और प्रेम का माहौल बना रहे। सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला में प्रत्येक वर्ष पर्व-त्योहार अच्छी तरह मनाया जाता रहा है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन इस जिले में शांति-व्यवस्था बनाये रखने के लिए बहुत मेहनत करता है। शांति व्यवस्था के लिए सभी व्यक्ति अपना-अपना दायित्व समझें। सीआरपीएफ इस जिले में शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन और आमजनों के साथ हमेशा सहयोगी के रूप में खड़ा है। उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूरी तरह तत्पर है। बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण और उल्लास के वातावरण में मनाये जायेंगे, यह विश्वास है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रमेश्वर प्रसाद, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी पुलिस निरीक्षक व थाना प्रभारी समेत विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्ष/सचिव व विभिन्न समुदायों के लोग, जिला स्तरीय व प्रखंड स्तरीय शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।



#### सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने पर होगी कार्रवाई : एसपी

पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां ने कहा कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग होने पर कार्रवाई होगी। सभी व्हाट्सअप, फेसबुक पेज या अन्य सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले एडमिन की जवाबदेही होगी कि वे किसी भी धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाले मैसेज पर रोक लगायें। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र में डीजे संचालकों के साथ आवश्यक बैठक कर लें और जरूरी शपथ पत्र ले लें। पंडालों की अनुज्ञप्ति में ही सभी मुख्य शर्तें अंकित हों। पूजा पंडालों में मानकों का पालन हो। अग्निशामक की व्यवस्था हो, बिजली हो, जरूरी पब्लिक एड्रेस सिस्टम हों। प्रवेश और निकास में सीसीटीवी कैमरे लगे हों। पंडालों की वजह से ट्रैफिक में व्यवधान न हों। सभी थाना क्षेत्रों में दुर्गा पूजा मॉनिटरिंग कमिटी के लिए व्हाट्सअप ग्रुप का निर्माण कर लें और उसमें थाना प्रभारी, पूजा समिति के लोग और दंडाधिकारी रहेंगे। विसर्जन के दौरान पूजा समितियां अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले विसर्जन/मेला आदि में अपने वालेंटियर्स तैनात रखें। उत्पाद अधीक्षक को अवैध देसी शराब से संबंधित मामलों में त्वरित सूचना दें व कार्रवाई करें। बैठक में दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी की व्यवस्था समितियों को करनी होगी। सभी मेला, विसर्जन, पूजा पंडालों की निगरानी ड्रोन के माध्यम से करायी जाएगी। सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया गया। पूजा समितियों के साथ प्रत्येक 2-3 दिनों में एक बैठक जोनल दंडाधिकारी द्वारा किये जाने का निर्देश दिया गया।

### 'स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था दुरुस्त करे नगर परिषद'

**लोहरदगा।** सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि शहर में विभिन्न मोहल्लो, चौक चौराहो में स्ट्रीट लाइट की स्थिति काफी दयनीय है। आधे से ज्यादा स्ट्रीट लाइटे खराब पड़ी हुई है और दुर्गा पूजा एवं त्योहारो को देखते हुए अविलंब स्ट्रीट लाइटों को युद्ध स्तर पर मरमत एवं बदली करने का कार्य नगर परिषद के द्वारा करना चाहिए। स्थिति यह है कि विभिन्न मोहल्लों एवं सड़कों में दस में से सात लाइटें खराब होंगी, लेकिन नगर परिषद की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। वहीं दूसरी ओर नगर से लेकर जिले तक में डायरिया, मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू आदि बीमारियों का प्रकोप चरम पर है किंतु नगर परिषद की ओर से ना तो मच्छरों का प्रकोप रोकने के लिए फागिंग मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है ना डीडीटी का छिड़काव किया जा रहा है, न किसी भी तरह से रोगों से बचने हेतु नगर परिषद की ओर से कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। इस ओर भी जिला प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

### चैनपुर की युवती के साथ युवक के शव रांची में एक कमरे से किए गए बरामद

**हत्या या सुसाइड, जांच में जुटी पुलिस**

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर मुख्यालय के आनंदपुर हुकड़ा बस्ती की रहने वाली विनय टोप्पो की बेटी अन्नू टोप्पो (24), जो रांची में किराए के मकान पर रहकर प्राइवेट जॉब करती थी, का शव गुरुवार लगभग 11 बजे पुलिस ने रांची के बरियातु थाना क्षेत्र के चिरौंदी इलाके से एक बंद कमरे से बरामद किया है। बंद कमरे से अनु टोप्पो के साथ एक युवक का शव भी बरामद किया गया है, जिसकी पहचान अब तक नहीं हो पाई है।

जानकारी के अनुसार अन्नू टोप्पो रंजन सोरेन के किराए के मकान में रहती थी। बुधवार की शाम युवक घर पर मिलने के लिए आया हुआ था। गुरुवार सुबह 10:00 बजे तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो मकान मालिक ने खिड़की से झांक कर देखा तो पाया कि दोनों के शव फर्श पर पड़े हैं। मकान के जिस कमरे में शव मिला वो अंदर से बंद था। संभावना जताई जा रही है कि युवक और युवती प्रेमी-प्रेमिका थे। दोनों के बीच बुधवार की रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद दोनों ने सुसाइड कर लिया या फिर युवक ने युवती को मार डाला और फिर खुद सुसाइड कर लिया। ईधर मकान मालिक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया है और मामले की जानकारी में जुट गई है। ईधर, घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते रांची गए। अन्नू के पिता चैनपुर में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाते हैं। पड़ोसियों के अनुसार अन्नू रांची में रहकर पार्ट टाइम जॉब करती थी।

### 'बेमियादी हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे ट्रक ऑनर'

**लोहरदगा।** विमरला बाक्साइड माइंस की दयनीय स्थिति को लेकर लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के सहयोगी संगठन, झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला के अध्यक्ष विनोद राम ने हिंडाल्को के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में कहा है कि विमरला माइंस में लगातार पाँच-सात महीनो से समझौते के मुताबिक प्रति महीना बारह ट्रिप नहीं दिया जा रहा है, बारह ट्रिप की जगह छह-सात ट्रिप प्रति माह ही दिया जा रहा है, इस स्थिति में ट्रक चलाना मुश्किल हो गया है। माइंस में रॉक ब्रेकर की व्यवस्था की जाए और माइंस में माल शिफ्ट करने वाले डंपर की भी कमी है, पीने की पानी की व्यवस्था भी सही नहीं है, सड़क की स्थिति जर्जर है, इसके अलावा काम करने वाले ठेकेदार के आदमी( स्टाफ) सवेरे 9:00 बजे आराम से मशीन स्टार्ट करते हैं और शाम को भी जल्दी कार्य बंद करके कहते हैं कि हम भाड़े के स्टाफ है। इसके कारण हमारे ट्रक दो से तीन दिन में लोड लेकर निकलते हैं। इन सब चीजों में पंद्रह दिनों के अंदर सुधार करते हुए हमें प्रति माह बारह ट्रिप दिया जाए, अगर प्रतिमाह 12 ट्रिप नहीं मिलता है तो हमलोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे।


प्रपत्र VII

समाहरणालय, गढ़वा

(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा)

या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

(अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 899/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 07.10.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **हुर मोड (गढ़वा-शाहपुर) पथ से डालटनगंज सीमा होते हुए डुमरिया डंडा तक पथ (कुल लम्बाई 19.00 कि0मी0)** हेतु ग्राम-छपरदागा, थाना नं0-303, थाना-डण्डा, अंचल-डण्डा, जिला-गढ़वा में कुल :- **1.0810** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **1.0810** एकड़ है और जो ग्राम-छपरदागा, थाना नं0-303, थाना-डण्डा, अंचल-डण्डा, जिला-गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :-

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 31 | 828 | रैयती | टाड़ दो | 0.026 | यदु चौधरी वै0 पिता स्व0 रामलगन चौधरी | सड़क | 827 | 831 | 827 |
| 2 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.025 | ब्रहम्देव चौधरी वै0 पिता स्व0 गणेश चौ0 | सड़क | 827 | 831 | 827 |
| 3 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.026 | राजेन्द्र चौधरी वै0 पिता स्व0 राजनाथ चौधरी | सड़क | 827 | 831 | 827 |
| 4 | 31 | 831 | रैयती | टाड़ दो | 0.004 | यदु चौधरी वै0 पिता स्व0 रामलगन चौधरी | सड़क | 831 | 832 | 828 |
| 5 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.027 | ब्रहम्देव चौधरी वै0 पिता स्व0 गणेश चौ0 | सड़क | 831 | 832 | 828 |
| 6 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.028 | राजेन्द्र चौधरी वै0 पिता स्व0 राजनाथ चौधरी | सड़क | 831 | 832 | 828 |
| 7 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.019 | मुरारी शर्मा वै0 पिता रामसेवक मिस्त्री | सड़क | 831 | 832 | 828 |
| 8 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.035 | गलबसिया देवी पति लक्ष्मण पाल | सड़क | 831 | 832 | 828 |
| 9 | 30 | 832 | रैयती | टाड़ तीन | 0.046 | अवधेश पाल वै0 पिता स्व0 मुंशी पाल | सड़क | 832 | 833 | 831 |
| 10 | 14 | 833 | रैयती | टाड़ एक | 0.015 | शकीला बीबी पति अकबर अंसरी | सड़क | 833 | 835 | 832 |
| 11 | | | रैयती | टाड़ एक | 0.016 | महेश सिंह वै0 पिता मनधीर सिंह | सड़क | 833 | 835 | 832 |
| 12 | | | रैयती | टाड़ एक | 0.016 | शिव कुमार पाल पिता स्व0 लखन पाल | सड़क | 833 | 835 | 832 |
| 13 | | | रैयती | टाड़ एक | 0.008 | तुलसी पाल पिता स्व0 राम औतार पाल | सड़क | 833 | 835 | 832 |
| 14 | 59 | 835 | रैयती | टाड़ एक | 0.009 | धमेन्द्र पाल पिता बिशुन पाल | सड़क | 835 | 836 | 833 |
| 15 | | | रैयती | टाड़ एक | 0.004 | शिवनाथ पाल पिता-बिरबल पाल | सड़क | 835 | 836 | 833 |
| 16 | | | रैयती | टाड़ एक | 0.010 | मुंशी पाल पिता राम औतार पाल | सड़क | 835 | 836 | 833 |
| 17 | | | रैयती | टाड़ एक | 0.017 | तुलसी पाल पिता स्व0 राम औतार पाल | सड़क | 835 | 836 | 833 |
| 18 | | | रैयती | टाड़ एक | 0.015 | मुनारीक पाल पिता बनरसी पाल | सड़क | 835 | 836 | 833 |
| 19 | 59 | 836 | रैयती | टाड़ दो | 0.003 | मुंशी पाल पिता राम औतार पाल | सड़क | 836 | 837 | 835 |
| 20 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.041 | मुनारीक पात वगै0 पिता बनरासी पाल | सड़क | 836 | 837 | 835 |
| 21 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.014 | प्रसाद पाल पिता स्व0 सहीपत पाल | सड़क | 836 | 837 | 835 |
| 22 | 37 | 837 | रैयती | टाड़ दो | 0.055 | दिला देवी पति स्व बंधु पाल | सड़क | 837 | 838 | 836 |
| 23 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.014 | मुनारीक पाल वगै0 पिता बनरसी पाल | सड़क | 837 | 838 | 836 |
| 24 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.027 | देवकी पाल पिता स्व0 सहिपत पाल | सड़क | 837 | 838 | 836 |
| 25 | 59 | 838 | रैयती | टाड़ दो | 0.034 | रामबदन पाल पिता-बनारसी पाल | सड़क | 838 | 839 | 837 |
| 26 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.026 | मुंशी पाल पिता रामऔतार पाल | सड़क | 838 | 839 | 837 |
| 27 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.013 | अवधेश पाल वै0 पिता स्व0 मुंशी पाल | सड़क | 838 | 839 | 837 |
| 28 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.020 | संजय विश्वकर्मा पिता रामजी विश्वकर्मा | सड़क | 838 | 839 | 837 |
| 29 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.026 | सिराजुदीन अंसारी पिता नवीरूदीन मियां | सड़क | 838 | 839 | 837 |
| 30 | 30 | 840 | रैयती | टाड़ तीन | 0.100 | लतीफ अंसारी वगै0 पिता मो0 हुसैन अंसारी | सड़क | 840 | सड़क | 840 |
| 31 | 31 | 849 | रैयती | टाड़ तीन | 0.021 | लतीफ अंसारी वै0 पिता मो0 हुसैन अंसारी | 840 | 850 | सड़क | 849 |
| 32 | | | रैयती | टाड़ तीन | 0.022 | मुनारीक पाल वै0 पिता बनरसी पाल | 840 | 850 | सड़क | 849 |
| 33 | 31 | 850 | रैयती | टाड़ तीन | 0.021 | मुनारीक पाल वै0 पिता बनरसी पाल | 849 | 857 | सड़क | 850 |
| 34 | | | रैयती | टाड़ तीन | 0.021 | बिशुन चौधरी वै0 पिता स्व0 रामधनी चौधरी | 849 | 857 | सड़क | 850 |
| 35 | 58 | 859 | रैयती | टाड़ दो | 0.020 | ब्रहम्देव चौधरी वै0पिता स्व0 गणेश चौ0 यदु चौधरी वै0 पिता स्व0 रामलगन चौधरी राजेन्द्र चौधरी वै0 पिता राजनाथ चौधरी | 857 | 823 | सड़क | 859 |
| 36 | 21 | 862 | रैयती | टाड़ दो | 0.089 | संजय चौधरी वै0 पिता नारायण चौधरी | 861 | 866 | सड़क | 862 |
| 37 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.051 | नन्दु चौधरी वै0 पिता द्वावरिक चौधरी | 861 | 866 | सड़क | 862 |
| 38 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.015 | दुधेश्वर चौधरी वै0 पिता मुनेश चौधरी बंधिया देवी स्व0 लक्ष्मण चौधरी | 861 | 866 | सड़क | 862 |
| 39 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.015 | समुन्द्री देवी पति उमेश चौधरी वो बंधिया देवी स्व0 लक्ष्मण चौधरी | 861 | 866 | सड़क | 862 |
| 40 | 24 | 868 | रैयती | टाड़ दो | 0.015 | यमुना चौधरी वै0 पिता स्व0 जंगी चौधरी | सड़क | 868 | 869 | 866 |
| 41 | 24 | 869 | रैयती | टाड़ दो | 0.030 | यमुना चौधरी वै0 पिता स्व0 जंगी चौधरी | सड़क | 869 | सिवाना | 868 |
| 42 | | | रैयती | टाड़ दो | 0.042 | राजेश्वर चौधरी वै0 पिता तपेश्वर चौधरी | सड़क | 869 | सिवाना | 868 |
| | | | | कुल :- | 1.0810 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0-30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :- शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :- ग्राम-छपरदागा, थाना नं0-303, थाना-डण्डा, अंचल-डण्डा, जिला-गढ़वा, क्षेत्रफल- 0, एकड़- 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :- शून्य

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 309009 (Land Reforms) 23-24 (D)


## खेलकूद

### तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

# आर्यंस को हरा कर एसी क्लब बना चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत नंदलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के खेल मैदान में नव युवक संघ अरु द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का सफलता पूर्वक समापन हुआ।

प्रतियोगिता में क्षेत्र की 32 टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव और मुखिया राजश्री उरांव ने फाइनल मुकाबला प्रारंभ कराया। विधायक प्रतिनिधि ने आयोजन कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों से कहा कि खेल से शाररिक व मानसिक विकास होता है। खिलाड़ी अपने रुचि अनुसार खेल का चयन कर खेलें और आगे बढें, क्योंकि खेल के क्षेत्र में भविष्य को संवारने की असीम संभवनायें हैं। साथ ही सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि हार कर घबराना नहीं चाहिये। जो हारता है वहीं जीतता भी है। जो गिरता है वही उठता है। खिलाड़ी अपने लक्ष्य को हासिल करते तक मेहनत करें। प्रतियोगिता का फाइनल मैच एसी क्लब बंसरी और आर्यंस क्लब अरु के बीच खेला गया, जिसमें एसी क्लब बंसरी ने आर्यंस क्लब अरु को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। टीमों को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



मौके पर संरक्षक बिरसु कुजूर, अध्यक्ष सचिन सौरभ कुजूर, उपाध्यक्ष कुलदीप उरांव, सचिव अशरफुल अंसारी व फिरोज अंसारी, मंच संचालक रिजवान अंसारी के अलावे परवेज अंसारी, सफीक अंसारी, अर्जुन महतो आदि मौजूद थे।

संघर्ष ही जीवन है इसलिए कभी हार ना माने, अपने लक्ष्य के प्रति संघर्ष के साथ आगे बढ़ते रहिये यही सफलता का मूल मंत्र है।

– अज्ञात




# बूढ़ा पहाड़ की ललकार

***झारखंड*** के पलामू प्रमंडल का बूढ़ा पहाड़ देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसका कारण है कि यह नक्सलियों के अभयारण्य के रूप में दशकों से जाना जाता था। सहसा किसी को यकीन नहीं होता है कि यहां की फिजा देखते ही देखते बदल जायेगी। अभी सीएम हेमंत के दौरे के बाद फिर से इसकी चर्चा हो रही है। बूढ़ा पहाड़ के चौमुखी विकास और ललकार से बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अनुरूप संपन्न हो रहे कार्यों ने क्षेत्र के लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। ऐसे में कहा जा सकता है कि कोई भी कार्य कठिन नहीं होता है,बस उसे करने की नियत होनी चाहिए। आज बूढ़ा पहाड़ इसका उदाहरण है। बूढ़ा पहाड़ प्रक्षेत्र अंतर्गत रहने वाले कुल 19836 व्यक्तियों के जीवन में बदलाव आया है। यहां अब गोलियों की आवाज की जगह विकास का कार्य जारी है। सर्वेक्षण कर रणनीति के तहत कार्य जारी हैं। यह राज्य के लिए अच्छी सूचना है। यहां 100 बिरसा आवास का आवंटन एवं 08 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र शुरू करने की योजना और छूटे हुए ग्रामों का विद्युतीकरण करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के दौरा के बाद स्थानीय जनमानस में सुरक्षाबलों के प्रति विश्वास बढ़ा है तथा सुरक्षाबलों को जनता का सहयोग प्राप्त हो रहा है। बूढ़ा पहाड़ के क्षेत्र की सुरक्षा के लिए कुल्ही से बूढ़ा पहाड़ तक कुल पांच कैंप कूल्ही, हेसातु, बेहराटोली झालुडेरा तथा जेटीएफ पुंदाग स्थापित हैं तथा जिनमें क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा को समर्पित सीआरपीएफ, जैप, झारखंड जगुआर, तथा जिला बल की आठ कंपनियां प्रतिनियुक्त है। सुरक्षाबलों के द्वारा क्षेत्र में नियमित रूप से विभिन्न अभियान संचालित कर स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित की जा रही है। बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में आधारभूत संरचना के निर्माण में बदलाव नजर आ रहा है। सड़क की जर्जर और दयनीय स्थिति को ठीक होने से यातायात की सुविधा बहाल हो गयी है। परिणामस्वरूप कृषि उत्पाद को बाजार में अच्छी कीमतों पर ग्रामीण बेच कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहें हैं। सिंचाई कूप निर्माण, सोलर पंप सेट आदि की उपलब्धता में भी प्रगति देखी जा रही है। सुरक्षाबलों के द्वारा सड़क निर्माण से लेकर जनता के भय मुक्त आवागमन को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई जा रही है। कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत झालुडेरा में एक कूप निर्माण किया गया है, जिसका प्रयोग स्थानीय ग्रामीण भी अपने दैनिक पेयजल हेतु कर रहे हैं। ऐसे में यह जगह राज्य के लिए एक मैसेज दे रहा है कि आने वाले दिनों में यहां शांति बहाल रहेगी। साथ ही राज्य के विकास में ऐसी जगहें आगे रहेगीं। बहरहाल बूढ़ा पहाड़ की गूंज से जहां एक ओर नक्सलियों के पांव कबड़ रहें है, वहीं लोगों में एक अच्छा मैसेज जा रहा है। अच्छा होगा सीएम के दौरे के बाद समाज से भटके युवक मुख्य धारा में शामिल होंगे। साथ ही विकास की यात्रा में सरकार का साथ देंगे। ऐसा विश्वास किया जा सकता है। कारण किसी भी सभ्य समाज में अराजकता की कोई जगह नहीं होती है। इस बात को गुमराह हुए नौवजवानों को समझने की जरुरत है। किसी भी समस्या का समाधान बातचीत के माध्यम से संभव है।

**बूढ़ा पहाड़ के चौमुखी विकास और ललकार से बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अनुरूप संपन्न हो रहे कार्यों ने क्षेत्र के लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। ऐसे में कहा जा सकता है कि कोई भी कार्य कठिन नहीं होता है,बस उसे करने की नियत होनी चाहिए।**

# सांस्कृतिक दिग्विजय की ओर बढ़ता भारत





बृजनन्दन राजू

***आज*** भारत के यश-वैभव की विजय पताका दुनिया में फहरा रही है। योग व आयुर्वेद के क्षेत्र में पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। अमृतकाल में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा के साथ विश्वसनीयता भी बढ़ी है। वहीं गौरवशाली विरासत और राष्ट्रीय स्वाभिमान की पुनः प्रतिष्ठा हो रही है। गुलामी के प्रतीक चिन्हों को मिटाकर आत्म सम्मान के साथ भारत खड़ा हो रहा है। राम-जन्मभूमि स्थल पर मन्दिर निर्माण की शताब्दियों पुरानी हिन्दुओं की अभिलाषा पूर्ण हो रही है। अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य दिव्य राम मंदिर तेजी से आकार ले रहा है। मकर संक्रान्ति के बाद रामलला गर्भगृह में विराजमान होंगे। लक्ष्य की ओर हम अविराम बढ़ रहे हैं। वर्षों बाद हमें हिन्दू होने का आत्मबोध हो रहा है। इस्लामी आक्रान्ताओं ने हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए ही अयोध्या मथुरा और काशी के मंदिरों का विध्वंस किया था। इसके बाद निरन्तर राम जन्मभूमि के लिए संघर्ष चला। राम मंदिर के आन्दोलन में लाखों भक्त जेल गये, सहस्त्रों घायल हुए एवं बहुत बड़ी संख्या में रामभक्त बलिदान भी हुए। फिर भी मंदिर को प्राप्त करने की जिद हिन्दुओं ने नहीं छोड़ी। राम मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर का निर्माण द्रुत गति से चल रहा है। जो सपना हमारे देश के महापुरुषों ने देखा था वह सपना मोदी के कार्यकाल में पूर्ण हो रहा है। मोदी सरकार के कार्यकाल में देशभर के धार्मिक व तीर्थस्थलों का कायाकल्प हुआ है। मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में भव्य अद्वैत लोक विकसित हो रहा है। दुनिया में सनातन की ध्वजा पताका फहरा रही है। हिन्दू चेतना ही भारत की आत्मा है। अब वह पुनःजाग्रत हो रही है। मोदी के प्रयासों से पूरे विश्व में हिन्दू उत्थान की लहर दिखाई पड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रत्येक भाग और हर वर्ग को स्पृश किया है। यह कहना अतिश्योक्तिपूर्ण नहीं होगा कि ऐसा हिन्दू उत्थान भारत के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। हिन्दू जागरण की यह प्रबल लहर सम्पूर्ण भारत को आप्लावित कर रही है। ऐसा लग रहा है कि भारत के उत्थान और हिन्दुओं के पुर्नजागरण के लिए ही मोदी का आगमन हुआ है। जब-जब भारत सांस्कृतिक उत्थान के शिखर पर रहा है तब-तब उसकी गूंज विदेशों की धरती तक पहुंची है। वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी हिन्दुत्व की पताका को दुनिया में लहरा रहे हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि नेता ऐसा हो जो पूरी तरह से समर्पित, स्वार्थ रहित और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसके उदाहरण हैं। मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली, वैभवशाली और समर्थ भारत का निर्माण हो रहा है। मोदी सरकार ने प्रगति का नया इतिहास रचा है। जन कल्याण व गरीब कल्याण का नया अध्याय लिखा है। आज पूरा विश्व भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। जी- 20 सम्मेलन के बाद भारत विश्व की प्रमुख शक्ति बन कर उभरा है। नई दिल्ली स्थित भारत मण्डपम में संपन्न जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। जी- 20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता ने इतिहास रचने का काम किया है। वसुधैव कुटुम्बकम को जी-20 के नारे के रूप में अपनाया गया। इससे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूकता पैदा हुई है। अफ्रीकी संघ का जी-20 में शामिल होना भारत की ग्लोबल साउथ के प्रति प्रतिबद्धता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि अफ्रीकी संघ एक महत्वपूर्ण भागीदार है। आप हमें एक साथ ला रहे हैं, हमें एक साथ रख रहे हैं, हमें याद दिला रहे हैं कि हमारे पास चुनौतियों से मिलकर निपटने की क्षमता है। मोदी का सबका साथ सबका विकास नारा वैश्विक नारा सिद्ध हुआ है। जी-20 की मेजबानी कर भारत ने दुनिया को हर क्षेत्र में अपनी सामर्थ्य दिखाई है। भारत विश्व को शांति का मार्ग दिखा सकता है यह अन्य देशों को विश्वास हो गया है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को पूरी दुनिया देख रही है। पश्चिम के कई देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा रही है वहीं भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार भारत 2025 में विश्व में चौथे स्थान पर 2027 में तीसरे स्थान पर आ जायेगा। मोदी के नेतृत्व में भारत रूस, ब्राजील, इटली, फ्रांस व इंग्लैंड को पीछे कर पांचवे स्थान पर पहुंच चुका है। वहीं वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद भी भारत बनता जा रहा है। रक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। चन्द्रयान 3 की सफल लैंडिंग राष्ट्रीय गौरव को जागृत करने का एक प्रशंसनीय प्रयास है। सूर्य के अध्ययन के लिए भारत ने मिशन आदित्य एल-1 लांच किया है। भारत जो रक्षा आयातक के रूप में जाना जाता था आज रक्षाक्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की ओर अग्रसर है। परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र भारत आत्मरक्षा करने में सक्षम है। जरूरत पड़ने पर जवाबी कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकता है। आज अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। भारत कूटनीतिक मोर्चे पर विश्व में ताकतवर कहे जाने वाले राष्ट्रों के साथ समानता का व्यवहार कर रहा है। जनसंख्या की दृष्टि से भारत प्रथम स्थान पर पहुंच ही गया है। आज भारतवंशी दुनिया के कई देशों में नेतृत्व कर रहे हैं। भारत के पुणे निवासी अजयपाल सिंह बंगा विश्व बैंक के वर्तमान अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। भारतीय प्रवासी अपनी मेधा से भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ा रहे हैं। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी भारतवंशी हैं। इंग्लैंड में ऋषि सुनक प्रधानमंत्री के तौर पर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा, मारीशस के प्रधानमंत्री प्रबिंद जगन्नाथ, सिंगापुर की राष्ट्रपति हलीमा याकूब, सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली, सेशेल के राष्ट्रपति वावेल रामकलावन और पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा का संबंध भारत से है। ऐसे ही कई देश हैं जहां कैबिनेट मंत्री भारतीय मूल के हैं। विदेशों की सरकार में 200 से अधिक भारतीय मूल के लोग मंत्री पद पर काबिज हैं। इसके अलावा सिर्फ राजनीति में ही नहीं व्यापार, विज्ञान, मेडिकल व अन्य क्षेत्रों में भारतीयों का ही डंका बज रहा है। कई देशों में वहां के सार्वजनिक सेवा के ऊंचे पदों पर और बड़े-बड़े टेक कंपनियों के सीईओ भारतीय मूल के हैं। विश्व के अनेक देशों में रोजी-रोटी के लिए गये भारतीय वहां पर सनातन की ज्योति को जला रहे हैं। बाजारवाद के युग में हिन्दुत्व के विचार के साथ वसुधैव कुटुम्बकम की संकल्पना को साकार कर रहे हैं।

**अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य दिव्य राम मंदिर तेजी से आकार ले रहा है। मकर संक्रान्ति के बाद रामलला गर्भगृह में विराजमान होंगे। लक्ष्य की ओर हम अविराम बढ़ रहे हैं। वर्षों बाद हमें हिन्दू होने का आत्मबोध हो रहा है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

***आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

**हिन्दू हदीरे पूजहीं मुस्लिम पूजे घोर।। दोहू दिन धोखे पड़े ये हो गए कठिन कठोर।। हिंदू तो देवल बंधे ये मुस्लिम बंधे मसीत।। साहेब दर पहुँचे नहीं ये पड़ी भ्रम की भीत।। षट दल दोनों दिन का दिल में दोष ना धार।। सतगुरु का कोई एक है ये जम का सब संसार।। अदम उदाहरण संग है कर प्रतीत पहचान।। हृदय माथे की कही पूजे जद पाषाण ।।**

भगवान कबीर जी हिन्दुओं को भी फटकार लगाते हुए कहते हैं कि तुम अपने शास्त्रों को भी नहीं जानते और उसके विरुद्ध भक्ति करते हो। आप मोक्ष कैसे प्राप्त करोगे? आप सभी पूर्ण परमेश्वर की पूजा करने के बजाय मूर्तिपूजा कर रहे हो। कबीर भगवान हिंदुओं से कहते हैं कि तुमने मांस खाना भी शुरू कर दिया अब तुम भगवान को कैसे पाओगे? आप में से बहुत से लोग जिन्होंने पूर्ण परमेश्वर की सच्ची उपासना नहीं की, उन्हें नर्क में भेजा गया है और भविष्य में भी जो कोई भी मनमाना भक्ति करेगा, धर्मराज उन्हें नरक में डाल देगा और यम के दूत वहाँ आत्माओं को यातना देंगे। पूर्वोक्त वचनों से स्पष्ट होता है कि आत्मा अज्ञानता वश पाप करती है और फिर धर्मराज (यम) के दरबार में पीड़ित होती है। उसके पास कोई रास्ता नहीं है। वैसे तो धर्मराज (यम) बहुत शक्तिशाली प्रतीत होते हैं, लेकिन क्या वे पूज्य और मोक्ष प्रदाता हैं? आइये जानते हैं। **क्या धर्मराज पूज्य भगवान और मोक्ष प्रदान करने वाले हैं?** धर्मराज पूजनीय नहीं है और वह अजर अमर भी नहीं है। कोई भी पवित्र ग्रंथ धर्मराज (यम) की पूजा को प्रमाणित नहीं करता है। धर्मराज स्वयं नाशवान हैं। धर्मराज (यम) को प्रसन्न करने के लिए अज्ञानी भक्त विभिन्न मंत्रों का जाप करते हैं।

*(क्रमशः)*

# शादी-ब्याह : बढ़ता दिखावा घटता अपनापन



डॉ. सत्यवान सौरभ

***भौतिकता*** की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन-किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाय ? जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। आज अगर कुछ युवा समाज को राह दिखा रहे हैं तो इसकी सराहना करनी चाहिए। लेकिन चाहे कोई कितना विरोध करे, वह तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक समाज के बहुसंख्यक लोगों की सहमति न हो। आज के इस दिखावे के युग में यह कब होगा, समय बतायेगा। हम बात करेंगे शादी समारोहो में होने वाली भारी-भरकम व्यवस्थाओं और उसमें खर्च होने वाले अथाह धन राशि के दुरुपयोग की। सामाजिक भवन अब उपयोग में नहीं लाए जाते हैं, शादी समारोह हेतु यह सब बेकार हो चुके हैं कुछ समय पहले तक शहर के अंदर मैरिज हॉल में शादियां होने की परंपरा चली परंतु वह दौर भी अब समाप्ति की ओर है! अब शहर से दूर महंगे रिसोर्ट में शादियां होने लगी है। शादियों के आयोजन के लिए बड़े नामी-गिरामी सैवन स्टार होटल बुक करने की भी परिपाटी बनती जा रही है। इन होटलों में लाखों रुपए खर्च कर शादी का सैट खड़ा किया जाने लगा है। शादी के 2 दिन पूर्व से ही ये रिसोर्ट बुक करा लिया जाते हैं और शादी वाला परिवार वहां शिफ्ट हो जाता है। आगंतुक और मेहमान सीधे वहीं आते हैं और वहीं से विदा हो जाते हैं। इतनी दूर होने वाले समारोह में जिनके पास अपने चार पहिया वाहन होते हैं वहीं पहुंच पाते हैं और सच मानिये समारोह के मेजबान की दिली इच्छा भी यही होती है कि सिर्फ कार वाले मेहमान ही रिसेप्शन हॉल में आये। और वह निमंत्रण भी उसी श्रेणी के अनुसार देता है दो तीन तरह की श्रेणियां आजकल रखी जाने लगी है। ऐसी शादियों को देखकर मध्यम व निम्न वर्ग भी शादियों में पैसे को पानी की तरह बहाने से जरा भी नहीं हिचकिचा रहे। यहां तक कि लोग शादी में अपना स्तर, रुतबा और झूठी शानो-शौकत का प्रदर्शन करने के लिए कर्ज लेकर भी महंगी शादियां आयोजित कर रहे हैं। एक मजेदार चीज और है। जो शादी ड्रीम वैडिंग कही जाती थी, उसे टूटने में दो पल नहीं लगते। कल तक जहां तलाक इक्का-दुक्का सुनाई देते थे, वे आज सैंकड़ों गुना बढ़ गये हैं। किसको सिर्फ लेडीज संगीत में बुलाना है! किसको सिर्फ रिसेप्शन में बुलाना है। किसको कॉकटेल पार्टी में बुलाना है। और किस वीआईपी परिवार को इन सभी कार्यक्रमों में बुलाना है। इस आमंत्रण में अपनापन की भावना खत्म हो चुकी है। सिर्फ मतलब के व्यक्तियों को या परिवारों को आमंत्रित किया जाता है। भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन–किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाय? जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। इस संस्कार में रिश्तेदारों का मिलना जुलना शुभ माना जाता है मगर आजकल की शादियों में प्रत्येक परिवार अलग-अलग कमरे में ठहरते हैं जिसके कारण दूरदराज से आये बरसों बाद रिश्तेदारों से मिलने की उत्सुकता कहीं खत्म सी हो गई है।

**आज अगर कुछ युवा समाज को राह दिखा रहे हैं तो इसकी सराहना करनी चाहिए। लेकिन चाहे कोई कितना विरोध करे, वह तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक समाज के बहुसंख्यक लोगों की सहमति न हो।**

शादी

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# इजरायल-हमास युद्ध-भारत ने ऑपरेशन अजय लॉन्च किया



किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्य*** स्तरपर आज आये दिनों काफी तेजी से राजनीतिक उठा पठक, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ते जा रहा है, जिसके दूरगामी दुष्परिणाम होने की संभावना बढ़ गई है। पहले से ही इस रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया तीन भागों, पक्ष विपक्ष और तटस्थ में बट गई है, जिसे तीसरे विश्व युद्ध की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता परंतु अब तो इस संभावना को पंख लगते हुए नजर आ रहे हैं, क्योंकि पूरे पश्चिमी देश इजराइल के समर्थन में आ गये हैं तो इधर ईरान पाकिस्तान लेबनान सहित कुछ देश फिलिस्तीन के समर्थन में उतर गये हैं, कुछ देशों द्वारा मानवीय अधिकार के उल्लंघन की बात उठाई गई है हालांकि इस ओर यूएन ने भी इशारा कर दिया है। उधर अमेरिका का युद्ध पोत युद्ध के रक्षा सामानों का जखीरा बारूद सहित लेकर इसराइल पहुंच चुका है, जबकि दूसरा बेड़ा भेजने की तैयारी की जा रही है ऐसा अमेरिकन राष्ट्रपति ने मीडिया में कहा है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि युद्ध काफी लंबा खिंच सकता है, इसे देखते हुए भारत ने भी दिनांक 11 अक्टूबर 2023 को देर शाम ऑपरेशन अजय लॉन्च कर दिया है, जिससे अपने नागरिकों को वापस भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चूंकि यह युद्ध लंबा खिंचेगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अब फिलिस्तीन इजरायल युद्ध से भू-राजनीतिक अविश्वास बढ़ाने को पंख लग गये हैं। साथियों बात अगर हम ऑपरेशन अजय की करें तो विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा कि इजरायल से लौटने वाले हमारे नागरिकों की वापसी के लिए ऑपरेशन अजय लॉन्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विशेष चार्टर उड़ानें और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विदेश में हमारे नागरिकों की सुरक्षा और भलाई के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। साथियों बात अगर हम इजरायल के समर्थन वाले देशों की करें तो, इजरायल और हमास में ज्यादातर ताकतवर देश इजरायल के साथ हैं। अमेरिका ने तो खुलकर इजरायल का समर्थन किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यहां तक कह दिया है कि अन्य देश इस संघर्ष से दूर रहे। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने इस्राइल में जारी संघर्ष पर चर्चा के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं से बात की है। सुनक ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ अपने संयुक्त बयान में इस्राइल के लिए दृढ़ता और एकजुटता के साथ समर्थन जाहिर किया। उन्होंने आतंकवादी हरकतों के लिए हमास की का कोई औचित्य नहीं है और इसकी हर तरह से निंदा की जानी चाहिए। बयान में कहा गया कि हमारे देश इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ अपनी और अपने लोगों की रक्षा करने के प्रयासों में इस्राइल का समर्थन करेंगे। हम इस बात पर भी जोर देते हैं कि इस्राइल के प्रति शत्रुता का भाव रखने वाले किसी भी संगठन के लिए यह समय इन हमलों का लाभ उठाने का नहीं है। इन पांच नेताओं ने कहा कि वे फलस्तीनी लोगों की वैध आकांक्षाओं को मान्यता देते हैं। इस्राइल और फलस्तीनियों के लिए न्याय और स्वतंत्रता के समान उपायों का समर्थन करते हैं। लेकिन हमास फलस्तीनी लोगों की इन आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। साथियों बात अगर हम फिलिस्तीन के समर्थन वाले देशों की करें तो, ईरान, कतर, कुवैत, लेबनान, यमन, इराक और सीरिया पूरी तरह से फिलिस्तीन के साथ हैं। पिछले दिनों इजरायल से संबंध सुधारने की दिशा में काम कर रहे सऊदी अरब ने भी इजरायल को चेतावनी दी है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने हमास के हमले को फिलिस्तीनियों का सेल्फ डिफेंस एक्ट बताया था।

**विदेश में हमारे नागरिकों की सुरक्षा और भलाई के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। साथियों बात अगर हम इजरायल के समर्थन वाले देशों की करें तो, इजरायल व हमास में ज्यादातर ताकतवर देश इजरायल के साथ हैं।**

युद्ध


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# लगातार खांसी आना बन सकता है परेशानी का सबब

लगातार खांसी आने पर और कई हफ्तों के बाद भी इसके ठीक ना होने पर आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। क्योंकि यह कई चीजों की तरफ इशारा करती है। बता दें कि खांसी के कई कारण जैसे इंफेक्शन, एलर्जी और स्मोकिंग आदि हो सकते हैं। अक्सर लोग खांसी की समस्या को हल्के में लेते हैं, या फिर नजरअंदाज करते हैं। वहीं कई लोग को डॉक्टर आदि के पास जाने में भी संकोच करते हैं। हांलाकि सर्दियों में खांसी की समस्या आम होती है। लेकिन अगर कई हफ्तों के बाद भी आपकी खांसी ठीक नहीं हो रही है, तो इसे नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए। क्योंकि यह कई चीजों की तरफ इशारा करती है। ऐसे में आपको डॉक्टर से संपर्क जरूर करना चाहिए। बता दें कि खांसी के कई कारण जैसे इंफेक्शन, एलर्जी और स्मोकिंग आदि हो सकते हैं। ऐसे में अगर आपको भी खांसी लंबे समय से परेशान कर रही है, तो इसके पीछे का कारण जानना जरूरी होता है।



## खांसी के प्रकार

**एक्यूट खांसी :** यह 2 सप्ताह से 3 सप्ताह तक रहती है और फिर अपने आप सही हो जाती है।
**सबएक्यूट खांसी :** यह लगभग 3 से 8 सप्ताह तक रह सकती है।
**क्रॉनिक खांसी :** यह 8 सप्ताह से ज्यादा रहती है और किसी बड़ी बीमारी का संकेत हो सकती है।

## लंबे समय तक खांसी आने के कारण

**धूम्रपान :** अगर आपको भी लंबे समय से खांसी आ रही है, तो इसका एक कारण धूम्रपान भी हो सकता है। अक्सर धूम्रपान करने वाले लोगों में खांसी की समस्या देखी जाती है। क्योंकि तंबाकू में मौजूद केमिकल्स आपके लंग्स में जाकर जलन पैदा करते हैं। शरीर इसे खांसी के जरिए बाहर निकालने की कोशिश में बलगम बनाता है। धूम्रपान करने वाले लोग खांसी आने पर ध्यान नहीं देते, जिसकी वजह से उन्हें आगे चलकर गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है।
**इंफेक्शन :** सर्दी-जुकाम ठीक होने के बाद भी इंफेक्शन की वजह से मरीज को बहुत दिनों तक खांसी की समस्या बनी रहती है। कई बार 2 महीनों तक खांसी की समस्या बनी रह सकती है। जिसकी वजह से श्वसन मार्ग में इरिटेशन होती है। इंफेक्शन के कारण हुई खांसी को ठीक होने में समय लगता है।
**अस्थमा :** जिस हवा में हम सांस लेते हैं, वह श्वसन के दौरान नाक, गले और फेफड़ों में जाती है। अस्थमा होने पर वायुमार्ग के आसपास की मांसपेशियां सिकुड़ने लगती हैं, जिसकी वजह से बलगम बनता है और वायुमार्ग अवरुद्ध हो जाता है। ऐसा होने पर फेफड़ों में ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं हो पाती है। इस वजह से अस्थमा के मरीज को काफी खांसी आती है। बता दें कि अस्थमा होने पर गीली-सूखी दोनों तरह की खांसी आ सकती है।
**फेफड़ों का कैंसर :** लंबे समय तक आने वाली खांसी की एक वजह फेफड़ों का कैंसर भी हो सकता है। बता दें कि फेफड़ों का कैंसर होने पर खांसते समय खून भी आने लगता है। लेकिन अगर आप धूम्रपान नहीं करते हैं और परिवार में भी किसी को फेफड़ों का कैंसर नहीं हुआ है, तो खांसी आने का कुछ अन्य कारण हो सकता है। ऐसी स्थिति में आपको फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।
**सर्दी-जुकाम :** हांलाकि सर्दी -जुकाम और एलर्जी की समस्या होने पर भी खांसी आने लगती है। ऐसी स्थिति में ठंडी और सूखी हवा में सांस लेने से गले में खराश आदि भी हो जाती है।

## खांसी से बचाव

**नमक पानी से गार्गल :** गले में खराश या खांसी होने की वजह से आपको कम से कम तीन बार नमक के पानी से गरारे जरूर करने चाहिए। नमक पानी से गार्गल करने से गले में मौजूद कीटाणु खत्म हो जाते हैं। इससे गले की खराश भी खत्म हो जाती है।
**भाप :** खांसी-जुकाम की स्थिति बनने पर भाप लेने से राहत मिलेगी। इस उपाय को करने से बंद नाक खुल जाती है और गले में जलन से भी राहत मिल जाती है। भाप लेने से कफ पिघलने लगता है और खांसी में भी आराम मिलता है।
**शहद :** बता दें कि खांसी में शहद काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। शहद में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल तत्व पाए जाते हैं, जिससे गले के बैक्टीरिया मर जाते हैं। लेकिन काफी दिनों से आ रही खांसी आने पर फौरन हेल्थ एक्सपर्ट्स से संपर्क करें। क्योंकि यह किसी गंभीर समस्या की ओर भी इशारा करता है।

❖ **अनन्या मिश्रा**

# कंकाल की तरह हो गया है शरीर तो इन चीजों के साथ करें घी का सेवन


कुछ लोगों का शरीर कम वजन का वजह से कंकाल की तरह दिखता है। किशोर उम्र में माता-पिता काफी परेशान रहते हैं। हम आपको कुछ ऐसे फूड के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आपका वजन तेजी से बढ़ेगा। अगर आपका बॉडी मास इंडेक्स 18 से कम है तो आपका वेट कम है। ऐसे में आपको अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। आज के समय में ज्यादातर लोग मोटापे से परेशान हैं। लेकिन कुछ लोगों का शरीर कम वजन का वजह से कंकाल की तरह दिखता है। किशोर उम्र में माता-पिता काफी परेशान रहते हैं। यदि किसी का शरीर कुपोषण की तरह दिखता है, तो शरीर में पौष्टिक तत्वों की प्राप्ति न होना हो सकना शामिल है। वेट बढ़ाने से पहले यह जरूर देखना चाहिए कि कहीं किसी बीमारी के कारण तो शरीर में मांस नहीं चढ़ रहा है। लेकिन किसी बीमारी के ना होने पर भी अगर आपका वेट नहीं बढ़ रहा है तो कुछ नियमों को फॉलो कर आप अपना वेट बढ़ा सकते हैं।

## ऐसे बढ़ाएं अपना वेट

**ज्यादा कैलोरी :** अगर आप भी तेजी से अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो आपको ज्यादा कैलोरी वाले फूड का सेवन करना चाहिए। आपको 400-500 कैलोरी ज्यादा लेनी होगी। तभी आपका वेट बढ़ेगा। लेकिन तेजी से वेट गेन करने के लिए आपको 700 से 1000 कैलोरी ज्यादा लेना होगा।
**प्रोटीनयुक्त भोजन :** आपको वेट गेन के लिए प्रोटीन की ज्यादा मात्रा लेनी चाहिए। ज्यादा प्रोटीन लेने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि प्रोटीन युक्त फूड्स का सेवन ज्यादा करें। जितना आपका वजन है, उस हिसाब से आपको प्रति किलोग्राम पर 2 ग्राम से ज्यादा प्रोटीन लेना चाहिए। इसके लिए आप पनीर, दाल, फलीदार सब्जियां, बादाम, मटर, छोले, बींस, पंपकीन सीड्स, मीट, मछली, अंडा, सोया, तिल, चिया सीड्स, टोफू, काजू, हेजलनट्स, अखरोट आदि का सेवन कर सकते हैं। इनमें प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।
**हेल्दी फैट और काबोर्हाइड्रैट :** बता दें कि हेल्दी फैट और काबोर्हाइड्रैट से कोई नुकसान नहीं होता है। इसके लिए आप घी और गुड़ का भी ज्यादा सेवन करें। घी में मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड पाया जाता है, जो डाइट्री फैट होता है और यह आपके शरीर को भी नुकसान नहीं पहुंचाता है। इसके अलावा घी में कई अन्य पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं। दिल की सेहत के लिए भी घी काफी शानदार होता है। इसलिए घी का सेवन जरूर करना चाहिए। इसके लिए घी को ज्यादा तेज आंच पर ना पकाएं। क्योंकि घी को तेज आंच पर पकाने से यह ऑक्सीडाइज हो जाता है और शरीर को नुकसान पहुंचाता है। वहीं गुड़ में काबोर्हाइड्रेट पाया जाता है। गुड़ भी हमारे शरीर के लिए फायदेमंद होता है। तेजी से वजन बढ़ाने के लिए गुड़ और घी का सेवन करने का प्लान है।
**बार-बार खाएं :** तेजी से वजन बढ़ाने के लिए दिन में 5-6 बार भोजन करने की आदत डालें। सुबह के समय हैवी नाश्ता लेना चाहिए। फिर दोपहर और रात में हैवी खाना खाएं। शाम और दोपहर में हल्का ब्रेकफास्ट जरूर करें। जब भूख लगे तो खाना खाने का नियम बनाएं।
**खाने से पहले न पीएं पानी :** अगर आप खाना खाने से पहले पानी पीते हैं, तो इससे भूख मिट जाएगा। फिर आप भरपेट खाना नहीं खा पाएंगे। इसलिए खाना खाने से पहले पानी नहीं पीना चाहिए।
**वेट गेनर शेक :** तेजी से वजन बढ़ाने के लिए दिन में एक बार वेट गेनर शेक का सेवन जरूर करें। प्रोटीन, काबोर्हाइड्रैट और कैलोरी की मात्रा ज्यादा वाले वेट गेन शेकर का सेवन करें। इसके अलावा केला, दूध, चेरी, बादाम और अखरोट मिलाकर शेक तैयार कर सकते हैं।
**रोजाना करें एक्सरसाइज :** जिस तरह से वजन घटाने के लिए एक्सरसाइज जरूरी है, उसी तरह से वजन बढ़ाने के लिए भी अपनी डेली रूटीन में एक्सरसाइज को शामिल करना चाहिए। क्योंकि एक्सरसाइज ना करने से मेटाबॉलिज्म सही से काम कर करेगा और खाना जल्दी हजम नहीं होगा।

# पाचन में सुधार के लिए अपनायें आसान आयुर्वेदिक तरीके

स्वस्थ शरीर के लिए अच्छा भोजन जितना ज्यादा जरूरी होता है। उतना ही जरूरी भोजन का पाचन होता है। क्योंकि अगर आप हेल्दी डाइट लेते हैं, लेकिन आपका पाचन खराब है, तो आपके शरीर को पूरा पोषण नहीं मिल पाता है। स्वस्थ शरीर के लिए अच्छा भोजन जितना ज्यादा जरूरी होता है। उतना ही जरूरी भोजन का पाचन होता है। क्योंकि अगर आप हेल्दी डाइट लेते हैं, लेकिन आपका पाचन खराब है, तो आपके शरीर को पूरा पोषण नहीं मिल पाता है। ऐसे में खट्टी डकारें, पेट फूलना, मितली आना, अपच, गैस, कब्ज आदि की समस्या होने लगती है।



## कमजोर पाचन के लक्षण

भोजन पचने में अधिक समय लगना
भोजन करने के बाद भी थकान लगना
भोजन के बाद नींद आना
गैस बनना और पेट में भारीपन होना

## पाचन सही करने के आयुर्वेदिक उपाय

पाचन शक्ति को सही करने के लिए खाने में पहले नींबू का रस और थोड़ा-सा अदरक कद्दूकस करके मिला लें। फिर एक चुटकी काला नमक मिलाकर इस पेस्ट का सेवन करें। कभी भी कच्चा-पक्का खाना एक साथ नहीं खाना चाहिए। भोजन के साथ खीरे-ककड़ी आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। सफेद दही में नमक मिलाकर रायता बनाकर ना खाएं। हांलाकि आप दही में चीनी मिलाकर खा सकते हैं। रायता और कढ़ी खाने के लिए छाछ का उपयोग करना चाहिए।
भोजन करते समय कोई अन्य काम ना करें, क्योंकि इस दौरान आपका पूरा ध्यान खाने पर होना चाहिए। बता दें कि ऐसा करने से आवश्यक रसों का संतुलन बना रहता है। साथ ही तृप्ति भी मिलती है।
जीरा-हींग का तड़का लगी छाछ को भोजन के साथ लेने से लाभ मिलता है।
खाना खाने के बाद सौंफ और मिश्री खाने से पाचन अच्छा होता है।
हरड़ की गोलियां और चूर्ण खाने से पाचन सही होता है।
इसके साथ ही समय पर सोने व समय से जागने से पाचन बेहतर रहता है।
आप पाचन को सही करने के लिए त्रिफला चूर्ण का सेवन कर सकते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6851

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6850 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**13 अक्टूबर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | कन्या में | **तुला** | 06.20 बजे से |
| **चंद्र** | कन्या में | **वृश्चिक** | 08.35 ब.से |
| **मंगल** | तुला में | **धनु** | 10.51 बजे से |
| **बुध** | कन्या में | **मकर** | 12.56 बजे से |
| **गुरु** | मेष में | **कुंभ** | 14.43 बजे से |
| **शुक्र** | सिंह में | **मीन** | 16.16 बजे से |
| **शनि** | कुंभ में | **मेष** | 17.46 बजे से |
| **राहु** | मेष में | **वृष** | 19.26 बजे से |
| **केतु** | तुला में | **मिथुन** | 21.24 बजे से |
| राहुकाल | | **कर्क** | 23.38 बजे से |
| 10.30 से | | **सिंह** | 01.54 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | **कन्या** | 04.06 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 286 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 21.51 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 14.11 बजे को समाप्त। **योग** ब्रह्म 10.05 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 08.56 बजे तदनन्तर शकुनि 1.51 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 35' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871765 **जूलियन दिन** 2460230.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 27 **विशेष** चतुर्दशी श्राद्ध।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| **चर** | 05.55 से 07.23 बजे तक | **रोग** | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| **लाभ** | 07.23 से 08.51 बजे तक | **काल** | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| **अमृत** | 08.51 से 10.19 बजे तक | **लाभ** | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| **काल** | 10.19 से 11.47 बजे तक | **उद्वेग** | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| **शुभ** | 11.47 से 01.15 बजे तक | **शुभ** | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| **रोग** | 01.15 से 02.43 बजे तक | **अमृत** | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| **उद्वेग** | 02.43 से 04.10 बजे तक | **चर** | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| **चर** | 04.10 से 05.38 बजे तक | **रोग** | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7913

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | ■ | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | ■ | |
| 24 | | | | ■ | 25 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक बिदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

### शब्द पहेली -7912 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ज | ग | ■ | ह | सी | न | ■ |
| बा | दा | ■ | र | ■ | म | ■ | ब | ध |
| प | ■ | फि | ल | हा | ल | ■ | ■ | मा |
| सी | र | त | ■ | नि | ■ | रु | ब | ल |
| ■ | ■ | र | ज | ■ | न | ख | ■ | ■ |
| नी | जा | त | ■ | जो | ■ | सा | हि | ल |
| र | ■ | ■ | क | र | ता | र | ■ | ह |
| ब | श | ■ | स | ■ | मी | ■ | ता | जा |
| ■ | क | ल | म | ■ | ल | की | र | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**वृष राशि :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**मिथुन राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**कर्क राशि :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**सिंह राशि :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या राशि :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**तुला राशि :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक राशि :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**धनु राशि :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मकर राशि :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ राशि :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मीन राशि :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### विधानसभा चुनाव : 16 अक्टूबर को आ सकती है भाजपा की अगली सूची

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अब तक तीन राज्यों - मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान - के लिए कुछ उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है। अब बड़ी ही बेताबी से भाजपा के दावेदार और विरोधी भी भाजपा की अगली सूची का इंतजार कर रहे हैं। आपको बता दें कि, भाजपा मध्य प्रदेश के लिए अपने उम्मीदवारों की चार लिस्ट अब तक जारी कर चुकी है। राज्य की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए भाजपा चारों लिस्ट को मिला कर अब तक 136 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। पार्टी को अभी 94 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान और करना है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, 15 अक्टूबर को भाजपा मुख्यालय में होने वाली पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मध्य प्रदेश की पांचवी सूची पर मुहर लग सकती है। इसके अगले दिन यानी सोमवार 16 अक्टूबर को पार्टी यह सूची जारी कर सकती है। यह कहा जा रहा है कि पांचवीं सूची में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम भी हो सकता है। रविवार को होने वाली पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में राजस्थान, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ तेलंगाना के नामों पर भी चर्चा होनी है और इन राज्यों के उम्मीदवारों की लिस्ट भी सोमवार,16 अक्टूबर को जारी हो सकती है। आपको बता दें कि, छत्तीसगढ़ के 90 सदस्यीय विधान सभा के लिए भाजपा दोनों सूचियों में कुल मिलाकर 85 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान अब तक कर चुकी है और उसे अब राज्य के लिए सिर्फ 5 उम्मीदवारों के नाम की ही घोषणा करनी है।

### फ्रांस से अंतरिक्ष, साइबर व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सहयोग पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** दो देशों की यूरोप यात्रा के आखिरी दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष के साथ 5वीं वार्षिक रक्षा वार्ता की। इस वार्ता में रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ ही अंतरिक्ष, साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विशिष्ट डोमेन में संभावित सहयोग पर चर्चा की गई। बैठक से पहले फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राजनाथ सिंह ने दो यूरोपीय देशों के अपने दौरे के समापन से पहले 11 अक्टूबर की देर रात पेरिस में फ्रांसीसी सशस्त्र बलों के मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ 5वीं वार्षिक रक्षा वार्ता की। दोनों मंत्रियों ने रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ क्षेत्रीय स्थिति के आकलन से लेकर दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग पर चर्चा की। मंत्रियों ने चल रही रक्षा परियोजनाओं की समीक्षा करने के साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने अंतरिक्ष, साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विशिष्ट डोमेन में संभावित सहयोग पर भी चर्चा की।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने आरिज खान की मौत की सजा को उम्रकैद में बदला

**नई दिल्ली।** 2008 के बाटला हाउस मुठभेड़ मामले में आरिज खान की सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को निचली अदालत से मिली मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया। 18 अगस्त को अदालत ने उस मामले में आरिज खान को मौत की सजा की पुष्टि पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें जामिया नगर में इंडियन मुजाहिदीन के दो संदिग्ध आतंकवादियों और प्रतिष्ठित इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने खान को राहत देते हुए उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। विस्तृत आदेश की प्रति की प्रतीक्षा है। उच्च न्यायालय को पहले आरिज खान को दी गई मौत की सजा की पुष्टि के लिए एक संदर्भ प्राप्त हुआ था। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सिलसिलेवार विस्फोटों में 35 से अधिक लोग मारे गए और 150 से अधिक घायल हो गए थे। कुछ दिनों बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 19 सितंबर 2008 को जामिया नगर के बाटला हाउस में एक मुठभेड़ को अंजाम दिया था।

# दुनिया में बुलंद हो रही है भारत की आवाज : पीएम



**एजेंसी। पिथौरागढ़/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि चुनौतियों से घिरी दुनिया में, भारत की आवाज बुलंद हो रही है। दुनिया आज भारत की क्षमता को स्वीकार कर रही है। प्रधानमंत्री ने आज उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, चुनौतियों से घिरी दुनिया में भारत की आवाज बुलंद होती जा रही है। अभी कुछ सप्ताह पहले ही जी-20 का इतना बड़ा शानदार आयोजन हुआ, उसमें भी दुनिया ने हम भारतीयों का लोहा माना है। उन्होंने आगे कहा, दुनिया आज खेलों में भी भारत की क्षमता देख रही है। हाल ही में एशियाई खेलों में भारत ने पदक जीतकर पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।

### कौशल दीक्षांत समारोह नए भारत की प्राथमिकताओं को दर्शाता है : मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कौशल दीक्षांत समारोह नए भारत की प्राथमिकताओं को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास का यह उत्सव (कौशल दीक्षांत समारोह) अपने आप में अद्वितीय है और देश भर के कौशल विकास संस्थानों के संयुक्त दीक्षांत समारोह का आज का आयोजन एक बहुत ही सराहनीय पहल है। प्रधानमंत्री वीडियो संदेश के माध्यम से एआईसीटीई ऑडिटोरियम, वसंत कुंज, नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय कौशल दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने किसी भी देश की ताकत जैसे उसके प्राकृतिक या खनिज संसाधनों, या उसकी लंबी तटरेखाओं का उपयोग करने में युवाओं की शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि देश मजबूत युवा शक्ति के साथ अधिक विकसित होता है, जिससे देश के संसाधनों के साथ न्याय होता है। प्रधानमंत्री ने भारत द्वारा माल निर्यात, मोबाइल निर्यात, इलेक्ट्रॉनिक निर्यात, सेवा निर्यात, रक्षा निर्यात और विनिर्माण में नए रिकॉर्ड बनाने और साथ ही अंतरिक्ष, स्टार्टअप जैसे ड्रोन, एनीमेशन, इलेक्ट्रिक वाहन, अर्धचालक आदि कई क्षेत्रों में युवाओं के लिए बड़ी संख्या में नए अवसर पैदा करने का उल्लेख किया। उन्होंने इसके लिए भारत की युवा आबादी को श्रेय देते हुए कहा, आज पूरी दुनिया इस बात पर विश्वास कर रही है कि यह सदी भारत की सदी होगी।

### पीएम आज करेंगे पी20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां आज को यशोभूमि में 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) का उद्घाटन करेंगे। शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत की संसद द्वारा भारत की जी20 अध्यक्षता के व्यापक ढांचे के तहत की जा रही है। भारत की जी20 अध्यक्षता की थीम के अनुरूप, 9वें पी20 शिखर सम्मेलन का विषय 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' है। इस कार्यक्रम में जी20 सदस्यों और आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्ष भाग लेंगे। 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ के जी20 का सदस्य बनने के बाद पैन-अफ्रीकी संसद पहली बार पी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेगी। इस पी20 शिखर सम्मेलन के दौरान विषयगत सत्र निम्नलिखित चार विषयों पर केंद्रित होंगे - सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन; महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास; एसडीजी में तेजी लाना और सतत ऊर्जा संक्रमण।

### उमर खालिद की बेल याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में पूर्व जेएनयू स्कॉलर और कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई गुरुवार को स्थगित कर दी। समय की कमी का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी और दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई 1 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। खालिद ने पिछले साल जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर की है।

## राष्ट्रपति ने माता वैष्णो देवी के किए दर्शन नवनिर्मित स्काईवॉक किया उद्घाटन

**एजेंसी। जम्मू**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को माता वैष्णो देवी के दर्शन किए। इस मौके पर राष्ट्रपति ने नवनिर्मित स्काईवॉक और नवदुर्गा पथ का उद्घाटन भी किया।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार से जम्मू व कश्मीर में अपने दो दिवसीय प्रवास पर हैं। राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार दोपहर को पंछी हेलीपैड पर पहुंचीं और यहां से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुईं। भवन पहुंच कर मुर्मू ने माता वैष्णो देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने मां के दरबार में माथा टेक कर सबकी सुख-शांति के लिए प्रार्थना भी की। राष्ट्रपति ने मां वैष्णो देवी भवन पर बने स्काईवॉक व नवदुर्गा पथ का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उनका स्वागत श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग और पुलिस के आला अधिकारियों ने किया। उनके साथ जम्मू



कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद रहे। वैष्णो देवी भवन में श्रद्धालुओं भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्काईवॉक परियोजना का प्रस्ताव रखा था। माता वैष्णो देवी भवन पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्काईवॉक बनाया गया है। यह 15 करोड़ रुपये की लागत से इसे डेढ़ साल में बनकर तैयार हुआ है। इसमें मां दुर्गा के नौ रूपों को प्रतिबिंबित किया गया है, जिसे नव दुर्गापथ नाम दिया गया है। प्रवेश द्वार पर 60 मीटर लंबी गुफा बनाई गई है, ताकि श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी की प्राचीन गुफा का अहसास हो सके। यहां प्रत्येक 100 मीटर की दूरी पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षा हॉल का निर्माण किया गया है। स्काईवॉक के एक ओर शीशा लगाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को भवन के दर्शन होते रहें। इसके साथ ही माता वैष्णो देवी के श्लोक तथा मंत्र आदि अंकित किए गए हैं ताकि भक्ति पूर्ण वातावरण बना रहे। स्काईवॉक से एक समय में छह हजार से अधिक श्रद्धालु मंदिर तक पहुंच सकेंगे। इसे ट्रैक से 20 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है। भवन के प्रवेश द्वार पर बने स्काईवॉक का नवदुर्गा पथ शारदीय नवरात्र पर भक्तों का स्वागत करेगा। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने स्काईवाक फ्लाईओवर में लकड़ी की फ्लोरिंग की गई है। इससे नंगे पांव चलने में दिक्कत नहीं होगी।

## रेल दुर्घटना में 5 की मौत, 70 से अधिक घायल, घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी

**एजेंसी। पटना**

बिहार के बक्सर जिले के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास बीती रात 9:35 बजे आनंद विहार से असम के कामख्या तक जाने वाली नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 2506) दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसमें अबतक 5 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। हादसे में 70 से अधिक यात्री घायल हुए हैं।

बक्सर के जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने 4 लोगों की मौत की पुष्टि की है। वहीं, राहत कार्य में जुटी पुलिस ने एक और शव बरामद होने की पुष्टि की, जिससे मृतकों की संख्या पांच हो गई। भोजपुर के जिलाधिकारी राजकुमार ने बताया कि दुर्घटना में 70 यात्री जख्मी हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने 100 के करीब यात्रियों के घायल होने की बात कही है। पूर्व मध्य रेलवे के जीएम अनुपम शर्मा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई। घटनास्थल पर एक रेक पहुंचाया गया जिससे नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। जीएम अनुपम शर्मा और दानापुर रेल मंडल के डीआरएम जयंत कुमार चौधरी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। राहत कार्य जारी है। राहत यान, रेस्क्यू ट्रेन क्रेन और मेडिकल टीम मौके पर लगातार काम कर रही है। एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीमें घटनास्थल पर पहुंच कार्य कर रही हैं।

राज्य के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर कहा कि स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग बिहार के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत नियंत्रण कक्ष में स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ राहत, बचाव व रसद जुटाने व अन्य सभी व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। अस्पताल अलर्ट है। गाड़ियों के लिए जिले के टोल फ्री कर दिए गए हैं।

**इस रूट की कुछ ट्रेनों को रोका, कुछ डायवर्ट :** पूर्व मध्य रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि दुर्घटना के बाद इस रूट की सभी ट्रेनों को आसपास के स्टेशनों पर रोक दिया गया है। कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। सीमांचल एक्सप्रेस दिलदार नगर में, गुवाहाटी राजधानी दानापुर में रोकी गई है। विभूति, पंजाब मेल समेत अन्य ट्रेनों को वाराणसी से ही दूसरे रूट से किउल भेजा गया है।

दुर्घटना के कारणों का पता अभी नहीं चला है। ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने से थोड़ी देर पहले पटना-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, संपूर्ण क्रांति, और राजेंद्रनगर अजमेर जियारत एक्सप्रेस यहां से गुजर चुकी थीं। ऐसे में तकनीकी विशेषज्ञ प्वांइट फेल्योर का अनुमान लगा रहे हैं।



### प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस हादसे में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के कुछ डिब्बों के पटरी से उतरने के कारण हुई लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने जोर देकर कहा कि अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के कुछ डिब्बों के पटरी से उतरने के कारण लोगों की मौत से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। अधिकारी सभी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर लिखा, अपूरणीय क्षति के लिए गहरी संवेदनाएं। पटरी से उतरने के मूल कारण का पता लगाया जाएगा। रेल प्रशासन द्वारा इस घटना में मृत व्यक्तियों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दी गयी है।

## FILMY हलचल

### 'बिग बॉस' का 17वां सीजन 15 से, हर एपिसोड के लिए मोटी फीस लेंगे सलमान

**टीवी शो** बिग बॉस-17 का 17वां सीजन 15 अक्टूबर से स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है। इस सीजन में दर्शकों को कई विवादित सेलिब्रिटीज देखने को मिलेंगे। सलमान खान एक बार फिर शो को होस्ट करते नजर आएंगे। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि कौन से कलाकार शो में शामिल होंगे, लेकिन ये तय है कि इस सीजन में सलमान खान का दबदबा रहेगा। बिग बॉस-17 को होस्ट करने के लिए सलमान खान को मोटी रकम दी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान खान को प्रति सप्ताह 12 करोड़ रुपये तक का भुगतान किया जाएगा। सलमान खान पूरे हफ्ते में सिर्फ 2 एपिसोड ही शूट करते हैं। यानी उन्हें हर एपिसोड के लिए 6 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। फिलहाल चैनल या शो के मेकर्स की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस बार बिग बॉस की थीम काफी दिलचस्प होने वाली है। इस बार दर्शकों को बिग बॉस की आंखें, उनका सिर, दिल और सांस भी दिखेंगी। यानी इस बार घर तीन हिस्सों में बंटा हुआ नजर आएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस सीजन में शामिल होने वाली जोड़ियां बिग बॉस के दिल में होंगी।



### प्रशंसकों का आशीर्वाद ही मेरे जीवित रहने और काम करने का कारण है : अमिताभ



**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन बुधवार को 81 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यही उनके 'जीवित रहने और काम करने' का कारण है। बिग बी ने अपने ब्लॉग में घर के बाहर प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए कई तस्वीरें साझा की। एक फोटो में सिने आइकन को माला पहने हुए दिखाया गया है। अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने लिखा, जब अभिभूत हो तो उन भावनाओं को व्यक्त करना सबसे मुश्किल काम होता है।" बिग बी ने कहा कि सभी का आशीर्वाद ही मेरे जीवित रहने और काम करने का कारण है, और क्या मैं कभी भी इन आशीर्वादों के योग्य बन पाऊंगा।

### 'तेजस' के ट्रेलर में कंगना के शानदार परफॉर्मेंस ने पांचवें राष्ट्रीय पुरस्कार की भविष्यवाणी को दी हवा

**अभिनेत्री** कंगना रनौत भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म 'तेजस' के साथ एक बार फिर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार पर अपनी नजरें जमाती दिख रही हैं। अभिनेत्री पहले ही चार राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम कर चुकी हैं। फिल्म के ट्रेलर ने इंटरनेट पर काफी सुर्खियां बटोरी है, जिससे फैंस, आलोचक और नेटिजन्स आश्चर्यचकित हैं। इस बात की चर्चा छिड़ गई है कि इस ट्रेलर के साथ कंगना को अपना पांचवां राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। भारतीय वायु सेना दिवस पर जारी किए गए ट्रेलर में कंगना को एक उच्च जोखिम वाले मिशन के लिए नियुक्त लड़ाकू पायलट की भूमिका में दिखाया गया है। कंगना के किरदार ने अपने सम्मोहक प्रदर्शन से काफी ध्यान आकर्षित किया है। अपने किरदार की तैयारी के प्रति उनका समर्पण, उनके उग्र संवाद और उनकी आकर्षक ऑन-स्क्रीन उपस्थिति ने मिलकर उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार की दौड़ में शुरूआती पसंदीदा बना दिया है। 'फैशन', 'क्वीन', 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' और 'मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी' में उनके अभिनय के लिए पहले ही उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। इनमें से प्रत्येक भूमिका ने उनकी बहुमुखी प्रतिभा और अपने पात्रों में पूरी तरह से डूब जाने की उनकी क्षमता को प्रदर्शित किया। आरएसवीपी द्वारा निर्मित, यह फिल्म सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखित और निर्देशित है। तेजस 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



## रणनीति

### वायु सेना 97 तेजस खरीदने की दिशा में आगे बढ़ रही है

# मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट पर नजर

**सौदे के लिए फ्रांसीसी डसॉल्ट एविएशन, अमेरिकी बोइंग और स्वीडिश सॉब कंपनियां मुख्य दावेदार**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना 97 और तेजस खरीदने के लिए आगे बढ़ रही है लेकिन उसकी नजरें मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (एमआरएफए) पर टिकी हैं। वायु सेना एमआरएफए की फाइल को रक्षा मंत्रालय के पास ले जाने के लिए सरकार के संकेत का इंतजार कर रही है। इस सौदे के लिए फ्रांसीसी डसॉल्ट एविएशन, अमेरिकी बोइंग और स्वीडिश सॉब तीन मुख्य दावेदार हैं, जिनमें सबसे आगे फ्रांसीसी कंपनी है। भारत ने इसी कंपनी से 4.5 पीढ़ी के 36 राफेल



विमानों के लिए 2016 में सौदा किया था, सभी विमान वायु सेना के बेड़े में शामिल किये जा चुके हैं।

दरअसल, भारतीय वायुसेना ने 2007 में ही अपने लड़ाकू बेड़े में 126 मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमएमआरसीए) की कमी होने की जानकारी देकर रक्षा मंत्रालय के सामने खरीद का प्रस्ताव रखा था। बाद में सिर्फ 36 राफेल विमानों का सौदा फ्रांसीसी द डसॉल्ट एविएशन के साथ किया गया। इस तरह 126 के बजाय 36 विमानों का सौदा होने से वायुसेना के बेड़े में 90 विमानों की कमी बरकरार रही। इसलिए वायु सेना ने नए प्रकार के सिंगल इंजन वाले 114 एमएमआरसीए खरीदने की योजना बनाई। दुनियाभर की कई बड़ी रक्षा कंपनियों ने इस सौदे के लिए दिलचस्पी भी दिखाई, जिनमें फ्रांसीसी डसॉल्ट एविएशन, अमेरिकी बोइंग और स्वीडिश सॉब कंपनी प्रमुख हैं।

रक्षा संसदीय समिति ने भी सरकार को भारतीय वायु सेना के लिए बगैर देरी किये पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने पर विचार करने की सलाह दी है। समिति का मानना है कि वायु सेना को भविष्य में होने वाले संभावित संघर्षों के लिए अगली पीढ़ी के टेक-रेडी कॉम्बैट जेट की जरूरत है, इसलिए सरकार को अतिरिक्त लड़ाकू जेट्स की खरीद में देरी नहीं करनी चाहिए। समिति ने सरकार से पूछा है कि वायु सेना के लिए फाइटर जेट्स खरीदने में देरी क्यों की जा रही है।

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने सालाना प्रेस कांफ्रेंस में बताया था कि अब हम 97 और एलसीए मार्क-1ए विमान चाहते हैं, जिसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह सौदा पूरा होने के बाद हमारे पास 180 एलसीए होंगे। भारतीय वायु सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एचएएल को ऑर्डर किए गए 83 तेजस के अलावा 97 और तेजस खरीदने के प्रस्ताव का एमआरएफए योजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वायु सेना ने अपनी लड़ाकू संपत्तियों को मोटे तौर पर 42 स्क्वाड्रन में परिभाषित किया है जबकि मौजूदा समय में उसके पास सिर्फ 30 स्क्वाड्रन हैं।

वायु सेना 2025 तक मिग-21 की 4 स्क्वाड्रन को चरणबद्ध तरीके से खत्म कर रही है, जिससे स्क्वाड्रन की ताकत धीरे-धीरे कम होती जा रही है। इसके अलावा अधिकांश मौजूदा स्क्वाड्रन का तकनीकी जीवन समाप्त हो रहा है, जिससे वायु सेना की लड़ाकू क्षमता पर असर पड़ने की संभावना है।

## गागर में सागर

### राज्यपाल से मिले विधायक कमलेश, सौंपा ज्ञापन



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को विधानसभा सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने राजभवन में भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को एक ज्ञापन के माध्यम से पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड में डिग्री कॉलेज भवन निर्माण के एक वर्ष से अधिक होने के बावजूद भी शिक्षा प्रारम्भ नहीं होने पर ध्यान दिलाया।

### आईडी टीवी इंद्रधनुष का वीडियो जर्नलिस्ट लापता



**रांची।** आईडी टीवी इंद्रधनुष का वीडियो जर्नलिस्ट पतरस लकड़ा के लापता होने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। पतरस लकड़ा बुधवार शाम को ऑफिस से घर के लिए निकला था लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार पतरस लकड़ा जब देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसे कॉल लगाया लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद उसके परिजनों ने बरियातू थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी। पतरस लकड़ा का स्कूटी, हेलमेट सहित अन्य समान चिरौदी पहाड़ के पास से बरामद हुआ है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## पृष्ठ एक के शेष

**खिलाड़ियों को प्रयास जायजा नहीं...**

प्रतियोगिता का आयोजन झारखण्ड में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल विभाग ने जोहार खिलाड़ी पोर्टल की शुरूआत भी की है, यह पोर्टल देश का पहला ऐसा पोर्टल है जहां खेल और खिलाड़ियों का डेटा एकत्रित कर उन्हें हर सम्भव मदद किया जाएगा। इस पोर्टल में खिलाड़ी और प्रशिक्षकों का पूर्ण विवरण होगा। इस अवसर पर पर्यटन, कला-संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि राज्य में नई खेल नीति बनने के बाद पहली बार खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के बीच सम्मान राशि का वितरण किया जा रहा है। आज 222 खिलाड़ी तथा 52 प्रशिक्षकों के बीच लगभग 5 करोड़ रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप उन्हें प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य के खिलाड़ियों को एक बेहतर दिशा की ओर आगे बढ़ाया जा रहा है। आने वाले समय में भी खेल विभाग मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बेहतर कार्य योजना बनाते हुए खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के हित में प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, विभागीय सचिव मनोज कुमार, नगर आयुक्त अमित कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव सहित कई पूर्व ओलंपियन खिलाड़ी, सम्मानित हुए खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**अब सम्मान राशि के रूप में कम से कम...**

तय किया है। अब कोई भी पुरस्कार 50 हजार से कम का नहीं है और इसकी अधिकतम सीमा पांच करोड़ रुपए तक सरकार ने की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो शारीरिक रूप से ठीक नहीं है और खेल के प्रति जिनका रुझान है उनके लिए भी खेल प्रतिस्पर्धा हेतु अलग व्यवस्था बनाएंगे।

**आठ वर्ष के बच्चे का शव कुंए...**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही बच्चे की मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा। बावजूद पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।


**पहले दिन मां दुर्गा के पहले...**

है। जो भक्त इस अनुष्ठान का पालन करते हैं उन्हें मृत्यु के देवता, भगवान यमराज का आशीर्वाद भी मिलता है जिसके कारण उनका परिवार सभी प्रकार की बुरी और नकारात्मक ऊजाओं से सुरक्षित रहता है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, जो श्रद्धालु अपने पूर्वजों की मृत्यु के 15 दिनों के भीतर उनका श्राद्ध नहीं कर पाते हैं या यदि पूर्वजों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है, तो महालया अमावस्या 2023 के दिन तर्पण किया जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन पूर्वज भक्तों के घर आते हैं और उन्हें उनके लिए श्राद्ध कर्म करने का आशीर्वाद देते हैं। यदि श्रद्धालुओं द्वारा श्राद्ध कर्म नहीं किया जाता है तो पितर अप्रसन्न होकर वापस लौट जाते हैं।

**माओवादियों ने रेल लाइन निर्माण में...**

उठाया, 15 लोगों का मोबाइल छीन लिया और कैंप के एक रूम में सभी को बंद कर दिया। गाड़ी से डीजल निकाल कर वाहनों में आग लगा दिया। इसके बाद चार राउंड फायरिंग करते हुए जंगल की ओर निकल गए। उग्रवादियों ने घटनास्थल पर एक पर्चा भी छोड़ा। पर्चा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मारवाड़ी लिखा हुआ है। इसमें धमकी दी गई है कि कोई भी सरकारी कार्य बिना आदेश का नहीं करें। जानकारी मिलते ही कटकमसांडी थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने वरीय अधिकारियों को भी अवगत कराया और फोन कर फायर ब्रिगेड को भी बुलाया। जब तक पुलिस एवं फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंची तब तक वाहन पूरी तरह जल चुके थे। आसपास खड़े अन्य वाहनों को तुरंत दूसरी जगह ले जाया गया। कर्मियों ने कहा कुछ उग्रवादी पुलिस की तरह वर्दी पहने हुए थे जबकि कुछ लोग सादे कपड़े में और मास्क लगाए हुए थे। सभी 40 कर्मियों से मोबाइल लूट लिया। साथ ही भागुराम और मोछू मिस्त्री के साथ मारपीट भी किया। शिवपुरी कठौतिया रेलवे लाइन निर्माण कार्य में लगी रॉयल इंफ्रा कंट्रोल लिमिटेड कोलकाता प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि उग्रवादी घटना में कंपनी के चार हाईवा, एक रोड रोलर, दो डीजल टैंकर एक ट्रैक्टर डोजर को जलाया गया है जबकि एक दर्जन से अधिक वाहनों पर डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास किया गया। इन वाहनों में मामूली क्षति हुई है।

# सरला बिरला स्कूल के छात्रों का जिला स्तरीय 'कला-उत्सव' में शानदार प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय कला-उत्सव 2023- 24 में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की छात्रा अवनि चैधरी ने शास्त्रीय नृत्य (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं के ऋतुराज रॉय ने विजुअल आर्ट टू डाइमेंशनल (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान, कक्षा दसवीं की रोहिणी राज ने लोकगीत (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान तथा कक्षा नवम के सार्थक लाल ने लोकगीत (बालक वर्ग) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 11वीं कक्षा के साहिल ने अवनद्य वाद्य-संगीत वादन (बालक वर्ग) में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अवनि चैधरी, ऋतुराज रॉय और रोहिणी राज को कला-उत्सव के राज्य स्तर के लिए भी चयनित किया गया। सरला बिरला पब्लिक स्कूल अपने छात्रों की उपलब्धि पर गौरवान्वित है। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों के परिश्रम और लगन की प्रशंसा की और उन्हें कला और संस्कृति के प्रति समर्पण के लिए प्रोत्साहित किया।

### हाई कोर्ट ने एडवोकेट एसोसिएशन के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड स्टेट बार काउंसिल द्वारा बनाए गए मॉडल रूल को चुनौती देने वाली एडवोकेट एसोसिएशन की याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि इसी तरह का एक मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इस पर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा वाले खंडपीठ ने कहा कि चूंकि इस तरह का एक मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए मामले की अगली सुनवाई 18 जनवरी, 2024 निर्धारित की जाती है। साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता एडवोकेट एसोसिएशन, झारखंड हाई कोर्ट के खिलाफ अगली सुनवाई तक पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। सुनवाई के दौरान बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा, बीसीआई के सदस्य प्रशांत कुमार सिंह, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण एवं एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष रितु कुमार एवं सचिव नवीन कुमार ने पैरवी की।

## e- Procurement Cell
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT
JHARKHAND, RANCHI**

**Notice Inviting Tender, (Very Short Notice)**

**ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

Tender Reference No.-(26)BCD/CIR-2/RANCHI/GARHWA,DIV/2023-24 Date:-12-10-2023

| क्र०सां० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Repair & Renovation of Alpsankhya Boy's Hostel at Garhwa . | रू० 55,97,200.00 | 06 महीना |
| i. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 17-10-2023 | |
| ii. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 25-10-2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii. | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 26-10-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक | |
| iv. | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 26-10-2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची, कम्बाईन्ड, ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| vi. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9955921643/7091481590 | |
| vii. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 | |

- इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhand tenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer, e- Procurement Cell
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 309020 Building Dept Circle - 2(23-24)#D

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा
**समग्र शिक्षा अभियान
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401
दूरभाषः (06541) 253924
इमेल–chatrajepc@ymail.com**

**आम सूचना**

विज्ञापन संख्या JEP/1278 दिनांक 11.10.2023 के माध्यम से जिले में संचालित 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, चतरा में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं अन्य गैर–शैक्षिक पदों पर संविदा आधारित चयन हेतु अभ्यर्थियों से अंकित शर्तो के अधीन विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 30.10.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समग्र शिक्षा अभियान,प्रखण्ड परिसर चतरा में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी NIC चतरा के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।

रिक्ति निम्नवत है :–

| Sl.No | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका हिन्दी (भाषा) | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका अंग्रेजी (भाषा) | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका (गणित) | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका विज्ञान (विषय समूह–जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका विज्ञान (विषय समूह–भौतिकी विज्ञान एवं गणित) | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका (कम्पयूटर) | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 9 | पूर्णकालिक लेखापाल | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 10 | सपोर्ट स्टाफ(आदेशपाल–एवं रात्रि प्रहरी) | 2 | 1 | 1 | - | - | - | 2 |
| 11 | मुख्य रसोईया | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 12 | सहायक रसोईया | 3 | 2 | 1 | - | - | - | 3 |
| | कुल | 15 | 13 | 2 | | | | 15 |

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झा0शि0प0,चतरा

PR 309021 (Jharkhand Education Project Council)23-24*D

### लौकिक भलाई के लिए साहसिक कदम उठाते थे कार्डिनल : फेलिक्स टोप्पो

**रांची।** आर्चबिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के लिए विगत बुधवार को लोयला मैदान में दफन की मिस्सा हुई। हजारों लोग शामिल हुए। पूरा मैदान भरा हुआ था। कार्डिनल टोप्पो लोगों की आध्यात्मिक और लौकिक भलाई के लिए साहसिक कदम उठाते थे। अपने गुणों के कारण वे पुरोहित से धर्माध्यक्ष, धर्माध्यक्ष से महाधर्माध्यक्ष और फिर कार्डिनल के पद से विभूषित किये गये। वे भारत के प्रथम आदिवासी कार्डिनल बने। एक कार्डिनल के रूप में विश्वव्यापी कलीसिया और भारत की कलीसिया की सेवा की। उन्होंने संपूर्ण कलीसिया की अगुवाई की। सचमुच प्रभु का मार्ग तैयार किया। आर्चबिशप ने कहा कि एक ओर हम उनके वरदानपूर्ण जीवन के लिए ईश्वर को धन्यवाद दे रहे हैं।

## झारखण्ड सरकार
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, कृषि निदेशालय, झारखण्ड
कार्यालय-जिला कृषि पदाधिकारी, गुमला**

गुमला जिला के सभी कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्नवत् है :–

| S. No. | Company Name | Urea Ind./Imp. | DAP Ind./Imp. | MOP | SSP | Complex 20:20:0:13 | Complex 12:32:16 | Complex 16:16:16 | Complex 14:28:00 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/KRIBHCO | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550.00 |
| 6 | PPL | 266.50 | 1350.00 | 1700.00 | - | 1250.00 | - | 1250.00 | - |
| 7 | MATRIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Hurl | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | - | - | 1250.00 | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - |

नोट :–
1. यूरिया की प्रति बोरी 45 KG Pack size की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 KG Pack size होती है ।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/जिला कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में इसकी शिकायत कर सकते है ।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत् सख्त कार्रवाई की जायेगी ।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गुमला

PR308942 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)23-24*D

### छात्र हित में चांसलर पोर्टल पुनः खोले विश्वविद्यालय : आजसू

**रांची।** बृहस्पतिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू)का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष सुदेश कुमार साहू से मुलाकात कर उनसे यूजी सत्र 23-27 में रिक्त सीटों के लिए चांसलर पोर्टल पुनः खोलने की मांग की। रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहां के बिना सूचना दिए हुए अचानक से चांसलर पोर्टल बंद करना कहीं से भी उचित निर्णय नहीं है जबकि विश्वविद्यालय के कई महाविद्यालय के कई विभागों में बहुत मात्रा में सीट खाली पड़ी हुई है। आगे श्री शुक्ल ने कहा की अगर इस मांग पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विचार कर छात्र-छात्राओं के हित में निर्णय नहीं लिया गया तो अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) छात्र हित में आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## समाहरणालय, गढ़वा
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आम–सूचना**

मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 के तहत् मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण एवं मतदान केन्द्र भवन/स्थल का परिवर्त्तन प्रस्ताव विभाग को प्रेशित की गई थी। विभागीय पत्रांक 5006 दिनांक 08.10.2023 द्वारा मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण एवं मतदान केन्द्र भवन/स्थल का परिवर्त्तन प्रस्ताव अनुमोदन हेतु भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को भेजा गया है। विभागीय पत्रांक 5025 दिनांक 10.10.2023 से प्रेशित प्रस्ताव का अनुमोदन भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा किये जाने की सूचना दी गई है। संलग्न सूची में गढ़वा जिला के प्रशासनिक क्षेत्र में अवस्थित 081–भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का 2 मतदान केन्द्र तथा 76–डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के 1 मतदान केन्द्र का भवन/स्थल परिवर्त्तन प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है। मतदान केन्द्रों का विवरण निम्नवत् है:–

| विधानसभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | पूर्व में अनुमोदित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्त्तमान में अनुमोदित मतदान केन्द्र संख्या एवं नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 76–डालटनगंज | 407–प्रा0 वि0 सालो, दक्षिणी भाग, पुराना भवन | 407–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गड़िया |
| 81–भवनाथपुर | 129–बोकारो माईन्स उच्च विद्यालय, सिन्दुरिया उत्तरी भाग (पुराना भवन) | 129–सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर, भवनाथपुर नगरी (पूर्वी भाग) |
| 81–भवनाथपुर | 130–बोकारो माईन्स उच्च विद्यालय, सिन्दुरिया दक्षिणी भाग (पुराना भवन) | 130–सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर, भवनाथपुर नगरी (पश्चिमी भाग) |

अतः इस विज्ञापन के माध्यम से सभी आम जनों/मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि अपने क्षेत्र के उक्त संशोधित मतदान केन्द्रो पर अपना मतदाता पहचान–पत्र संबंधी कार्य एवं निर्धारित तिथियों को मतदान करना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR.NO.308997 Election(23-24):D

## कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी,गढ़वा

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,झारखण्ड सरकार,रॉची के राज्यादेश संख्या 26/कृषि दिनांक 08.8.2022 के आलोक में झारखण्ड के सभी जिला में चैम्बर ऑफ फार्मर्स का गठन किया जाना है।

विभागीय संकल्प के आलोक में जिला सहकारिता पदाधिकारी,गढ़वा के पत्रांक 194 दिनांक 02.8.2023 के द्वारा चैम्बर ऑफ फार्मर्स जिला स्तरीय सहयोग समिति लि0,गढ़वा का निबंधन कर लिया गया है। निबंधन के 90 दिनों के अंदर की उक्त समिति की प्रारम्भिक आम सभा किया जाना है।

प्रारम्भिक आम सभा का कार्यक्रम निम्न है –

1. दिनांक – 30.10.2023
2. समय – 11.00 बजे पूर्वाह्न
3. स्थान – कृषि विभाग,गढ़वा का सभा कक्ष।

चैम्बर ऑफ फार्मर्स जिला स्तरीय सहयोग समिति लि0,गढ़वा के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं स्थान पर ससमय अपने सदस्य रसीद एवं आधार कार्ड के साथ भाग लेना सुनिश्चित करें।

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 308992 Co-opretive (23-24)_D

## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर।
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**आम–सूचना**

**"स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता–2023"**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूजा एवं त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालूओं की भीड़ एवं पंडालों के इर्द–गिर्द ठोस अपशिश्ट का बढ़ना आम बात है। जिसको कम करने का उत्तरदायित्व आम नागरिकों का भी है। उक्त प्रयास में आगामी दुर्गा पूजा में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतू "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। निकाय अन्तर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता का मूल्यांकन दिनांक 20 से 24 अक्टुबर 2023 के दौरान निकाय अन्तर्गत गठित टीम/समिति के द्वारा नीचे दिए तालिका में अंकित मापदंडो के आधार पर किया जाएगा। मापदंड निम्नवतः है:–

| क्र0सं0 | मापदंड | अंक |
|---|---|---|
| 01 | Single Use Plastic का प्रयोग निषेध। | 15 |
| 02 | प्रसाद वितरण हेतू कागज, पत्ता अथवा अन्य बायोडिग्रेडेबल सामग्री का प्रयोग। | 15 |
| 03 | पूजा पंडाल/परिसर में सफाई हेतू सफाई मित्र की भागीदारी। | 10 |
| 04 | पूजा पंडाल/परिसर में गीले तथा सू खे कचरें को पृथक रखने हेतू पर्या्प्त सं0 में हरे तथा नीले कुड़ेदानों की व्यवस्था एवं प्रयोग। | 20 |
| 05 | स्वच्छता संबंधित विज्ञापन पटों की व्यवस्था। | 10 |
| 06 | जूलुस के दौरान न्युनतम प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन। | 10 |
| 07 | विसर्जन घाट पर न्युनतम अपशिष्ट उत्पादन। | 20 |
| | कुल | 100 |

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिशद बिश्रामपुर।

PR 309010 District(23-24)D

## कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा।
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर मान्यता प्राप्त नर्सिंग एवं आई0टी0आई0 शैक्षणिक संस्थानों के लिए शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण एवं अध्ययनरत छात्र/छात्राओं हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना**

**सूचना**

झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर मान्यता प्राप्त नर्सिंग एवं आई0टी0आई0 शैक्षणिक संस्थानों के लिए शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण एवं उक्त शैक्षणिक संस्थानों में सत्र–2022–23 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रकियात्मक कार्रवाई से पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के कम में पूर्व से निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है :–

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्यवाही | ई–कल्याण पोर्टल पर कारवाई के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1. | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 23.10.2023 |
| 2. | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 03.11.2023 |
| 3. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 10.11.2023 |

नोट :– नर्सिंग एवं आई0टी0आई0 शैक्षणिक संस्थानों के अलावा अन्य शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन देने पर स्वीकार नहीं किए जाऐंगे।

शेष दिशा निर्देश Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 308994 (Lohardaga) 23-24 (D)

## ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप में मिली सबसे बड़ी हार

# द. अफ्रीका ने 134 रनों से रौंदा

**एजेंसी। लखनऊ**

दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी क्रिकेट विश्व कप मैच में 134 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 311 रन बनाए, इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 40.5 ओवर में 177 रन ही बना सकी। 312 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही। टीम के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श और डेविड वॉर्नर शुरूआत से ही अफ्रीका के तेज गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए नजर आए। मिचेल मार्श 15 गेंद में 7 रन बनाकर आउट हुए। इसके अगले ओवर में वॉर्नर 13 के निजी स्कोर पर पवेलियन लौटे। स्टीव स्मिथ और मार्नस के बीच साझेदारी पनप रही थी लेकिन स्टीव स्मिथ एलबीडब्ल्यू हो गए। जोश इंग्लिस को रबाडा ने क्लीन बोल्ड किया। ग्लेन मैक्सवेल 3 रन ही बना सके। मार्कस स्टायनिस ने 5 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डिकॉक के दमदार शतक की बदौलत 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 311 रन बनाए हैं। अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक ने 106 गेंद में 109 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे सफल गेंदबाज ग्लेन मैक्सवेल रहे, उन्होंने 10 ओवर में 34 रन देकर दो विकेट लिए। मिचेल स्टार्क ने दो विकेट चटकाए। इसके जवाब 312 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत बेहद खराब रही है। टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डिकॉक और तेम्बा बावुमा ने शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी हुई। बावुमा 35 रन बनाकर आउट हुए। डुसेन 26 रन पर पवेलियन लौटे। क्विंटन डिकॉक ने 90 गेंद में शतक पूरा किया। क्विंटन डिकॉक 106 गेंद में 109 रन बनाकर आउट हुए। डिकॉक के आउट होने के बाद मार्करम और क्लासेन ने पारी को संभाला और दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई। एडन 56 रन बनाकर आउट हुए। हेनरिक 29 रन ही बना सके। मार्को ने 26 रन की अहम पारी खेली। डेविड मिलर आखिरी ओवर में क्लीन बोल्ड हुए।





क्विंटन डिकॉक
106 गेंद
109 रन

## स्कोर बोर्ड

| साउथ अफ्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक | 109 | 106 | 8 | 5 |
| तेम्बा बवूमा | 35 | 55 | 2 | 0 |
| रासी वान दर दुसें | 26 | 30 | 2 | 0 |
| एडन मारक्रम | 56 | 44 | 7 | 1 |
| हेनरिक क्लासेन | 29 | 27 | 3 | 0 |
| डेविड मिलर | 17 | 13 | 1 | 1 |
| मार्को यानसन | 26 | 22 | 3 | 1 |
| कगिसो रबाडा | 0 | 1 | 0 | 0 |
| केशव महाराज | 0 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 13, **कुल :** 311/7 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-108, 2-158, 3-197, 4-263, 5-267, 6-310, 7-311. डीआरएस
**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 9-1-53-2, जॉश हेजलवुड 9-0-60-1, ग्लेन मैक्सवेल 10-1-34-2, पैट कमिंस 9-0-71-1, ऐडम जैम्पा 10-0-70-1, मिचेल मार्श 1-0-6-0, मार्कस स्टॉयनिस 2-0-11-0

| ऑस्ट्रेलिया | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श | 7 | 15 | 0 | 0 |
| डेविड वॉर्नर | 13 | 27 | 2 | 0 |
| स्टीव स्मिथ | 19 | 16 | 4 | 0 |
| मार्नस लाबुशेन | 46 | 74 | 3 | 0 |
| जॉश इंग्लस | 5 | 4 | 1 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 3 | 17 | 0 | 0 |
| मार्कस स्टॉयनिस | 5 | 4 | 1 | 0 |
| मिचेल स्टार्क | 27 | 51 | 3 | 0 |
| पैट कमिंस | 22 | 21 | 4 | 0 |
| ऐडम जैम्पा | 11 | 16 | 1 | 0 |
| जॉश हेजलवुड | 2 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 17, **कुल :** 177/10 (40.5 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-27, 2-27, 3-50, 4-56, 5-65, 6-70, 7-139, 8-143, 9-175, 10-177. डीआरएस
**गेंदबाजी :** लुंगिसानी एनगिडी 8-2-18-1, मार्को यानसन 7-0-54-2, कगिसो रबाडा 8-1-33-3, केशव महाराज 10-0-30-2, तबरेज शम्सी 7.5-0-38-2

## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | एनआरआर | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 2 | 2 | 0 | +1.958 | 4 |
| पाकिस्तान | 2 | 2 | 0 | +0.927 | 4 |
| अफगानिस्तान | 2 | 0 | 2 | -1.907 | 0 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 0 | 2 | -1.846 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | -0.653 | 2 |
| भारत | 2 | 2 | 0 | +1.500 | 4 |
| साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | +2.360 | 4 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | -1.161 | 0 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | -1.800 | 0 |
| इंग्लैंड | 2 | 1 | 1 | +0.553 | 2 |

# चेपॉक पर न्यूजीलैंड को बांग्लादेश के स्पिनरों से रहना होगा सावधान



**एजेंसी। चेन्नई**

आत्मविश्वास से ओतप्रोत न्यूजीलैंड टीम को विश्व कप में अपनी स्थिति और मजबूत करने के लिये चेपॉक की धीमी पिच पर बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार के मैच में स्पिनरों से सावधान रहना होगा। न्यूजीलैंड (प्लस 1 . 958), भारत (प्लस 1.5) और पाकिस्तान (प्लस 0.92) के चार चार अंक है लेकिन रनरेट के मामले में कीवी टीम आगे है। इस मैच को जीतने पर उनकी स्थिति और मजबूत हो जाएगी। नियमित कप्तान केन विलियमसन और तेज गेंदबाज टिम साउदी के आने से न्यूजीलैंड का आक्रमण और मजबूत हुआ है। दोनों इंग्लैंड और नीदरलैंड के खिलाफ नहीं खेल सके थे और विलियमसन की जगह टॉम लाथम ने कप्तानी की थी। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन अब एसीएल चोट से उबर चुके हैं और साउदी भी अंगूठे की सर्जरी के बाद अब फिट हैं। कीवी टीम के सामने हालांकि अब चयन की दुविध होगी क्योंकि विलियमसन की जगह तीसरे नंबर पर उतरे रचिन रविंद्र ने एक शतक और एक अर्धशतक बनाया। अब उसे बाहर करना मुश्किल होगा।

शीर्षक्रम के बल्लेबाजो विल यंग, डेवोन कोंवे और डेरिल मिशेल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। वैसे एम ए चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर न्यूजीलैंड को रनों की काफी जरूरत होगी क्योंकि भारत और आस्ट्रेलिया के बीच रविवार को खेले गए मैच में पिच से टर्न मिल रही थी। ऐसे में स्पिनरों की भूमिका अहम हो सकती है।

पिछले मैच में इंग्लैंड से हारने के बावजूद बांग्लादेश की ताकत उसके स्पिनर साबित हो सकते हैं। कप्तान शाकिब अल हसन, मेहदी हसन और मेहदी हसन मिराज ने दो मैचों में 11 विकेट लिए हैं। उनसे इस प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद होगी। न्यूजीलैंड के पास भी मिचेल सेंटनेर हैं जो इस विश्व कप में सर्वाधिक सात विकेट ले चुके हैं।

बांग्लादेश को अपने सीनियर बल्लेबाजो शाकिब, मुशफिकुर रहीम, लिटन दास और नजमुल शांतो से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। तेज गेंदबाजी में न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी है जिसके पास ट्रेंट बोल्ट, मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्युसन जैसे गेंदबाज हैं। आईपीएल की वजह से उन्हें यहां के हालात की अच्छी जानकारी भी है। दोनों टीमों का वनडे में 41 बार सामना हुआ है और न्यूजीलैंड ने 30 बार जीत दर्ज की है , बांग्लादेश ने दस मैच जीते और एक बेनतीजा रहा।

### टीमें इस प्रकार है

**बांग्लादेश :** शाकिब अल हसन (कप्तान), लिट्टन दास, तंजीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शंटो, तौहीद हृदय, मुशफिकुर रहीम, महमूदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नासुम अहमद, महेदी हसन, तास्किन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, हसन महमूद, शरीफुल इस्लाम और तंजीम हसन साकिब।

**न्यूजीलैंड :** केन विलियमसन (कप्तान), टॉम लाथम, डेवोन कोंवे, विल यंग, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनेर, ईश सोढी, टिम साउदी, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी।

# दोस्ती में बदली विराट कोहली व नवीन-उल-हक की लड़ाई

## देखकर फैंस को नहीं हुआ यकीन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

खेल भावना का दिल छू लेने वाला प्रदर्शन करते हुए, क्रिकेट जगत में अफगानिस्तान के नवीन-उल-हक और भारत के विराट कोहली के बीच एक अलग नजारा दिखा। इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान मैदान पर तीखी नोकझोंक के कुछ महीनों बाद, कोहली और नवीन ने बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में 2023 विश्व कप मैच के दौरान अपने बीच पैदा हुए मतभेद को खत्म कर दिया। आईपीएल 2023 के दौरान कोहली और नवीन एक दूसरे से भिड़ गए थे। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी इस विवाद का असर दिखा था।

मगर, विराट फैंस ने लगातार नवीन को टारेगट किया। चाहे मैदान कोई भी हो जब भी यह अफगानिस्तानी खिलाड़ी विराट फैंस के सामने आता तो वो 'कोहली...कोहली' के नारे लगाने शुरू कर देते थे।

जब वर्ल्ड कप मैच के दौरान अफगानी गेंदबाज एक बार फिर विराट कोहली के साममे आया तो फैंस के बीच भी हलचल तेज हो गई। विराट कोहली और नवीन उल हक के बीच टक्कर सबको देखनी थी, लेकिन जो हुआ उसकी उम्मीद शायद किसी को नहीं थी। भारतीय पारी के 26वें ओवर के दौरान दोनों खिलाड़ी आमने-सामने आए लेकिन इस बार किसी तरह का गुस्सा या किसी तरह की नाराजगी नहीं थी। न विराट इस गेंदबाज के खिलाफ ज्यादा रन बना पाए और ना हीं ये गेंदबाज विराट को आउट कर पाया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने हाथ मिलाया, हंसते-हंसते एक दूसरे से कुछ बात की, फिर गले भी मिले। इससे पहले, विराट ने अपने फैंस की ओर इशारा करते हुए नवीन को ट्रोल करने से मना भी किया था। एक प्रशंसक ने एक्स पर लिखा, विराट कोहली का खूबसूरत इशारा। एक अन्य प्रशंसक ने टिप्पणी की, मैच का सर्वश्रेष्ठ क्षण।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता एक नवम्बर से

**रांची।** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पंचायत से लेकर राज्यस्तरीय होगा। इस संबंध में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को खेल कैलेंडर के अनुसार प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्देश दिया है। साथ ही पंचायत स्तरीय और प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन से संबंधित फोटोग्राफ्स, वीडियो क्लिप्स जिला खेल पदाधिकारी को जमा करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता इस वर्ष कुल पांच स्तर पर आयोजित की जायेगी। इनमें पंचायत, प्रखंड, जिला, जोनल और राज्य शामिल हैं। पंचायत स्तर की प्रतियोगिताएं एक नवम्बर से 18 नवम्बर, प्रखंड स्तर की प्रतियोगिताएं 28 नवम्बर से 06 दिसम्बर, जिला स्तर की प्रतियोगिता 11 दिसम्बर से 24 दिसम्बर, जोनल स्तर पर 17 दिसम्बर से 20 दिसम्बर और राज्य स्तर पर 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक आयोजित की जायेगी।

# भारत को मिली 2025 एशियाई आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप की मेजबानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत को 2025 में एशियाई आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (पीएएफआई) ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। यह घोषणा वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में आयोजित एशियाई कांग्रेस के दौरान की गई थी। इस कांग्रेस में अध्यक्ष प्रीति झंगियानी के नेतृत्व में पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन द्वारा रखे गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। यह निर्णय भारत के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और आर्म रेसलिंग की दुनिया में भारत की बढ़ते कद को दशार्ता है। यह इवेंट पूरे एशिया से एथलीटों को एक साथ लाएगा और वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल कौशल का प्रदर्शन करेगा। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया वर्तमान में इस चैंपियनशिप को आयोजित करने के लिए भारत के विभिन्न शहरों पर विचार कर रहा है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। प्रीति ने 2025 में भारत को एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी देने को लेकर गर्व और सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम 2025 में एशियाई आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करने को लेकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हम इसे लेकर उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट यह शीर्ष एथलीटों को प्रतिस्पर्धा करने और भारत में एक खेल के रूप में आर्म रेसलिंग को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा। इस टूर्नामेंट के माध्यम से, सभी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल और वे क्या करने में सक्षम हैं, दिखाने का अवसर मिलेगा। यह देश भर के एथलीटों को भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे कि वे अपने देश के लिए गौरव लाने का काम कर सकें।"



हाल ही में संपन्न 44वीं विश्व आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2023 और 25वीं पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीय दल ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया। 24 अगस्त से 3 सितंबर तक अलमाटी (कजाकिस्तान) में आयोजित इस इवेंट में भारतीय दल ने 11 पदक जीते, जिसमें तीन स्वर्ण, छह रजत और दो कांस्य शामिल हैं। भारतीय दल में 39 एथलीट और चार अधिकारी शामिल थे, जो पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## भारतीय सब जूनियर पुरुष-महिला टीमें नीदरलैंड के रोमांचक दौरे के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीमें नीदरलैंड में रोमांचक संघर्ष के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहां वे 13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक अलग-अलग आयु वर्ग की टीमों से भिड़ेंगी। दोनों टीमें शुक्रवार देर रात सीनियर ईडीई पुरुष और महिला टीमों के खिलाफ अपने पहले दौरे की शुरूआत करेंगी। रोमांचक मुकाबलों की श्रृंखला में, भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम एक बार नीदरलैंड बॉयज अंडर-18 और दो बार नीदरलैंड बॉयज अंडर-16 से भिड़ेगी। इस बीच, भारतीय सब जूनियर महिला टीम एक बार नीदरलैंड गर्ल्स अंडर-18 और दो बार नीदरलैंड गर्ल्स अंडर-16 के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके अलावा, इस दौरे के दौरान, भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला दोनों टीमें नीदरलैंड में सीनियर क्लब टीमों के खिलाफ अपनी क्षमता का परीक्षण करेंगी। इन युवा भारतीय प्रतिभाओं का नेतृत्व सक्षम हाथों में है।

**उम्मीद** — नीरज चोपड़ा ने 90 मीटर का आंकड़ा पार करने पर कहा

# किशोर जेना और मैं इसे एक साथ करेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने उम्मीद जताई कि वह साथी भारतीय एथलीट किशोर जेना के साथ भाला फेंक में वांछित 90 मीटर के निशान को पार कर सकते हैं। नीरज ने हाल ही में समाप्त हुए 19वें एशियाई खेलों में 88.88 मीटर के थ्रो के साथ अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया था। एकमात्र एथलीट जो नीरज के साथ प्रतिस्पर्धा करने के करीब आए थे, वह कोई और नहीं बल्कि उनके हमवतन किशोर जेना थे। ओडिशा के रहने वाले जेना ने बैक-टू-बैक थ्रो में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पुरुषों की भाला फेंक फाइनल स्पर्धा में 87.54 मीटर के साथ नीरज के सीजन के सर्वश्रेष्ठ 88.88 मीटर के करीब पहुंच गए।




भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा बुधवार को आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान, जिसमें केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी शामिल हुए, नीरज ने 90 मीटर चुनौती के बारे में बात की, उन्होंने कहा, जहां तक 90 मीटर का सवाल है तो मुझे अपने प्रशिक्षण पर भरोसा है और मैं इसे जल्द ही पूरा करने में सक्षम होऊंगा। सभी मीडियाकर्मियों को बधाई क्योंकि आप एक बार फिर से प्रश्न पूछ सकते हैं। लेकिन मैं इसे करने में सक्षम होऊंगा और मुझे उम्मीद है कि जेना और मैं इसे एक साथ करेंगे।

नीरज 2015 के बाद पहली बार हैदराबाद गए और इस राज्य में शुरू हुई अपनी यात्रा के बारे में बात की।

उन्होंने कहा, हां, यह एक बहुत ही कठिन यात्रा रही है और दिलचस्प बात यह है कि ओलंपिक में जगह बनाना कैसा होगा इसका पहला विचार मेरे मन में सबसे पहले 2015 में इसी शहर में आया था जब मैंने जूनियर फेड कप प्रतियोगिता में भाग लिया था और स्वर्ण पदक जीता था।

चोपड़ा ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, इस स्तर तक पहुंचने के लिए मुझे बहुत प्रयास करना पड़ा, ध्यान केंद्रित रखना पड़ा और अनारक्षित डिब्बों में ट्रेनों में यात्रा करना और कई अन्य साथी एथलीटों के साथ आवास साझा करना जैसी कई कठिनाइयों को पार करना पड़ा।

## प्रिशा शिंदे राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की प्रिशा शिंदे ने डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में चल रही राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल में बड़ा उलटफेर किया, जब उन्होंने शीर्ष वरीयता प्राप्त तमिलनाडु की दिव्या रमेश को हराया, जबकि तेलंगाना के रितिक कटकम ने भी गुरुवार को अपना विजयी क्रम जारी रखा। लड़कियों के अंडर-14 वर्ग में खेलते हुए प्रिशा ने शुरू से ही मैच पर पूरा नियंत्रण रखा और दिव्या को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस बीच, लड़कों के अंडर-14 वर्ग में नंबर 1 वरीय रितिक कटकम ने अंतिम आठ में कर्नाटक के दिगंत एम को 6-0, 6-0 से हराकर एक और शानदार जीत दर्ज की। लड़कों के अंडर-16 वर्ग में भी शीर्ष स्तर की टेनिस प्रतिस्पर्धा देखी गई, जिसमें तमिलनाडु के थिरुमुरुगन वी ने गुजरात के कबीर चोथानी को सीधे सेटों में 6-4, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# चोटिल सोफी मोलिनेक्स डब्ल्यूबीबीएल से बाहर



**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स बाएं घुटने में एसीएल की चोट से उबरने के कारण महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी सीजन में मेलबर्न रेनेगेड्स की टीम का हिस्सा नहीं हैं। पिछले साल के डब्ल्यूबीबीएल सीजन में मेलबर्न डर्बी के दौरान सोफी के बाएं घुटने में एसीएल टूट गया था। हालांकि, उन्होंने रेनेगेड्स के साथ अपना अनुबंध अगले दो वर्षों के लिए बढ़ा दिया है, लेकिन वह आगामी सीजन का हिस्सा नहीं होगी।

ऑस्ट्रेलिया ए टीम के इंग्लैंड दौरे के बाद तेज गेंदबाज तायला व्लामिनक के कंधे में चोट लगने के बाद वह दूसरी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं, जिन्हें इस साल के डब्ल्यूबीबीएल में रेनेगेड्स की टीम से बाहर किया गया है।

मैं वास्तव में निराश हूं क्योंकि मैं इस सीजन के लिए फिट और समय पर उपलब्ध नहीं हो पाऊंगी, लेकिन इस प्रक्रिया के दौरान क्लब ने मुझे जो समर्थन दिया है। उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं।

मेलबर्न रेनेगेड्स के महाप्रबंधक जेम्स रोसेनगार्टन ने कहा, हम इस साल उसे मैदान पर देखना पसंद करेंगे, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि सोफी पूरी तरह से फिट होकर लौटें और मैदान के बाहर समूह में उसका नेतृत्व भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा।